डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | कार्तिक शुक्ल पक्ष 15, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 15 नवंबर 2024, वर्ष-31, अंक- 31, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

झारखंड स्थापना दिवस की ढेरों बधाईयां

# दूसरे चरण में 38 सीटों पर राजग और इंडी गठबंधन में सीधी लड़ाई

***झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में 20 नवंबर को 38 विधानसभा सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण में 38 सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इस चरण के लिए कुल 528 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 55 महिलाएं भी शामिल हैं। 18 नवंबर को चुनाव प्रचार थमेगा। इस चरण के लिए नामांकन और नाम वापसी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। मालूम हो कि इस चरण की मुख्य लड़ाई संताल परगना की 18 सीटों में होनी है जहां गत चुनाव में भाजपा को महज 4 सीटें मिली थीं जबकि झामुमो को 9 और कांग्रेस को 5 सीटें मिली थीं। इस बीच गुरुवार से राजग और इंडी गठबंधन फिर से चुनाव प्रचार में सक्रिय हो गई है। पहले दिन इंडी गठबंधन के दोनों प्रमुख दलों कांग्रेस और झामुमो ने घुसपैठिए के मुद्दे पर नरमी दिखाई, तो भाजपा ने घुसपैठ को आदिवासी अस्मिता के सवाल से जोड़ते हुए करारा हमला बोला। कांग्रेस ने घुसपैठियों को भी 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने की बात कही वहीं झामुमो भाजपा पर आदिवासी-मूलवासी को घुसपैठिया कहने का आरोप लगाया। वहीं भाजपा ने कांग्रेस-झामुमो और राजद को घुसपैठियों और रोहिंग्या के संरक्षक बताया।***

### घुसपैठियों को भी देंगे 450 रुपये में गैस सिलेंडर

### झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर का 'घुसपैठिया प्रेम', मचा सियासी बवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में घुसपैठियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर के एक बयान पर सियासी बवाल मच गया है। मीर ने बेरमो विधानसभा सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, इस बार हमारी सरकार बनते ही एक दिसंबर से सभी लोगों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। सिलेंडर देने में ना हिंदू देखा जाएगा, ना मुसलमान और ना घुसपैठिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी का शेष पेज 11 पर

> मीर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का प्रयास कर रहे हैं चुनाव आयोग को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। कांग्रेस के चुनावी मंचों से खुलेआम बांग्लादेशी घुसपैठियों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर दिए जाने की घोषणा की जा रही है। यदि कांग्रेस-झामुमो सत्ता में आई तो आदिवासियों-मूलवासियों का हक और जमीन घुसपैठियों को दे देगी।
> **बाबूलाल मरांडी, झारखंड भाजपा अध्यक्ष**

### भाजपा आदिवासी मूलवासी को बोलता है घुसपैठिया : हेमंत सोरेन



**दुमका।** जिले के मसलिया प्रखंड के मसानजोर पंचायत के आश्रम चापुड़िया फुटबाल मैदान में गुरुवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा वाले आदिवासी–मूलवासी को घुसपैठिया बोलता है। उन्होंने कहा कि यहां के गरीबों के बारे में किसानों के बारे में हमलोगों से अधिक कोई नहीं जान सकता है। यहां कोई बीमार हो जाये, बच्चा का स्कूल में दाखिला कराना हो या शेष पेज 11 पर

### हेमंत सरकार का ध्यान यहां घुसपैठियों को बसाने पर : अमित शाह



**गिरिडीह।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को गिरिडीह में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में राज्य की शेष पेज 11 पर

### घुसपैठियों और रोहिंग्या के संरक्षक हैं कांग्रेस-झामुमो और राजद : योगी आदित्यनाथ



**धनबाद।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को झारखंड के धनबाद जिले के निरसा, बोकारो और बेरमो विधानसभा सीटों पर चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए झारखंड की मौजूदा शेष पेज 11 पर

### प्रथम चरण के किसी भी बूथ पर पुनर्मतदान नहीं : के रवि कुमार

**रांची।** निर्वाचन सदन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में कहा कि प्रथम चरण के 43 विधानसभा सीटों पर संपन्न मतदान के बाद इवीएम, वीवीपैट आदि स्ट्रांग रूम पहुंच चुके हैं, उन्हें सील कर दिया गया है। स्ट्रांग रूम की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। सभी 15 जिलों के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में एक-एक कंपनी अर्द्धसैनिक बल तैनात हैं।

उन्होंने प्रथम चरण के शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि किसी भी बूथ पर पुनर्मतदान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मतदान आशानुरूप हुआ, लेकिन शहरी क्षेत्र में कम मतदान हुआ है। आगे के चुनाव को ध्यान में रखकर निर्वाचन आयोग शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर फोकस कर काम करेगा, हालांकि 2019 के विधानसभा चुनाव से इस बार 3 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है। उन्होंने कहा कि 43 सीटों पर हुए मतदान का प्रतिशत 66.48 रहा है। इंड ऑफ पोल डेटा में मामूली बढ़ोत्तरी संभावित है। वहीं पोस्टल बैलेट का पूरा डेटा आने के बाद मतदान प्रतिशत में आंशिक बढ़ोत्तरी होगी।

# लावारिस ट्रक से बरामद हुआ 647 किलोग्राम डोडा, बाजार मूल्य 1.03 करोड़ रुपये

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना पुलिस को जोरकट इलाके में लावारिस हालत में एक ट्रक मिला। जब पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली, तो उसमें 647 किलोग्राम डोडा बरामद हुआ, जिसकी बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ 3 लाख 50 हजार रुपये है। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद, उन्होंने ट्रक की जांच शुरू की। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक पिछले 7-8 दिनों से वहां खड़ा था। सूचना मिलने पर प्रभारी राय मौके पर पहुंचे और ट्रक का नंबर देखकर उसके मालिक का पता लगाने की कोशिश की।




तलाशी में 40 बोरी डोडा पाया गया, जिसके बाद पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया और वजन करने के लिए उसे ले गई। ट्रक का कुल वजन 647 किलोग्राम निकला। उन्होंने आगे बताया कि ट्रक पर जो नंबर प्लेट लगी थी, वह महाराष्ट्र की थी, जो कि संदिग्ध थी। जब उसी नंबर प्लेट से ट्रक के मालिक से संपर्क किया गया, तो उन्होंने दावा किया कि उनकी गाड़ी घर पर खड़ी है। इसके बाद पुलिस ने ट्रक के इंजन और चेसिस नंबर को डीटीओ को भेजा है ताकि ट्रक के मालिक का पता चल सके।

### तस्करों के खिलाफ छानबीन कर रही पुलिस : उत्तम कुमार



सदर थाना प्रभारी ने डोडा की बाजार में कीमत 1 करोड़ 3 लाख 50 हजार रुपये बताई और कहा कि मामले की आगे की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। शीघ्र ही ट्रक मालिक का पता चल जायेगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल पुलिस संदेह के आधार पर कई लोगों से पूछ-ताछ कर रही है।

# अंधविश्वास के कारण मां ने दुधमुंही बच्ची की हत्या की, आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में खड़ार पर गांव में हृदयविदारक घटना प्रकाश में आया है, जहां एक मां ने अंधविश्वास और तांत्रिक सिद्धि प्राप्त करने को लेकर गले दबाकर अपनी बेटी की निर्मम हत्या कर दी। घटना मंगलवार की देर रात की बताई जाती है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना हुसैनाबाद थाना को दी। सूचना मिलते ही हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव दल बल के साथ उक्त गांव में पहुंचकर आरोपी मां गीता देवी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। शव को अपने कब्जे में लेकर बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव के उसके परिजनों को सौंप दी। ग्रामीणों के अनुसार उक्त महिला देर रात अपने घर से अपनी बच्ची को लेकर निकली थी, लोगों ने जब पूछा तो बताया की तबीयत खराब है, लेकिन देर रात जब वह घर लौट रही थी, तो वह निर्वस्त्र होकर आ रही थी। पुलिस के पहुंचने पर महिला से पूछताछ करने पर उसने बताया की बच्ची मर गई थी। इसलिए उसे सिकनी पहाड़ के पास दफना दिया है। पुलिस उक्त स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी मां को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर जेल भेज दिया। इस घटना के खबर सुनकर आस पास इलाकों के लोगों में शेष पेज 11 पर

### आज कल




# आज झारखंड का 24वां स्थापना दिवस, होंगे कई कार्यक्रम

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 15 नवंबर को झारखंड अपना 24वां स्थापना दिवस मनायेगा। साल 2000 में इसी दिन बिहार से अलग करके झारखंड राज्य बनाया गया था। इसके साथ ही झारखंड देश का 28वां राज्य बना था। इस साल झारखंड राज्य अपना 24वां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया जायेगा। इस अवसर पर राज्यभर में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंग। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने झारखंड के स्थापना दिवस पर राज्य के सभी निवासियों तथा देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग अपने श्रम, साहस और आत्मनिर्भरता के लिए जाने जाते हैं एवं राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि झारखंड प्रगति की दिशा में निरंतर आगे बढ़ता रहे और यहां के लोग सुख, समृद्धि और खुशहाली की ओर अग्रसर रहें। बताते चलें कि 15 नवंबर झारखंड के भगवान माने जाने वाले धरती बाबा बिरसा मुंडा का जन्मदिन भी है। इस वर्ष उनकी 150वीं जयंती पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जा रही है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी। इसे लेकर पूरे देश में कार्यक्रम होने हैं। धरती आबा बिरसा मुंडा के पैतृक गांव उलिहातू के बिरसा ओड़ा में भगवान बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा समेत पूरे गांव के लोग विधिविधान से पूजा-अर्चना कर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके बाद भगवान बिरसा की जीवनी पर प्रकाश डालेंगे। भगवान बिरसा मुंडा के परपोते सुखराम मुंडा ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के लिए उलिहातू के आसपास लगभग 12 गांव के ग्रामीणों ने विशेष व्यवस्था की है। इसके तहत उलिहातू में चार स्थानों पर गेरने, तुबिल, गसर, सेलदा, लेपसेर, बाड़ी, बाड़ी निजकेल, कंटडापीढ़ी और लुपुंगडीह के 12 अखाड़ा में बिरसा रास का आयोजन होगा, जहां रातभर ग्रामीण नृत्य और गीतों के जरिए भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाएंगे।



**झारखंड का राजकीय पशु : हाथी**

**झारखंड का राजकीय पक्षी : कोयल**

**झारखंड में कुल 24 जिले, पांच प्रमंडल हैं**

**झारखंड का क्षेत्रफल 79,716 वर्ग किमी है**

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पर रोक लगाने की याचिका खारिज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पर रोक लगाने का आग्रह करने को लेकर दायर जनहित याचिका को झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। इससे पहले हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच ने राज्य सरकार एवं प्रार्थी का पक्ष सुना। सिमडेगा निवासी विष्णु साहू ने अधिवक्ता राजीव कुमार के माध्यम से यह याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया है कि आने वाले कुछ माह में झारखंड विधानसभा चुनाव होना है। सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के अनुसार राज्य सरकार किसी व्यक्ति विशेष को सीधे अकाउंट के माध्यम से पैसे नहीं दे सकती है। राज्य सरकार पब्लिक के परपस के लिए पैसा दे सकती है क्योंकि जनता के टैक्स के पैसे से ही सरकार चलती है। सरकार का काम पैसा को उस योजना में लगाना है, जिससे पब्लिक का फायदा हो, किसी को सीधे पैसा देना सही नहीं है। उनकी ओर से यह भी कहा गया है कि चार माह से वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन जैसी पेंशन की योजनाएं नहीं चल रही हैं। विधानसभा चुनाव में वोटरों को प्रभावित करने के लिए यह योजना शुरू की गई है। उल्लेखनीय है कि मंईयां सम्मान योजना से 40 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ चुकी हैं। राज्य सरकार द्वारा महिलाएं और बुजुर्ग महिला को आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिए यह योजना शुरू की गई है। जिसके तहत किसी घर में तीन महिलाएं और बुजुर्ग हैं तो सरकार सालाना 60 हजार रुपये देगी।

### इंडिया

# 24 साल का झारखंड कहां जाना था और कहां पहुंचा?



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

झारखंड में किसी से भी बात करिए पलक झपकते सरकार से लेकर नेताओं और अधिकारियों की समीक्षा कर देगा और यदि थोड़ा पढ़ा लिखा व्हाट्सएप चलाने वाला है तो अपने धर्म, मजहब, पहचान या जल जंगल जमीन को खतरे में बताने के सोशल मीडिया ज्ञान का कचरा आपके सामने उड़ेल देगा। इन एकतरफा या अधूरे कचरे का लाभ सबसे ज्यादा दूर बैठे चतुर खिलाड़ी उठाते हैं जो किसी प्रोडक्ट से लेकर व्यक्ति का चरित्र हनन कर सकते हैं, राजनीति की दिशा बदल सकते हैं। इनमें से कुछ बातें सही भी होती हैं जो निष्पक्ष पत्रकारों द्वारा तार्किक ढंग से रखी जाती हैं। कुछ एजेंडा पत्रकारिता भी होती हैं जो भड़काऊ बातें किसी व्यक्ति विशेष के पक्ष या विपक्ष में कथित विशेषज्ञों से कहलाई जाती हैं। इनके प्रभाव से दुर्भाग्य रहा कि यहां दो सरकारों ने ही अपना कार्यकाल पूरा किया। अधिकतर जोड़-तोड़कर सरकारें बनाई जाती रही जिस कारण राजनीतिक दलों सारा ध्यान कुर्सी बचने पर ही रहा। ऐसे में जनता की सुध लेने का समय ही नहीं मिला। पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने ईमानदारी और धरातल की राजनीति से विकास की लंबी लकीर खींची पर कथित डोमिसाइल के मुद्दे पर उनकी कुर्सी गईं प्रचारित हुआ जबकि मामला तत्कालीन पांच मंत्रियों की ब्लैकमेलिंग का था जिसके आगे बाबूलाल ने मुख्यमंत्री छोड़ना तक स्वीकार कर लिया। ये सारे मंत्री और एक सूत्रधार जो पैरों में घुँघरू बंधाने की बात कर रहे थे आज राजनीतिक परिदृश्य से गायब हैं जबकि बाबूलाल पर आजतक भ्रष्टाचार का आरोप तक नहीं लगा । रही डोमिसाइल की तो तब की बहाली जो विवाद में आई थी वह धनबाद में जिला स्तर पर सिपाहियों की बहाली के कारण आई थी जिसमें बिहार के जमाने का संकल्प था की जिला स्तर पर बहालियों में उसी जिले के लोगों को लिया जाएगा। 24 साल बाद भी झारखंड नामराशि पार्टियों सहित नवोदित झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा जिसके सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो ने अपने जनसमर्थन और पिछले लोकसभा में बड़े जनसमर्थन से बड़ी लकीर खींची है 1932 आधारित खतियान को ही झारखंड की नागरिकता का आधार मान रहे हैं झामुमो ने




तो इसे बड़ा मुद्दा बनाया है और जबकि इसकी व्यवहारिकता पर कोर्ट से लेकर संथाल परगना और कोल्हान तक में विरोध के स्वर इस आधार पर उठे कि अंतिम सर्वे सेटलमेंट राज्य के अलग झअलग हिस्सों में अलग वर्षों में हुए जिसका कोई सर्वमान्य हल नहीं निकाल गया। रघुवर सरकार ने भी पांच वर्षों का कार्यकाल पूरा किया और हेमंत सोरेन ने भी पर दोनों ने इसे सर्वमान्य नहीं बनाकर मुद्दा बनाकर ही रखा जिसपर आज भी राजनीति हो रही है। लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि स्थानीयता तय भी हो जाएगी तो सरकारी नौकरियां कहां हैं? यहां के युवा करोड़ों खर्च कर इंजीनियरिंग, मेडिकल, आईटी या मैनेजमेंट की पढ़ाई करने बाहर जाते हैं और उन्हीं राज्यों में या विदेशों में बस जाते हैं क्योंकि यहां जान देंगे जमीन नहीं के नारों के साथ बहुराष्ट्रीय से लेकर भारतीय कंपनियों का भारी विरोध किया जाता है जबकि 1908 में स्थापित तात स्टील ने अपने सौ से अधिक सालों में झारखंड में औद्योगीकरण से इसकी पहचान बनाई। इसके पास स्थित चाईबासा आज भी अपनी बदहाली और बेरोजगारी पर रो रहा है जहां विकास के नाम पर सरकारी लूट हुई है और खनिज खदान के मामले में अनेक बड़े लोग जेल तक गए । कारखानों की जननी कहे जानेवाली एचईसी कुव्यवस्था और सरकारी भ्रष्टाचार के कारण बंदी की कगार पर है । ऐसे में सरकारी नौकरी के लॉलीपॉप के बजाय देश के अन्य भागों की तरह यहां निवेश को बढ़ावा देने की नीति की अवश्यकता है जिससे बैंगलुरु की तरह यह भी अंतरराष्ट्रीय व्यपार केंद्र बन सके और यहां के बच्चों को अन्य राज्यों में पढ़ाई या नौकरी के लिए भटकना न पड़े। देश की 40 % खनिज संपदा जिस राज्य में हो वहां के लोगों का पलायन और मानव व्यापार का सबसे बड़ा केंद्र होना इसके विकास की पोल खोलता है पर यहां के अधिकांश नेता आज भी मुख्य मुद्दों के बजाय भावनात्मक मुद्दों पर ही केन्द्रित राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल जी ने ग्रेटर रांची के लिए स्थल चयन कराया था ताकि एक साथ अस्तित्व में आए छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड की तरह नई राजधानी बने तो जिला मुख्यालय से राजधानी बने रांची में भीड़ कम हो पर उनके बाद आए अर्जुन मुंडा, शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन या रघुवर दास ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और आज भी स्मार्ट सिटी के नाम पर अरबों रुपए की लागत से धुर्वा इलाके में मंत्रियों के महलनुमा घर तो बन रहे हैं पर रांची ट्रैफिक के मामले में नर्क बनी हुई है। मुख्यमंत्री के खाते में तीन साल में कांटाटोली फ्लाईओवर बनवाना जरूर बड़ी उपलब्धि है जैसे रातू रोड में केंद्र सरकार का निमार्णाधीन एलिवेटेड कॉरीडोर है पर जमाना मेट्रो का है जिससे आसपास के शहरों को जोड़कर रांची के ट्रैफिक दबाव को कम किया जा सकता था साथ ही शहरीकरण का फैलाव कर गुरुग्राम या नोएडा की तरह एक सुंदर समृद्ध झारखंड बनाया जा सकता था।

# देवघर से धनबाद जा रहे वाहन से आयकर विभाग ने बरामद किया 25 लाख

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** देवघर से धनबाद जा रहे एक वाहन से आयकर विभाग की टीम ने गुरुवार को 25 लाख रुपया बरामद किया है। इससे पहले इसी वाहन की पुलिस ने जांच भी की थी, लेकिन पुलिस को रूपया बरामद नहीं हुआ था। यह मामला गिरिडीह जिला के देवरी मोड का है। जहां आयकर विभाग ने एक गाड़ी की स्टेपनी में छिपाकर रखे गए 25 लाख रुपए जब्त कर लिए. हालांकि पुलिस को जांच के दौरान उस गाड़ी से रुपए नहीं मिले थे। आयकर विभाग फिलहाल रुपए के स्त्रोतों की जांच कर रहा है।

**आयकर विभाग को मिली थी गुप्त सूचना :** आयकर विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि देवघर से धनबाद की तरफ जा रहे एक वाहन में रुपया है। सूचना मिलने के बाद आयकर विभाग ने देवघर से धनबाद जाने वाले सभी रास्तों की जानकारी गूगल मैप से ली। इसके बाद गिरिडीह पुलिस को वाहन में रुपया होने की सूचना दी। वहीं दूसरी तरह आयकर विभाग की क्यूआरटी को गूगल मैप के अनुसार देवघर के सभी रास्तों पर नजर रखने का निर्देश दिया। आयकर विभाग की ओर से दी गयी सूचना और गूगल मैप के अनुसार पुलिस ने देवड़ी मोड़ के पास गाड़ी को रोक कर जांच की और रुपए नहीं मिलने की वजह से उसे छोड़ दिया। इस बीच आयकर विभाग की क्यूआरटी भी वहां पहुंच गयी और गाड़ी रोक कर जांच की। जांच के दौरान गाड़ी में कहीं रूपया नहीं मिला, इसके बाद क्यूआरटी ने गाड़ी की स्टेपनी खुलवायी। जिसके बाद स्टेपनी में छिपा कर रखे गए 25 लाख रुपया बरामद किया।

## एक नजर

### फर्जी वोटिंग से मना करने पर मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलौदर स्थित प्राथमिक विद्यालय मतदान केंद्र संख्या 299 पर बुधवार को फर्जी वोटिंग से मना करने पर मारपीट मामले में स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। दर्ज प्राथमिकी में बेलौदर गांव के मोबीन अंसारी ने कहा है कि उक्त मतदान केंद्र पर मतदान के समय कुछ लोग फर्जी वोट करना चाह रहे थे। इसका विरोध किया गया। इस बात को लेकर मतदान समाप्त होने के बाद गांव के ही राहुल कुमार सिंह, विशाल कुमार सिंह, गौतम कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह, रितेश कुमार सिंह, रघुधिर कुमार सिंह, रौशन कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, सुनील सिंह, सूरज कुमार सिंह सहित करीब 20 अज्ञात लोगों ने लाठी डंडे के साथ हमला कर मारपीट किया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर तहकीकात की जा रही है।

# भ्रामक खबर फैलाने के आरोप में प्राथमिक दर्ज




**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र में मतदान कार्य के दौरान सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी को 75 पांकी विधानसभा के मतदान के दौरान ग्राम पूणार्डीह मतदान केंद्र संख्या 125 उरामवि के संबंध में गलत व भ्रामक खबर वायरल करने का मामला लेस्लीगंज थाना में दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार सहायक निवार्ची पदाधिकारी को चुनाव के दिन बुधवार को पूणार्डीह में ईवीएम मशीन के बैलेट यूनिट में लगे प्रत्याशियों की सूची पर सेलो टेप लगाकर वीडियो वायरल किया जा रहा है। सहायक निवार्ची पदाधिकारी ने तत्काल ही अपने सत्यापन में पाया कि ईवीएम मशीन के बैलेट यूनिट पर काला सेलो टेप नहीं लगा है। छानबीन करने पर सोशल मीडिया के माध्यम से विधानसभा वाला ईवीएम मशीन के बैलेट यूनिट का फोटो प्राप्त हुआ जिसपर काला सेलो टेप दिख रहा है। बूथ संख्या 125 ग्राम पूणार्डीह बूथ पर लिखा है। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि सहायक निवार्ची पदाधिकारी द्वारा दिए गए आवेदन पर लेस्लीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मोबाईल नंबर 8527050725 द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर प्रसारित किया गया था, जो पूरी तरह से गलत है। विधानसभा चुनाव जैसे संवेदनशील स्थिति में इस प्रकार से सोशल मीडिया पर गलत व भ्रामक फोटो टेपरिंग करके प्रसारित करना दंडनीय अपराध है।

### 18 प्रत्याशियों का किस्मत ईवीएम में कैद, जीत हार का समीकरण तेज

**हुसैनाबाद** पलामू जिले के हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के 18 प्रत्याशियों की किस्मत बुधवार को पहले चरण के मतदान के बाद ईवीएम में बंद हो गई। मतदाताओं के वोटिंग होने से प्रत्याशियों की धड़कने तेज हो गई है। प्रत्याशी अब तक नहीं समझ पा रहे हैं कि वास्तव में ज्यादातर मतदाता किस प्रत्याशी को अपना वोट दिए हैं। प्रत्याशियों द्वारा बूथ स्तर के कमेटी से मतदान केंद्रों पर हुई वोटिंग में से अपने पक्ष में अनुमानित वोट पड़ने के बारे में भी रिपोर्ट लेनी शुरू हो गई है। सब प्रत्याशी और उनके रणनीतिकार वोट मिलने के गुणा भाग लगाने में जुट गए हैं,लेकिन वह किसी निष्कर्ष पर सही ढंग से नहीं पहुंच पा रहे हैं। 23 नवंबर को होने वाले मतगणना पर अब प्रत्याशियों सहित कार्यकतार्ओं की नजरें टिक गई है। मतदाता किस प्रत्याशी को हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा सीट से ताज पहनाते हैं यह जानने की बेताबी बढ़ गई है। चौक चौराहों पर चचार्ओं का बाजार गर्म है। इस चुनाव में राजद, भाजपा व बसपा के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय कुमार सिंह, सपा से कमलेश यादव, भीम आर्मी से प्रभा देवी इस विधानसभा क्षेत्र से प्रमुख प्रत्याशी मैदान में हैं।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क हादसे में 6 गंभीर, एक बच्चे की मौत



इटखोरी(चतरा)। गुरुवार को इटखोरी थाना क्षेत्र के तेतरघाट पितीज के समीप बाइक सवार को बचाने के क्रम में बोलेरो वाहन दुर्घनाग्रस्त हो गई। जिसमें बोलेरो पर सवार ड्राइवर समेत 6 लोग गंभीर रुप से जख्मी हो गए। वहीं एक 4 वर्षीय बालक की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौक पर पहुंची और सभी घायलों को इटखोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवा। जहां डॉक्टरों द्वारा सभी घायलों को प्रथामिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घायलों व मृतक बच्चे के परिवार जन के रोने की चीत्कार से गूंज उठा। जानकारी के अनुसार सभी दसगत्र में शामिल होने के बाद चतरा बकोइया से बरही कटीयोन बोलोरो वाहन से जा रहे थे की दुर्घटना हो गई।

## जपला उत्तर कोयल नहर पर लोटनिया पुल बनी जानलेवा, लगातार हो रही हैं दुर्घटना, प्रशासन गंभीर नहीं

### एक सप्ताह पहले घटी घटना में दो लोगों की हुई हैं मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला से नवीनगर उत्तर कोयल नहर परियोजना से होकर जानेवाली मुख्य सड़क में लोटनिया व सोनबरसा गांव के समीप बनी तिरछा पुल पर सड़क जानलेवा साबित हो रहा है। जिसमें आये दिन दुर्घनाएं घट रही हैं। लेकिन सरकारी तंत्र या विभाग मौन है। बीते दिनों छठ के दिन भी एक दर्घटना घटी थी, जिसमें बिहार के दो युवकों की मौत हो गई थी। वहीं दूसरी घटना मतदान करने के दिन पूर्व उसी स्थान पर एक बाइक सवार गिर गया था, लेकीन संयोग अच्छी थी कि इस घटना में कोई नुकसान नहीं हुआ। पूर्व के एक वर्ष में इस नहर पर कई बार स्कूल के बच्चों से भरी वाहन भी दुर्घटना ग्रस्त हुआ था। अन्य कई घटनाओं की बात किया जाए तो दर्जनों दुर्घटना हुई है। कई लोगों की जान चली गयी।अभी वर्तमान में यह सड़क का नवनिर्माण कराया जा रहा है। परंतु पूरे नहर पर करीब 6 किलोमीटर से ज्यादा में दोनों तरफ खाई हैं वहीं सभी पूल के पास सड़क टेढ़ी हैं, जो दुर्घटना को सीधे तौर पर आमंत्रित करता हैं, लेकिन हैरत की बात है, इतनी घटना के बाद भी प्रसाशन गंभीर नहीं हो रहा हैं। न ही निर्माण कर रही कंपनी कोई सुरक्षा कवच रॉड सेफ्टी की व्यवस्था की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर प्रसाशन इस पर गंभीर नहीं हुई तो 23 नवंबर के बाद आंदोलन किया जाएगा।



# संत पॉल कान्वेंट स्कूल में बाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** रेहला संत पॉल कान्वेंट स्कूल में बाल दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत से पहले प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर कई प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। विजेता छात्र-छात्राओं के बीच पुरस्कारों का वितरण स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू ऐशले ने किया।श्री ऐशले ने बाल दिवस के बारे में बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर भी विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर सचिव रीना,प्राचार्य मोनिका एक्का,नूतन कुजूर, संजय तिवारी,प्रीति चौरसिया, जोस्मिता लाकड़ा, ऊषा रोमिता, फिलिसिया तिर्की, मनीष गुप्ता, संजय कुजूर, अल्बीना एक्का, इबरार अंसारी, प्रतिमा कुमारी, भूषण मिंज, गौतम कुमार, पूनम खलखो, नीतेश मिश्रा,आबिद अंसारी, नेहा तिर्की सहित सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्रा मौजूद थे।

### विवेकानंद पब्लिक स्कूल में मनाया गया बाल दिवस



विश्रामपुर आरापुर दुर्गा ऑफिस के सामने स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में बाल दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर के किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने केक काटकर प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन मनाया।स्कूल के निदेशक सह बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराम मिश्रा ने बताया कि बाल दिवस बच्चों की खुशियों,अधिकारों व उनके उज्वल भविष्य के लिए मनाया जाता है।उन्होंने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू को बच्चों से बहुत स्नेह व प्यार था। इसलिए उनके निधन के बाद उनके जन्मदिन 14 नवंबर को प्रति वर्ष बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौके पर प्राचार्य तृप्ति मिश्रा, उप प्राचार्य शैली कुमारी, नेहा वर्मा ,नितेश कुमार, पूजा कुमारी, दिलीप कुमार, सीता देवी, निशांत कुमार, प्रमोद कुमार सहित कई शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्रा मौजूद थे।

# भीमचूल्हा में कार्तिक पूर्णिमा पर आज सनातनियों का जमावड़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** दशकों पहले से मकर संक्रांति पर मेला को लेकर प्रसिद्ध महाभारत काल के भीमचूल्हा स्थल पर दो दशक से कार्तिक पूर्णिमा पर भी सनातन धर्मावलंबियों का जमावड़ा लगता आ रहा है। पुजारी गंगा तिवारी ने कहा पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होने से इस पावन दिवस पर कोयल नदी में डूबकी लगाने और मंदिरों में पूजा अर्चना को लेकर मेला सा दृश्य उपस्थित होने लगा है। आध्यात्मिक तौर पर महत्वपूर्ण दिवस के साथ साल के समापन की ओर अग्रसर होने की वजह से इस मौके लोगों की अधिक संख्या जुट जाती है। लोग स्नान के साथ ही पूजा अर्चना के बाद पार्क व आसपास के नयनाभिराम दृश्यों व विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भी लुत्फ उठाते हैं।

### कार्तिक पूर्णिमा का आध्यात्मिक महत्व

कार्तिक पूर्णिमा के आध्यात्मिक महत्व पर पंडित कुंडल तिवारी ने प्रकाश डाला है। उन्होंने एक श्लोक से इसकी शुरूआत की। इसमें उन्होंने कहा कि अशेष संसार विहार हीन-मादित्यं पूर्ण सुखाभिरामम। समस्तसाक्षिं तमसः परस्ता-नारायणं विष्णुमहं भजामि। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा सनातन धर्मावलंबियों के लिए सबसे पवित्र व शुभ दिवस माना गया है। शास्त्रों में कुछ ऐसे भी काम बताए गए हैं, जिन्हें इस दिवस पर भूलकर भी नहीं करना चाहिए। इस महिने में महत्वपूर्ण व्रत त्योहार होने के साथ ही भगवान श्रीविष्णु चार मास की योग निद्रा से जागते हैं। जिसके बाद से शुभ-मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। देव दीपावली और गुरुनानक जयंती होने की वजह से उत्सव भी मनाया जाता है। इस दिन अगर कोई आपके द्वार पर आता है, तो उसे कभी भी खाली हाथ ना लौटाएं। गरीब, जरूरतमंद,असहाय, और बुजुर्गे को कटू वचन नहीं बोलने चाहिए। किसी का भी अपमान करनें से बचना चाहिए। ऐसा करने से देवी-देवता नाराज हो जाते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन सात्विक भोजन व ब्रम्हचर्य पालन का बड़ा आध्यात्मिक महत्व है। स्नान व दान-पुण्य के लिए इस दिवस को शुभ माना गया है। इस दिन चांदी के पात्र और दुध जैसी चीजों का दान भूलकर भी नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से चन्द्र दोष लगता हैं। इस बात का ध्यान रखना कि कार्तिक रात्रिकाल में किसी कमरे में अंधेरा न हो। इससे मां लक्ष्मी आपके द्वार से लौट जा सकती है।

### वोटर लिस्ट में गड़बड़ी से

# कई मतदाता मतदान करने से वंचित, आक्रोश जताया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** गोड़ाडीह पंचायत के कई बूथों के वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है। इसे एक खास समुदाय के ढ़ेर सारे मतदाताओं को मतदान से वंचित करने की साजिश बताया गया है। बताया गया कि बूथ नंबर 31 पर दर्जनों जीवित मतदाताओं को मृत घोषित कर दिया गया है। इस वजह से ऐसे मतदाता मतदान से वंचित रह गए हैं। इसे लेकर ऐसे मतदाताओं में भारी आक्रोश बताया गया है। इतना ही नहीं यह भी आरोप लगाया गया है कि बूथ नंबर 19-20 के सैकड़ों मतदाताओं के नाम को कहां भेज दिया गया है, कोई पता नहीं चला। इससे प्रभावित मतदाताओं को इन बूथों पर इधर-उधर काफी भटकने के बाद बैरंग ही वापस लौट जाना पड़ा था। इससे उन्हे हुई परेशानी को सहज ही समझा जा सकता है। इन बूथों के ऐसे मतदाताओं ने मामले की जांच कर इस दिशा में ठोस कार्रवाई करते हुए उन्हें न्याय देने और उन्हें उनके मौलिक अधिकार से वंचित करने के दोषियों के विरुद्ध भी कार्रवाई करने की मांग की है।

# मतदान में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक भागीदारी दिखाई

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के कुल 43 मतदान केंद्रों पर शाम 5 बजे तक 56.38 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की अधिक भागीदारी के आंकडे सामने आए हैं। जहां 10876 पुरुषों ने मतदान किया है। वहीं 11874 महिलाओं ने मतदान में इससे बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाई है। इस प्रकार इस प्रखंड के कुल 40351 में 22758 मतदाताओं ने मतदान किया है। सुबह से ही पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं को कतारबद्ध देखा गया था। इस प्रखंड में पुरुष 20900 व महिला मतदाताओं की संख्या 19451 है। बूथ नंबर-26 मतदान के लिहाज से टॉप पर रहा। जहां 71.31 प्रतशित मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। पहले से वोट बहिष्कार कर रहे बूथ-18 व 25 पर भी सहायक निवार्ची पदाधिकारी रणवीर कुमार व थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह की पहल के बाद क्रमशः 51.80 व 48.77 प्रतशित मतदान के आंकड़े सामने आए हैं।

# आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर खाक

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** जिले के चौनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर नई मुहल्ला के चिश्तीनगर के एक घर में बीती रात आग लग जाने से करीब 7 लाख की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। इस आगजनी में पांच लाख के टेंट हाउस के समान तथा दो लाख के घरेलू सामान जलकर खाक हो गए हैं। इस घटना से पीड़ित परिवार को काफी झटका लगा है और मुआवजा के साथ-साथ आरोपियों के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई है। पीड़ित परिवार ने इलाके के नशेड़ियों पर आग लगा देने की आशंका जताई है। घटना शहजाद अंसारी के घर में हुई। घटना के समय शहजाद, उनके भाई इकबाल अंसारी सहित परिवार के अन्य पुरुष सदस्य शादी के सिलसिले में बिहार के गया गए हुए थे। घर पर शहजाद की पत्नी, मां सहित अन्य महिलाएं थीं। शहजाद के भाई इकबाल ने गुरुवार को बताया कि उसके घर में लगातार घटनाएं हो रही हैं। चोरी की घटनाएं ज्यादा हो रही है। पहले भी आग लगा दी गई थी। बाहर से किसी के द्वारा आग लगा देने से नुकसान हुआ है। इकबाल ने प्रशासन से मामले में उचित कार्रवाई करने एवं मुआवजा देने का आग्रह किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सारी घटनाओं के पीछे नशेड़ियों का हाथ है। इकबाल ने बताया कि उसके घर में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी है। कुछ दिन पहले उसकी गाय तक चोरी कर ली गई थी। मुहल्ले में भी लगातार चोरी हो रही है, लेकिन पुलिस प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण घटनाएं रुक नहीं पा रही है।



## कार्यक्रम

### मिडिल स्कूल में पंडित जवाहरलाल नेहरु की जयंती मनाई

# बाल संसद की अगुआई में नेहरु की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की 135 वीं जयंती मनायी गयी। इसके पूर्व सर्वधर्म आधारित प्रार्थना, राष्ट्रगान, स्वच्छता हेतु संकल्प, संविधान की प्रस्तावना, विद्यालय पट्ट पर उल्लेखित सामान्य ज्ञान के वाचन के बाद, जेसीईआरटी द्वारा प्रेषित न्यूज, क्विज बताया गया था। बाल संसद की अगुआई में नेहरु की तस्वीर पर सभी शिक्षकों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि पंडित नेहरु का जन्म 14 नवंबर 1889 को भारत के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद 'प्रयागराज' में हुआ था। उत्कृष्ट जीवन शैली को परित्याग कर आजादी हेतु चल रहे आंदोलन में वे कूद पड़े थे। देश आजाद हुआ और प्रथम पीएम बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बच्चों से अतिशय प्रेम के कारण ही बच्चे इन्हें चाचा कहते थे। इनके जन्म दिन को ₹बाल दिवस₹ के रुप में भी मनाया जाता है। निष्कपट स्वभाव के कारण, बच्चे इन्हें चाचा कहते थे। डिस्कवरी आफ इंडिया पुस्तक के लेखक थे, इनका जन्म स्थल इलाहाबाद का आनंद भवन आज भी चर्चित है। उन्होंने कहा कि लाहौर अधिवेशन 26 जनवरी 1930 को पूर्ण स्वराज की मांग की थी। एचएम कन्हैया प्रसाद ने कहा कि ये महात्मा गांधी के करीबी भी थे और इन्हें मानते भी थे। यही कारण है कि जब देश आजाद हुआ तब पीएमपद हेतु सरदार बल्लभ भाई पटेल को जेबी कृपालानी से अधिक मत मिलने के बावजूद पंडित नेहरु पीएम को पीएम बनाया गया, इसके लिये गांधी जी को सर्वसहमति बनाना पड़ा। अमीरी में पलने के बावजूद गरीबों की आवाज बुलंद की। और सुविधाभोगी जीवन का परित्याग किया। स्वतंत्रता हेतु चल रहे आंदोलन में बढ़चढ़कर भाग लियें और जेल भी गये।उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को आत्मसात कर अपने जीवन में उतारने की जरुरत है। तभी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कम्प्यूटर शिक्षक प्रमोद मेहता ने भी उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला और बच्चों को उनकी जीवनशैली को आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। विद्यालय के शिक्षिकाओं में वरीय शिक्षिका पुष्पा कुमारी व आशा कुमारी ने भी श्रद्धांजलि अर्पित किया। बाल संसद के प्रधानमंत्री,शिक्षामंत्री और प्रत्येक वर्ग के मॉनिटरों ने भी पुष्पांजलि अर्पित किया।



**एलिट** पब्लिक बी.एड. कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा महाविद्यालय के पूर्ववर्ती एवं वर्तमान अभिभावकों को नैक (NAAC) के निरीक्षण में सहयोग करने के लिए महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. आर.पी. सिन्हा की ओर से ढेर सारी बधाई। साथ ही बिरसा मुंडा, गुरुनानक जी की जयंती पर आप सबों को ढेर सारी शुभकामनाएं।





अध्यक्ष
डॉ. आर.पी. सिन्हा
एलिट ग्रुप ऑफ इंस्टीच्युशन

# स्ट्रांग रूम में कैद हुई 86 प्रत्याशियों की किस्मत, कड़ी सुरक्षा में ईवीएम मशीनें

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के कॉलेज परिसर में स्थित स्ट्रॉन्ग रूम में पलामू के 86 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम मशीनों में कैद हो चुकी है। चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के बाद, सभी ईवीएम मशीनों को यहां सुरक्षित जमा किया गया है। इनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी अर्धसैनिक बलों को सौंपी गई है, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावनाओं को खत्म किया जा सके। स्ट्रांग रूम को जिला निर्वाचन पदाधिकारी की देखरेख में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सील किया गया है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा को अत्यंत प्राथमिकता दी जा रही है। इसकी निगरानी 24x7 वेब कैमरा और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत पकड़ा जा सके। सुरक्षा में लगे अधिकारियों ने बताया कि वे सतर्कता के साथ सभी नियमों का पालन कर रहे हैं। स्ट्रांग रूम में कोई भी अनधिकृत व्यक्ति प्रवेश न कर सके, इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। अर्द्धसैनिक बलों की कड़ी सुरक्षा के अलावा, सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को यह आश्वासन दिया गया है कि सुरक्षा और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने बताया कि बताया कि स्ट्रॉन्ग रूम को खोलने की प्रक्रिया केवल मतगणना के दिन ही होगी। उस दिन सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ही स्ट्रॉन्ग रूम का ताला खोला जाएगा, ताकि सभी को विश्वास हो कि चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की हेरफेर नहीं हुई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सुरक्षा के सारे प्रबंध मानक प्रक्रियाओं के अनुसार किए गए हैं और प्रशासन द्वारा इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



मतगणना के दिन की प्रक्रिया की भी पहले से योजना बना ली गई है, ताकि किसी भी स्थिति में कोई विवाद न हो। सभी राजनीतिक दलों को प्रशासन की इस पारदर्शी और सुरक्षित प्रक्रिया पर भरोसा दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारियां की हैं। अर्धसैनिक बलों के जवानों ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। ईवीएम मशीनों को सुरक्षित तरीके से स्ट्रॉन्ग रूम में जमा करने के बाद पलामू के 86 प्रत्याशियों का भविष्य उन मशीनों में कैद हो गया है। अब सभी प्रत्याशी और उनके समर्थक मतगणना के दिन का इंतजार कर रहे हैं, जब इन मशीनों में बंद वोटों की गिनती होगी और परिणाम सामने आएगा।

## बूढ़ापहाड़ में भारी मतदान लौटे मतदानकर्मी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** माओवादियों के गढ़ माने जाने वाले बूढ़ापहाड़ इलाके में इस बार विधानसभा चुनाव के दौरान बंपर वोटिंग हुई। यह क्षेत्र डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां नौ मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया था। मतदान के बाद सभी कर्मी सुरक्षित लौट आए हैं।

इस बार खास बात यह रही कि तीन दशक बाद बूढ़ापहाड़ के हेसातु गांव में एक नया मतदान केंद्र बनाया गया। हेसातु में कुल 752 मतदाता हैं, जिनमें से 524 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लोकसभा चुनाव के दौरान हेसातु में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था, जबकि विधानसभा चुनाव में यह आंकड़ा 70 प्रतिशत तक पहुंच गया। हेसातु बूढ़ापहाड़ का सबसे नजदीकी मतदान केंद्र है, लेकिन पिछले 30 वर्षों से यहां कोई मतदान केंद्र नहीं था।

बूढ़ापहाड़ इलाके में मतदान को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। लोग सुबह से ही लंबी कतारों में खड़े होकर वोट डालने पहुंचे। मतदान कर्मियों ने भी यह महसूस किया कि अब इस इलाके में माओवादी हिंसा का डर काफी कम हो गया है। सुरक्षा के लिहाज से मतदान के दौरान सीआरपीएफ की तैनाती सहित कड़ी व्यवस्था की गई थी, जिससे शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो सका।

## पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाई पंडित नेहरू की जयंती, आधुनिक भारत के निर्माता को दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस जनों ने नेहरू जी के चित्र पर माला-फूल अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



इस मौके पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि पंडित नेहरू आधुनिक भारत के निमार्ता थे, और देश की प्रगति में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पंडित नेहरू ने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने योजना आयोग की स्थापना की, विज्ञान और प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित किया, और तीन पंचवर्षीय योजनाओं की शुरूआत की, जिससे कृषि और उद्योग के क्षेत्र में नए युग का आरंभ हुआ।

पंडित नेहरू ने भारतीय स्वतंत्रता लीग की स्थापना की और इसके महासचिव बने, जिसका उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य से भारत को पूर्णतः स्वतंत्र करना था। 1929 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लाहौर सत्र में अध्यक्ष चुने गए, जहां उन्होंने देश की पूर्ण स्वतंत्रता के लक्ष्य को निर्धारित किया। आईआईटी और एम्स जैसे संस्थानों की स्थापना पंडित नेहरू के नेतृत्व में हुई, जो देश के शैक्षिक और स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त करने के उद्देश्य से की गई थी।

बिट्टू पाठक ने बताया कि पंडित नेहरू को बच्चों से विशेष स्नेह था, और बच्चे भी प्यार से उन्हें 'चाचा नेहरू' कहकर पुकारते थे। उनके जन्मदिन को हर वर्ष बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो बच्चों के प्रति उनके विशेष प्रेम को दशार्ता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ईश्वरी प्रसाद सिंह, शमीम अहमद, रायन राजेश चौरसिया, सत्येंद्र सिंह, नफीस खान, जितेंद्र कमलापुरी, विश्राम दुबे, गिरजा राम, उमेश यादव और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर चाचा नेहरू को किया गया याद

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में गुरुवार को बाल दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें भाषण और प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम रखा गया। शिक्षक प्रताप हलधर ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन और उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। छोटे बच्चों के लिए नृत्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा तृतीय तक के छात्रों ने भाग लिया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कुछ बच्चों ने नेहरू जी का स्वांग धारण कर प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह का संचार हुआ।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह ने छात्रों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पंडित नेहरू के व्यक्तित्व और उनके सिद्धांतों पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि चाचा नेहरू के जीवन के सद्गुणों को आत्मसात करना हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। बाल दिवस को नेहरू जी के जन्मदिवस के रूप में मनाना बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह को दशार्ता है। 14 नवंबर 1889 को जन्मे नेहरू जी को बच्चों और लाल गुलाब से अत्यधिक लगाव था, जो इस दिन को और खास बनाता है।

बाल दिवस के इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को मिष्ठान वितरित किया गया, जिससे सभी के चेहरे पर खुशी देखी गई। प्रातःकालीन सभा में बच्चों का उल्लास देखने लायक था। प्राचार्य ने कहा कि बाल दिवस न केवल बच्चों के सम्मान का दिन है, बल्कि यह युवा पीढ़ी के विकास और शिक्षा के महत्व को भी दशार्ता है, क्योंकि यही बच्चे भविष्य में देश के कर्णधार बनेंगे।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र उपस्थित थे, जिन्होंने बाल दिवस के आयोजन को सफल बनाया।

## मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे बंद, बीपीएल परिवारों को परेशानी

मनीष कुमार तिवारी

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 22 अक्टूबर से सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, और एक्स-रे मुफ्त में उपलब्ध नहीं होने से बीपीएल कार्डधारक और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि अस्पताल प्रशासन इस समस्या पर बेफिक्र नजर आ रहा है। मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में मणिपाल हेल्थ मैप के साथ सरकार के अनुबंध के तहत पहले बीपीएल या लाल कार्ड धारकों को सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, और एक्स-रे जैसी जांच सुविधाएं मुफ्त में मिलती थीं। इसके लिए लाभार्थियों को अपने राशन कार्ड और आधार कार्ड की फोटोकॉपी जमा करनी होती थी, जिससे उनकी पहचान बीपीएल परिवार के रूप में हो सके। हर दिन सैकड़ों लोग मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए आते हैं, लेकिन अब यहां कई मरीज और उनके परिजन निराश और परेशान दिख रहे हैं। पांकी थाना अंतर्गत पकरिया के निवासी अनवारूल होदा का कहना है कि पहले यहां सीटी स्कैन मुफ्त में होता था, लेकिन अब इसके लिए भुगतान करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है।




### सीटी स्कैन की व्यवस्था जल्द शुरू की जाएगी : डॉ. डी कुमार

अस्पताल अधीक्षक डॉ. डी. कुमार ने बताया कि मणिपाल हेल्थ मैप की राशि बकाया है और उन्हें बीच-बीच में भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार को तीन बार पत्र भेजा जा चुका है, लेकिन अभी तक पर्याप्त फंड नहीं मिला है, जिसके कारण सीटी स्कैन और एक्स-रे मुफ्त में नहीं हो पा रहे हैं। हालांकि, सरकारी व्यवस्था के तहत अल्ट्रासाउंड और बीपीएल परिवारों के लिए एक्स-रे अब भी मुफ्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीटी स्कैन की सरकारी व्यवस्था जल्द ही शुरू की जाएगी और इसके लिए स्थान चिन्हित किया जा चुका है। मणिपाल हेल्थ मैप के बकाया मुद्दे पर उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

वहीं, हरिहरगंज के सुल्तानी निवासी मुस्कान सोनी ने बताया कि पहले लाल कार्ड दिखाने पर जांच मुफ्त में हो जाती थी, लेकिन इस बार उनका राशन कार्ड और आधार कार्ड साथ लाने के बावजूद उन्हें सीटी स्कैन सहित पूरे शरीर की जांच के लिए लगभग 6500 रुपये की मांग की जा रही है। विश्रामपुर के रविरंजन ने निराशा जताते हुए कहा कि उनके पास इतनी रकम नहीं है और उन्हें बिना जांच कराए ही लौटना पड़ेगा। वहीं, परिसर में सलेरा खातून, अनवर अख्तर समेत कई अन्य आर्थिक रूप से कमजोर मरीज भी इसी समस्या से जूझ रहे हैं।

## ठंड की शुरूआत के बाद भी नहीं खोला गया सद्दीक मंजिल चौक स्थित आश्रय गृह



### दिसंबर से पहले चालू होगा आश्रय गृह : सिटी मैनेजर

सिटी मिशन मैनेजर सतीश कुमार ने जानकारी दी कि कोरोना काल के दौरान इस आश्रय गृह का इस्तेमाल किया गया था, लेकिन बाद में आसपास के कुछ लोगों द्वारा इसका दुरुपयोग किया गया, जिससे शौचालय और अन्य सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। इनका पुनः मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है, और दिसंबर से पहले इसे फिर से शुरू कर दिया जाएगा। रेलवे स्टेशन के पास बने नए आश्रय गृह को भी इसी दौरान चालू किया जाएगा ताकि ठंड से बचने के लिए लोगों को सुरक्षित जगह मिल सके।

रेवती रमण

**मेदिनीनगर।** ठंड की दस्तक के साथ ही शाम होते ही ठंड का एहसास बढ़ने लगा है। नगर निगम द्वारा सद्दीक मंजिल चौक के पास फुटपाथ पर रात बिताने वाले निराश्रितों और रिक्शाचालकों के लिए आश्रय गृह का निर्माण कराया गया था, ताकि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन या फुटपाथ पर रात गुजारने वालों को एक सुरक्षित जगह मिल सके। ठंड के समय में इस आश्रय गृह की उपयोगिता बढ़ जाती है, क्योंकि इस दौरान कई कामगार, रिक्शाचालक आदि यहां आकर शरण लेते हैं। लेकिन ठंड शुरू हो जाने के बावजूद, सद्दीक मंजिल चौक के पास स्थित इस आश्रय गृह को अभी तक चालू नहीं किया गया है, जिससे लोगों को ठंड में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**50 लोगों के रुकने की है व्यवस्था :** गौरतलब है कि इस आश्रय गृह का निर्माण निगम द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत जून 2018 में किया गया था। आश्रय गृह का देखरेख नगर निगम का एक कर्मचारी करता है और इसमें 50 लोगों के ठहरने की व्यवस्था है, जिसमें पुरुषों के लिए 35 और महिलाओं के लिए 15 बिस्तर हैं। इसमें शौचालय और स्नानागार जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जो काफी अच्छी स्थिति में हैं।

## एमकेडीएवी के छात्रों ने चाचा नेहरू को किया याद

**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर बाल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, झारखंड क्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य डॉक्टर जी.एन. खान ने कक्षा 12वीं के छात्रों के साथ नेहरू जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कक्षा 8वीं की छात्रा वैभवी ने नेहरू जी पर कविता प्रस्तुत की, जबकि कक्षा 12वीं की प्रियांशु ने उनके जीवन और कृतित्व पर भाषण दिया। प्रियांशु ने अपनी प्रस्तुति का समापन नेहरू जी पर आधारित स्वरचित कविता से किया, जिससे सभी प्रेरित हुए। छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. खान ने कहा कि पंडित नेहरू ने स्वतंत्रता के बाद भारत को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपनी दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता से देश को उन्नति के पथ पर अग्रसर किया। नेहरू जी ने आई.आई.टी. जैसे संस्थानों की स्थापना कर देश में शिक्षा और औद्योगिक विकास की नींव रखी। बच्चों से अपने विशेष स्नेह के कारण, वे मानते थे कि भारत का भविष्य बच्चों के हाथों में है और उन्हें उचित शिक्षा देना अत्यावश्यक है। प्राचार्य ने यह भी कहा कि विद्यालय नेहरू जी के इस विचार को साकार करने के लिए प्रयासरत है, ताकि यहां के छात्र राष्ट्रप्रेम और संस्कारों से समृद्ध हों। नेहरू जी का पंचशील सिद्धांत, विश्व में शांति और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध हुआ है।

## झारखंड स्थापना दिवस पर युवाओं की राय

### पलामू विकास में पीछे, मूलभूत सुविधाओं की कमी

**मूलभूत सुविधाओं का आज भी अभाव : सन्नी शुक्ला**



जेएमएम युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने कहा कि जब झारखंड अलग हुआ तो पलामू जिले को विशेष स्थान प्राप्त था। हालांकि, इन वर्षों में पलामू की विकास गति अन्य जिलों की तुलना में धीमी रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले जनप्रतिनिधि इस क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

**नक्सली पहचान में आई कमी : राहुल देव दुबे**



मेदिनीनगर के निवासी राहुल देव दुबे ने बताया कि झारखंड में नक्सलवाद में कमी के साथ विकास की ओर बढ़त हुई है। शिक्षा और सड़क निर्माण में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी जाम, पेयजल और सिंचाई की समस्याएं बनी हुई हैं।

**झारखंड की विकास यात्रा में मेदिनीनगर भी शामिल : प्रधान कुमार**



युवा समाजसेवी प्रधान कुमार ने मेदिनीनगर और पलामू में पर्यटन, कृषि, शिक्षा, और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार की संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने इस क्षेत्र को आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने की आवश्यकता बताई।

**मेदिनीनगर अभी भी विकास से दूर : आनंद कुमार**



प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे आनंद कुमार ने झारखंड के विकास पर निराशा व्यक्त की, खासकर रोजगार, शिक्षा, और आदिवासी विकास के मुद्दों पर। उनका मानना है कि खनिज संपदा का लाभ इस क्षेत्र को पूर्ण रूप से नहीं मिल पाया है।

**रोजगार की नहीं हुई व्यवस्था : अंकित देव**



युवा व्यवसायी अंकित देव ने पलामू में रोजगार की कमी पर चिंता जताई। उन्होंने युवाओं को नेतृत्व में भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

**पेयजल की किल्लत का नहीं हो रहा समाधान : कौशल मिश्रा**



एबीवीपी के नगर सह मंत्री कौशल मिश्रा ने मेदिनीनगर में पेयजल संकट पर प्रकाश डाला, खासकर गर्मियों में पानी की किल्लत परेशानी का सबब बन गया है।

## वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने स्लम के बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सामाजिक सेवा में सक्रिय वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने इस बार बाल दिवस का आयोजन स्लम में रहने वाले बच्चों के साथ किया। इस अवसर पर बच्चों को गांधी उद्यान ले जाया गया, जहां उन्होंने विभिन्न खेलों और झूलों का आनंद लिया। ट्रस्ट के इस प्रयास का उद्देश्य ऐसे बच्चों को प्रोत्साहित करना है जो शिक्षा से वंचित हैं या पढ़ाई के प्रति उदासीन हैं।

ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा ने बच्चों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन और बाल दिवस के महत्व के बारे में बताया। ट्रस्ट के सदस्य शुभम बिहारी ने बच्चों को नेक बनने और समाज की सेवा करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच जलेबी और मिठाइयों का वितरण भी किया गया। इस आयोजन में सुमन, काजल, नमिता, प्रीति, चांदनी, अक्षय, आदर्श, विशाल, कार्तिक, परी, जानू खातून, अनन्या, रागिनी, खुशी, शिवानी, अयान अंसारी, सूफियान अंसारी, प्रतीक, रानी, प्रित, सिद्धांत, और संस्था की अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सिखों के प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव के 555वें प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर गुरुवार को मेदिनीनगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा गुरुद्वारा साहिब से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः गुरुद्वारा साहिब पर समाप्त हुई। शोभायात्रा का रूट बेलवाटिका चौक, सद्दीक मंजिल चौक, जिला स्कूल चौक, पंच मुहान चौक, मुख्य बाजार और थाने के रास्ते होते हुए छः मुहान तक रहा। शहर में कई संगठनों ने जगह-जगह इस शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया, और लोगों ने गुरु ग्रंथ साहिब व पंच प्यारों पर फूलों की वर्षा की।



इस यात्रा में सबसे आगे शस्त्र संचालन का प्रदर्शन किया गया, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। उनके पीछे सिख समुदाय के लोग रास्ते की सफाई करते हुए चल रहे थे, और उसके बाद पंज प्यारे तलवारें लिए हुए थे। इनके पीछे एक रथ पर गुरु ग्रंथ साहिब की स्थापना की गई थी, जिसके साथ महिलाएं गुरुवाणी कीर्तन करती चल रही थीं, जो पूरे माहौल को भक्ति मय बना रहा था। शोभायात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी, जो शोभायात्रा के आगे-आगे जाम हटाते हुए रास्ता साफ कर रहे थे।

बताया जाता है कि इसके पूर्व शनिवार से ही प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा था। इस शोभायात्रा में शहर के सभी धर्मों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जो सांप्रदायिक सौहार्द्र का प्रतीक रहा।

# ग्रामीणों को दी गई वित्तीय साक्षरता की जानकारी



नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** बाना गांव में उरांव, भुइयां टोला में स्वयं सेवी संस्था अग्रगति इंडिया द्वारा ग्रामीणों के बीच बैठक सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम कर वित्तीय साक्षरता की जानकारी सीएफएल को-ऑर्डिनेटर गुरूदेव विश्वकर्मा, प्रशिक्षिका अंजू कुमारी ने दिया। लोगों को मुख्य रूप से नियमित बचत करने के साथ बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना,केसीसी ऋण लोन, मुद्रा लोन, एजुकेशन लोन, डिजिटल लेन देन करने जैसे यूपी आई, गूगल पे, फोन पे, एटीम,डिजिटल साइबर क्राइम एवं फ्रॉड कॉल के तौर तरीके साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताया गया। डिजिटल बैंकिंग भी उपस्थित ग्रामीणों को उपलब्ध करवाया गया ताकि किसी भी समय फ्रॉड कॉल जैसी घटना होने पर इसकी शिकायत कर कार्रवाई की सकें। कार्यक्रम में रामाशीष पासवान, सच्चिदानंद कुमार, भोला कुमार, नीशु कुमारी, माया देवी, प्रदीप उराव, बसंती देवी संजू देवी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# हाथियों ने धान की फसल को रौंदा, 5 एकड़ में लगी फसल बर्बाद

## किसानों ने की मुआवजे की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के राजबांस गांव में बुधवार की देर रात करीब 3:00 बजे 20 से 25 की संख्या में हाथियों ने पहुंचकर किसानों के फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। भुक्तभोगी किसान दशरथ सिंह ने बताया कि रात 3:00 हाथियों का झुंड गांव में पहुंचा और 5 एकड़ खेतों में लगे धान को रौंद कर बर्बाद कर दिया। खेत में लगे फसलों को हाथयों केझुंड ने खाया भी। ग्रामीणों ने कहा कि इस कारण उनकों काफी क्षति का सामना करना पड़ा है। साहूकारों से कर्ज लेकर बड़ी मुश्किल से धान की पैदावार किया था, जिसे हाथियों द्वारा चट कर दिया गया। अब उनके सामने विकट स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। उक्त गांव निवासी जामवंती कुंवर के 2 एकड़ खेतों में काट कर रखे गए धान की फसल को भी हाथियों चट कर दिया गया। किसान जामवंती कुंवर काफी आहत हैं। किसानों ने वन विभाग से बर्बाद हुए फसलों का आकलन कर अविलंब मुवावजे की मांग की है। इस संबंध में अनिमेष कुमार ने बताया कि हाथियों द्वारा राजवास गांव में फसल बर्बाद करने की जानकारी मिली है। वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंची है। बर्बाद फसलों का आंकलन किया जा रहा है। सरकारी प्रावधान के हिसाब से पीड़ित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### बेटी के जन्मदिन पर थाना प्रभारी ने किया जरूरतमंदों के बीच कंबल व पठन सामग्रियों का वितरण



**खरौंधी।** थाना परिसर में बाल दिवस के अवसर पर और थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी की बेटी ताक्ष्वी रानी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी ने प्रखंड के गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया और सैकड़ों बच्चों को पठन-पाठन सामग्री दी। साथ ही, सभी को भोजन भी कराया गया। थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी ने कहा कि बेटी के जन्मदिन पर जरूरतमंदों के बीच कंबल और भोजन वितरित कर उन्हें एक अनोखी खुशी का एहसास हो रहा है। ठंड के मौसम को देखते हुए यह पहल गरीबों और असहायों के लिए लाभकारी साबित होगी। इस आयोजन में स्थानीय पुलिस कर्मियों ने भी सहयोग दिया और इसे सफल बनाया। ऐसे कार्यों से समाज में सेवा भाव और सद्भावना का प्रसार होता है, और यह समाज में दूसरों की मदद करने की प्रेरणा देता है।

## एक नजर

### सड़क दुघर्टना में युवक घायल

केतार। केतार-खरौंधी मुख्य सड़क पर दासीपुर गांव के समीप बाईक और ट्रैक्टर की आमने-सामने की टक्कर में बाईक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार दासीपुर गांव निवासी सरयू साह का पुत्र अनिल कुमार (28) अपने गांव से बाईक बांसडीह गांव जा रहा था। इस क्रम में जीओ टॉवर के समीप धान का बोझा लेकर जा रही ट्रैक्टर से आमने-सामने की टक्कर हो गई। घटना में बाइक चालक अनिल का एक पैर बुरी तरह से टूट गया है।

# मतदान के बाद बसपा के पोलिंग एजेंट के साथ हुई मारपीट, मामला पहुंचा थाना



नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** थाना क्षेत्र के संगवरिया गांव में चुनावी विवाद में मतदान समाप्त होने के बाद बसपा के पोलिंग एजेंट के साथ मारपीट का मामला थाना पहुंच गया है। मामले की जानकारी मिलने पर बसपा प्रत्याशी अजय कुमार चौधरी ने मेराल थाना में पहुंचकर भुक्तभोगी पार्टी के बूथ एजेंट संजय राम से घटना की जानकारी ली तथा प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की। संजय राम द्वारा घटना को लेकर संगवरिया मुखिया के भाई तथा उसके अन्य सहयोगियों द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। मामले को लेकर बसपा प्रत्याशी ने कहा कि मंत्री व झामुमो के कार्यकताओं द्वारा चुनाव में कई जगह धांधली किया गया है, जिसका उदाहरण यह घटना है। उन्होंने कहा कि चुनाव में जनता उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया है। मौके पर बसपा नेता ज्ञानी राम सहित कई लोग मौजूद थे। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने कहा कि आवेदन में लगाए गए आरोपों की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# पुरुष मतदाताओं से अधिक महिला मतदाताओं ने किया मतदान



नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में रमना प्रखंड अंतर्गत बुधवार को मतदान शांतिपूर्ण संपन्न। इसकी खास बात यह रही की इस मतदान में महिलाओ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पुरुष मतदाताओं से अधिक संख्या में मतदान किये। रमना प्रखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 57396 है, जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 29,705, महिला मतदाताओं की संख्या 27691 है। पुरुष मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 63.4 प्रतिशत रहा, जबकि महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 74.9 प्रतिशत रहा। प्रखंड अंतर्गत 62 मतदान केन्द्रो में सबसे अधिक मतदान हरादाग पंचायत के बूथ संख्या 350 पर 82 प्रतिशत हुआ, जबकि सबसे कम मतदान कर्णपुरा पंचायत के बूथ संख्या 327 पर 52.5 प्रतिशत हुआ। शांतिपूर्ण मतदान के लिए ग्रामीणों में चुनाव आयोग की विधि व्यवस्था की खूब चर्चा है।

# चमत्कारी औषधि की तरह काम करता है फूल

## काढ़ा पीते ही बीमारियां हो जाती है ठीक



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हरसिंगार का पेड़ न सिर्फ अपनी सुंदरता के लिए मशहूर है, बल्कि यह औषधीय गुणों से भी भरपूर है। इसे रात की रानी, दुखों का पेड़, और पारिजात जैसे नामों से भी जाना जाता है। आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद इकबाल के मुताबिक, हरसिंगार का पेड़ एक चमत्कारी औषधि की तरह काम करता है, जो न सिर्फ शरीर की सूजन को कम करता है बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। खासतौर पर, डेंगू के बुखार में यह पेड़ प्लेटलेट्स की संख्या बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ है। हरसिंगार के औषधीय गुण हरसिंगार के पत्तों, फूलों और छाल का उपयोग कई बीमारियों के इलाज में किया जाता है। इसके पत्तों का काढ़ा जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करने में बेहद प्रभावी है।

**डेंगू में कारगर :** आयुर्वेद में इसे एंटी-इंफ्लेमेटरी और इम्यूनिटी बूस्टर माना गया है, जो शरीर में संक्रमण से लड़ने की ताकत बढ़ाता है। डेंगू में कारगर डेंगू के मरीजों के लिए हरसिंगार का काढ़ा रामबाण की तरह काम करता है। डॉक्टरों के अनुसार, यह न केवल प्लेटलेट्स की संख्या को बढ़ाने में मदद करता है बल्कि बुखार को भी नियंत्रित करता है।

### पत्तों का काढ़ा

**हरसिंगार के औषधीय गुणों का फायदा उठाने के लिए इसके पत्तों का काढ़ा नियमित रूप से पीने की सलाह दी जाती है। अन्य उपयोग हरसिंगार का उपयोग सिर्फ स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि सौंदर्य के लिए भी किया जाता है। इसके फूलों से त्वचा पर निखार आता है और बालों को भी मजबूती मिलती है। यानी हरसिंगार के फूल एक दो नहीं कई रोगों में कारगर है।**

# बाल दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया जागरूकता कार्यक्रम




नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** बंका रोड स्थित एसजीएन मॉर्डन किंडर गार्टन विद्यालय में बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रवि कुमार चौधरी, विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण,बाल विवाह, सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव से संबंधित कार्यक्रम प्रदर्शित किया। मौके पर रवि कुमार चौधरी ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चाचा नेहरू बच्चों के प्यारे थे। इसलिए उन्हें चाचा नेहरू के नाम से भी पूरा देश जानता था। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं बच्चों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण चुनौती बन गया है। साथ ही सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव भी बढ़ चुका है। इससे बचाव हेतु न्याय पालिका ने काफी विंग तैयार किए हैं, जिससे लोगों को जागरूक कर आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित करना उद्देश्य है। विशिष्ट अतिथि एलएडीसी चीफ प्रवीण साहू ने सभी को बेहतर कल के लिए सशक्त एवं कानूनी प्रावधानों का लाभ उठाकर बचपन बचाने,बाल विवाह रोकने, पर्यावरण संरक्षण करने महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए। साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने पर सभी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। कार्यक्रम का समापन जिला विधिक प्राधिकार के सदस्य कृष्णानंद ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर पीएलवी नगर सुधीर चौबे, गढ़वा महिला थाना पीएलवी तृप्ता भानू, विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं में निर्मला, मृणालिनी चक्रधारी, पूजा कुमारी, रामाशीष राम, करण कुमार कौशल, अखिलेश्वर मिश्र, संजय कुमार गुप्ता, राहुल कुमार, आकाशदीप, पंकज चौधरी सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रांची रोड, रेडमा स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में बाल दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपने कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ बच्चों ने चाचा नेहरू को श्रद्धांजलि दी।

**नेहरू जी की विरासत को याद किया गया :** प्रधानाध्यापक एन.के. भारती ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का योगदान अविस्मरणीय है। संस्था की अध्यक्ष सुधा सिंह ने कहा कि नेहरू जी बच्चों से अत्यधिक प्रेम करते थे और उनकी इच्छा थी कि उनका जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में मनाया जाए। इसी प्रेम के प्रति श्रद्धा रखते हुए उनका जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

**क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा :** इस अवसर पर विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टीम के सदस्यों श्रुति कुमारी, खुशी कुमारी, अर्चना कुमारी, मनीष कुमार, सुमित कुमार, अनिल कुमार, विकास चौधरी, प्रिया कुमारी, अंशिका कुमारी, अंजना पांडे, माही बर्मन, आर्यन कुमार, आदित्य, युवराज, नंदनी कुमारी, स्मृति मिश्रा, सनवी दुबे और तन्वी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन छात्रों को उपहार, मिठाइयां और टॉफी देकर सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम में मौजूद रहे कई गणमान्य व्यक्ति :** इस अवसर पर विद्यालय में काजल कुमारी, स्नेह सुरभि, सब्या कुमारी, रीता सिन्हा, प्रिया रंजनी तिवारी, पूनम तिवारी, स्वर्णा तिवारी, निभा कुमारी, अर्चना पांडेय, प्रिया दुबे, अनु दुबे, सतीश कुमार, रोहित कुमार, पूजा गुप्ता, छाया रानी सिंह, शिखा दूबे, सृष्टि कुमारी, सुजाता, राजेंद्र पाल, सुनीता देवी, मनीषा देवी, सियानंदन पाल सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## शुभारंभ

# गुरुकुल पब्लिक स्कूल में पुस्तक मेला का आयोजन

## पुस्तक मेला का आयोजन सराहनीय कदमः अग्रवाल



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** बाल दिवस के उपलक्ष्य पर अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से गुरुकुल पब्लिक स्कूल में पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. धर्मचंद लाल अग्रवाल, प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार चौबे, गुरुकुल पब्लिक स्कूल के सीओ श्रवण कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां गायत्री, आचार्य श्रीराम शर्मा और वंदनीय माताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान पंडित जवाहर लाल नेहरू के सपनों को साकार करने के लिए बच्चों को प्रेरणा दी गई, जिससे बच्चे अपने जीवन में उतार कर देश का उज्जवल भविष्य बन सके। मौके पर डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल ने कहा कि गायत्री परिवार द्वारा आचार्य श्रीराम शर्मा की पुस्तकों का मेला आयोजित करना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने इसे ज्ञान गंगा का महाकुंभ करार देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति इसमें गोते लगाना चाहता है, तो आचार्य श्रीराम शर्मा की पुस्तकों का अध्ययन अवश्य करें। श्री अग्रवाल ने कहा कि ये पुस्तकें केवल किताबें नहीं हैं, बल्कि जीवन के मार्ग को प्रशस्त करने वाली ज्ञान की राह हैं। उन्होंने आचार्य श्रीराम शर्मा की रचनाओं की सराहना करते हुए कहा कि भगवान ने उन्हें 'सरस्वती पुत्र' के रूप में भेजा था, जिन्होंने 3200 से अधिक पुस्तकों का सृजन किया। इन पुस्तकों में ज्ञान का असीम भंडार है, जिससे शिक्षक और विद्यार्थी लाभान्वित हो सकते हैं। अजित चौबे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वे गायत्री परिवार के विभिन्न कार्यों से परिचित हैं,और सामूहिक विवाह में उनके योगदान को भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि आचार्य श्रीराम शर्मा की पुस्तकों में बुराई के मार्गों को छोड़कर अच्छाई की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी गई है। उन्होंने आचार्य श्रीराम शर्मा को आलौकिक ज्ञान का धनी बताते हुए सभी लोगों से इन पुस्तकों का अध्ययन करने का आग्रह किया। मौके पर लालसु राम,अनिल लाल अग्रवाल, पंकज गुप्ता,उपेंद्र कुमार मेहता, गुरुकुल पब्लिक स्कूल के शिक्षक राहुल दास,राम जी,मंटू कुमार, अनुराधा शुक्ला, संध्या शुक्ला, नेहा कुमारी, चंदा कुमारी,गीता कुमारी, कोमल जायसवाल, विशाखा सिंह,स्वाति कुमारी, ज्योति मिश्रा, अंचल कुमारी, ज्योति कश्यप एवं सलोनी कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# स्वप्नदर्शी और कर्मयोगी प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की जयंती मनाई गई



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में बाल दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित चित्रकला, निबंध, और भाषण प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। सभी बच्चों को उपहार स्वरूप कलम प्रदान की गई और उन्हें टॉफी व समोसे का भी आनंद दिया गया। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू एक स्वप्नदर्शी और कर्मयोगी प्रधानमंत्री थे जिन्होंने भारत की प्रगति की दिशा में एक मजबूत आधार स्थापित किया। वे मानते थे कि देश की उन्नति के लिए बच्चों का सर्वांगीण विकास अत्यंत आवश्यक है। स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वाले पंडित नेहरू ने अपने नेतृत्व से भारत का मान बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पूनम रानी, लैब इंस्ट्रक्टर अनूप मिश्रा, और बीएड प्रशिक्षु अभिषेक तिवारी व अभय कुमार ने बच्चों को बेहतर इंसान बनने और जीवन में सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं।

# लातेहार व मनिका विस क्षेत्र से मतदान कराकर बस, ट्रेन और हेलीकॉप्टर से लौटे मतदान कर्मी





### ▶▶ 10 किलोमीटर तक पैदल चलकर मतदान केंद्र तक पहुंचे थे मतदान कर्मी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** विधानसभा चुनाव का प्रथम चरण बुधवार की शाम समाप्त होने के बाद लातेहार व मनिका विधानसभा क्षेत्र से सुरक्षित बड़ी व छोटी वाहनों से पहुंचे मतदान कर्मी। गुरुवार की सुबह आठ बजे मनिका विधानसभा क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्र से मतदान कराकर मतदान कर्मी वापस ट्रेन से लातेहार स्टेशन पहुंच राहत की सांस ली। लातेहार रेलवे स्टेशन पर जिला प्रशासन द्वारा बस के माध्यम से मतदान कर्मियों को लेकर लातेहार स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज मे बनाए गए स्ट्रांग रूम ले जाया गया। बताते चले कि 13 नवंबर को मनिका विधानसभा में प्रथम चरण के मतदान कराने के लिए 13 बूथों के लिए मतदान कर्मी ट्रेन के माध्यम अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के हेहेगड़ा कलस्टर पर गए थे। मतदान संपन्न कराकर सुबह वापस ट्रेन के माध्यम से ही लौट गए। इस दौरान मतदान कर्मियों ने बताया कि मतदान करने के लिए सीआरपीएफ जवानों के साथ उन लोग 2:00 बजे रात को अपने पोलिंग बूथ पर निकल गए थे। लगभग 9 से 10 किलोमीटर पैदल चले। बरवडीह प्रखंड के बूथ संख्या 62 होसिर व बूथ संख्या 61 पहुंचे मतदान कर्मियों ने बताया कि रात में पैदल चल रहे थे और चारों ओर घना जंगल था। डर लग रहा था लेकिन सीआरपीएफ के जवान के साथ रहने पर हम लोग सुरक्षित महसूस कर रहे थे। 13 नवंबर की सुबह मतदान केंद्र पर पहुंचे। सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किए गए थे। वही मतदान कर्मियों मनीष सिंह, शाहिद, जमीदार सिंह, अफरोज खान व मनीष तिवारी ने कहा कि हम लोग अब सुरक्षित मतदान कराकर लातेहार वापस आ गए हैं। चुनाव कराने की अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें कोई दिक्कत नहीं थी। लातेहार जिला के मनिका विधानसभा क्षेत्र के 65 बूथों के लिए मतदान कर्मियों को भारतीय वायु सेना के दो हेलीकॉप्टर से अति संवेदनशील बूथों के लिए रवाना किया गया था। चुनाव कराकर लौट रहे मतदान कर्मियों में हेलीकॉप्टर से लौटने पर उत्साह देखा गया। अपर समहर्ता रामा रवि दास ने कहा कि हेलीकॉप्टर से दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में मतदान करने गए थे और सभी शांतिपूर्वक मतदान कराकर वापस हेलीकॉप्टर के माध्यम से लातेहार लाया गया है। सभी मतदान कर्मी ईवीएम मशीन को लातेहार स्थित राजहार हेलीपैड से लातेहार पॉलिटेक्निक स्थित स्ट्रांग रूम में ले जाया गया। चुनाव के दौरान लातेहार व मनिका अति संवेदनशील क्षेत्र में चुनाव को लेकर चाक चौबन्ध व्यवस्था था।

## ईवीएम जमा करने जा रहे मतदान कर्मी की बस दूसरी गाड़ी से टकराई, बाल-बाल बचे मतदान कर्मी



**बालूमाथ।** मतदान करा कर लौट रहे मतदान कर्मियों से भरा एक बस बुधवार शाम को सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मतदान कर्मी बालूमाथ थाना क्षेत्र के झाबर ग्राम से मतदान कराकर ईवीएम मशीन जमा करने बस से लातेहार पॉलटेकनिक कॉलेज जा रहे थे। इस दौरान गाड़ी की ब्रेक नहीं लग पाने के कारण आगे चल रही गाड़ी से बस जा टकराई। बस में बैठे मतदान कर्मियों को चोटें आई। सूचना मिलने पर बालूमाथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी सहित स्वास्थ्य कर्मियों की टीम के साथ बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ घटनास्थल पहुंचे और सभी मतदान कर्मियों को प्राथमिक उपचार कर दूसरे बस में शिफ्ट कर लातेहार भेज दिया गया। डॉक्टर के मुताबिक चिकित्सा कर्मियों को मामूली चोटें आई थी। ड्राइवर के सूझबूझ के चलते बहुत कम क्षति हुई।

## महिला का अधजला शव बरामद

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के मननचोटाग गांव में लखन साव के घर से सदर थाना पुलिस ने एक महिला का अधजला शव बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम पुलिस को सूचना मिली कि लखन साव के घर से धुआं निकल रहा है। सूचना के बाद पुलिस लखन साव के घर पहुंच कर बंद दरवाजे को तोड़ कर अंदर प्रवेश की और एक अध जला शव बरामद किया। आसपास के लोगों ने बताया कि लखन साव घर पर नहीं थे। वहां एक महिला शालिमा तिग्गा किराए पर रहती थी। कयास लगाया जा रहा है कि शालिमा तिग्गा की हत्या कर हत्यारों ने कपड़े में लपेटकर आग लगा दिया। पुलिस शव की शिनाख्त के लिए सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रख दी है। पुलिस मामले की छानबीना कर रही है। गुरुवार की दोपहर करीब ढाई बजे उक्त अध जला शव का पोस्टमार्टम किया गया।

## इटखोरी में 59.96 प्रतिशत मतदातओं ने किया मतदान

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड के 71 बूथों पर विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में 13 नवंबर को शांति पूर्ण मतदान संपन हो गया। प्रखंड में नए वोटरों में पहली बार मतदान करने का उत्साह नजर आया। पहली बार मतदान करने वाली अलिसा कुमारी ने कहा कि देश हित के लिए मतदान किया। वहीं पूरे प्रखंड में बीडीओ सोमनाथ बकीरा व थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने सभी बूथों पर मॉनिटरिंग करते हुए शांतिपूर्ण मतदान कराया। प्रखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 61988 है। जिसमें 37165 मतदातओं ने (59.96 प्रतिशत) मतदान किया। मतदान करने वालों में पुरुषों की संख्या 16413 व महिलाओं की संख्या 20752 रही। ऐसे में मतदान करने में पुरुषों पर महिलाएं यहां भारी दिखीं। वहीं इटखोरी प्रखंड में महिलाओं के अधीक मतदान पर चर्चा भी जोरों पर हो रही है, की महिलाओं के बढ़े मतदान चुनाव परिणाम को प्रभावित भी कर सकते हैं।

## बाल दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन बच्चों को पंडीत जी के जीवनी से कराया गया अवगत

**सिमरिया (चतरा)।** बाल दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव तारकेश्वर दास के निर्देशन में गुरुवार को विधिक जागरुक्ता शिविर का आयोजन किया गया। कानूनी सहायता केंद्र सिमरिया के विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद एवं रंजन कुमार मिश्रा के द्वारा सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय में संचालित अनुसूचित जाति बालिका उच्च विद्यालय, संतथॉमस स्कूल शिला तथा पीएलभी रवि कांत कुमार के द्वारा लावालौंग प्रखंड के लमटा में संचालित नेशनल पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र के समक्ष दीप जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर परविद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रवेश केवट ने बच्चों को बताया कि भारत में हर साल 14 नवंबर को बाल दिवस भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों और उनके भविष्य के लिए काम करना है। यह दिन बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के क्षेत्र में उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए मनाया जाता है।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा का कार्यालय**
**(कार्मिक कोषांग–विधानसभा आम निर्वाचन 2024)**
(e-Mail Id-karmikcellchatra@gmail.com)

**–ः आम सूचना ः–**

विधानसभा आम निर्वाचन–2024 के निमित वैसे पदाधिकारी/कर्मी जिन्हें पाकुड़ जिला के लिए विधानसभा निर्वाचन 2024 को सम्पन्न कराने हेतु मतदान पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है को द्वितीय प्रशिक्षण दिनांक–16.11.2024 को **S.S.+2 High School, Chatra** में प्रशिक्षण कार्यक्रम 09:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित है तथा **दिनांक–17.11.2024 को प्रातः 05:00 बजे में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में** उपस्थिति दर्ज करते हुए संबंधित मतदान पदाधिकारियों को पाकुड़ जिला के लिए रवाना किया जाएगा। अतः सभी संबंधित मतदान पदाधिकारी/कर्मियों को निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि/समयावधि में ससमय उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं निर्धारित स्थल पर अपना **Reporting** करना सुनिश्चित करेंगे, **अन्यथा अनुपस्थित पाये जाने की स्थिति में उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 के सुसंगत धाराओं के तहत् आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, चतरा

**PR 340120 Election(24-25)#D**


## सुरक्षा व्यवस्था और मतगणना की तैयारियों का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित ब्रज गृह और मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान, उन्होंने मतगणना की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतगणना के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं और विधि-व्यवस्था के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इसके साथ ही, उन्होंने प्रशिक्षण कोषांग को मतगणना कार्य हेतु प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों और कर्मियों को प्रशिक्षण देने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान, उपायुक्त ने कॉलेज परिसर के कमरों, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति और अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने इन सभी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

## जिले में शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान संपन्न

**चतरा।** जिले के चतरा एवं सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को मतदान शांतिपूर्ण संपन्न होने के पश्चात पोस्ट पोल ईवीएम प्राप्त करने की प्रक्रिया मतदान समाप्ति के उपरांत देर संध्या चतरा कॉलेज, चतरा में प्रारंभ हो गई थी। निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा एवं निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया की मौजूदगी में संध्या से चतरा कॉलेज चतरा में पोस्ट पोल ईभीएम रिसीव किया गया। विदित हो कि चतरा कॉलेज, चतरा में पोस्ट पोल ईभीएम के लिए स्ट्रांग रूम बनाया गया है। मतदान के उपरांत पोस्ट पोल ईभीएम यहां सुरक्षित रखा गया। यह स्ट्रांग रूम का निर्माण भारत निर्वाचन आयोग के तय दिशा-निर्देश के अनुसार कराया गया है। स्ट्रांग रूम में रखे गए पोस्ट पोल ईभीएम को विधानसभावार रखा गया है एवं राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सील किया गया। उक्त पूरे ईभीएम रिसीव प्रक्रिया और चतरा कॉलेज चतरा में बहाल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय द्वारा जायजा लिया गया।


"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"

**समाहरणालय, लातेहार**
**(निर्वाचन शाखा)**

**आम–सूचना**

विधान सभा आमचुनाव 2024 के निमित लातेहार जिला के दोनों विधानसभा में अवस्थित सभी मतदान केन्द्रों के Polled EVM-VVPATs के संधारण हेतु बज्रगृह एवं मतगणनाके निमित मतगणना कक्ष राजकीय पोलिटेकनिक, लातेहार में चिन्हित किया गया है।

बज्रगृह एवं मतगणना कक्ष निर्माण से संबंधित संशोधित प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा अपने पत्रांक न0 470/पूर्व अनु–I/झार.–वि.स./2024, दिनांक 12.11.2024 द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है।

तदनुसार लातेहार जिला के दोनों विधानसभा में अवस्थित सभी मतदान केन्द्रों के Polled EVM-VVPATsका संधारण एवं मतगणना राजकीय पोलिटेकनिक, लातेहार में निर्धारित तिथियों को सम्पन्न होगा।

अतएव जिलान्तर्गत सभी राजनीतिक दलों के पदधारक/प्रत्याशियों/सभी संबंधित मतदाताओं/ हितधारकों के सूचनार्थ प्रकाशित।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 340093 Election(24-25)D


## बाल दिवस : बच्चों को सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निर्देश पर गुरुवार को बाल दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में बच्चों को बाल विवाह, शिक्षा का अधिकार, बाल मजदूरी, डायन-बिसाही और घरेलू हिंसा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर पीएलवी संजय चौधरी, मुन्ना दास व अजीत कुमार ने बच्चों को संबोधित किया। उन्हें इन विषयों के बारे में जागरूक किया। साथ ही उन्हें नालसा स्कीम, टोल फ्री नंबर 15100, ऐंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 के बारे में भी जानकारी दी गई। जागरूकता अभियान का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना और उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करना था।

### बाल दिवस पर विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन

# याद किए गए चाचा नेहरु



**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** झालसा के निर्देश व विधिक सेवा प्राधिकरण चतरा के नेतृतव में उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुंसिया में बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। पंडित जवाहर लाल नेहरू के जयंती पर मनाया जाने वाला बाल दिवस तथा उनके जीवन से सिख तथा बच्चों के प्रति उनके प्रेम, सम्मान तथा अनुकरणीय बातों को जीवन में आत्मसात करने का अनुसरण छात्रों ने किया। साथ ही छात्रों को मिलने वाली विधिक सेवाओं व टॉल फ्री नंबर 1098 के बारे में जानकारी दी गई। जनता हरिजन उच्च विद्यालय मंझगावा में भी देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने केक काटकर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर धूमधाम से जयंती मनायी। मौके पर शिक्षक, छात्र-छात्राएं तथा अधिकार मित्र दयानन्द कुमार शर्मा एवं मोजाहीर हुसैन उपस्थित थे।

## डीएवी लातेहार का स्वर्णिम अध्याय की शुरूआत : डॉ. जीएन खान

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल लातेहार के लिए पिछले दिनों गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक रहा। डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी, नई दिल्ली से आए उच्च पदाधिकारी डीएवी स्कूल के सेक्रेटरी अजय गोस्वामी और ऑनररी ट्रेजर नानक चंद गर्ग, डालटनगंज डीएवी पब्लिक स्कूल जोन आई के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी डॉ. जीएन खान ने संयुक्त रूप से डीएवी पब्लिक स्कूल लातेहार का दौरा किया। विद्यालय के भवन निर्माण कार्य के लिए विद्यालय की प्रस्तावित जमीन क्रय के लिए अनुमति प्रदान की। इसके साथ ही विद्यालय भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया। मौके पर डीएवी स्कूल लातेहार के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय,डीएवी लोहरदगा के प्राचार्य सह डीएवी लातेहार के प्रबंधक गंगा प्रसाद झा, डीएवी स्कूल गढ़वा के प्राचार्य आरके सिन्हा,डीएवी लातेहार के वरीय शिक्षक प्रभात रंजन, अरुण कुमार पांडेय, अजीत कुमार उपस्थित थे। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय, झारखंड जोन आई के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी डॉ जीएन खान द्वारा नई दिल्ली से आये वरीय पदाधिकारियों का रांची एयरपोर्ट पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। अधिकारियों द्वारा लातेहार में डीएवी स्कूल के भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि पोचरा स्थित लाल शंभूनाथ शाहदेव व अन्य की अधिकृत भूमि है, को क्रय का अनुमोदन किया गया। डीएवी विद्यालय अपने भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ करेगा। उच्च अधिकारियों ने लातेहार के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय के साथ मुलाकात कर डीएवी लातेहार के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। आश्वासन दिया कि अब डीएवी विद्यालय की अपनी जमीन हो गई। बहुत जल्द विद्यालय का अपना भवन भी होगा। शीघ्र सीबीएसई नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया की जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में सभी मूलभूत आवश्यकताओं की कमी को बहुत जल्द पूरी कर लेने की बातें कही। उन्होंने कहा कि डीएवी संस्था के इस विद्यालय को नई दिल्ली कॉलेज मैनेजिंग कमेटी की ओर से भविष्य में भी सभी प्रकार का सहयोग किया जाएगा। पदाधिकारियों ने लातेहार के शैक्षणिक और प्राकृतिक वातावरण की सराहना की। डीएवी स्कूल झारखंड जोन आई के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी डॉ. जी एन खान ने डीएवी स्कूल लातेहार के सभी कर्मठ कर्मियों की सराहना की।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय,चतरा**
**(प्रशिक्षण कोषांग)**

**–ःप्रेस विज्ञाप्तिः–**

पाकुड़ जिलान्तर्गत विधानसभा चुनाव 2024 के सफल निर्वाचन हेतु चतरा जिलान्तर्गत केन्द्र सरकार/केन्द्रीय लोक उपक्रम/राज्य सरकार के विभागों/कार्यालयों के पदधिकारियों/कर्मियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार विधान सभा आम चुनावः– 2024 के सफल संचालन हेतु चतरा जिला से पाकुड़ जिला अन्तर्गत विधानसभा चुनाव हेतु जाने वाले सभी मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण दिनांकः– 16.11.2024 को प्रथम पाली 10:00 बजे पूर्वाहन् से 01:00 बजे अपराह्न (पीठासीन पदाधिकारी का पिन नम्बर– 341407407 से 341408718 एवं द्वितीय मतदान पदाधिकारी का पिन नम्बर– 341407409 से 341408922 ) तक तथा द्वितीय पाली 02:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न (प्रथम मतदान पदाधिकारी का पिन नम्बर– 341407421 से 341408886 एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी का पिन नम्बर– 341407410 से 341408923) तक District CM SOE (राज्य सम्पोशित + 2 बालक उच्च विद्यालय, चतरा) चतरा में निर्धारित है, प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं का आवंटित पिन नम्बर निम्नवत् हैः–

| क्र0 | पदनाम | आवंटित पिन नम्बर एवं संख्या | प्रशिक्षण तिथि | समय | कमरा नम्बर | प्रशिक्षण स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 1 | पीठासीन पदाधिकारी (P) | 341407407 से 341408718 (67) | 16.11.2024 | 10:00 बजे पूर्वाहन् से 01:00 बजे अपराह्न | बिरसा मुण्डा भवन 1 से 2 | District CM SOE (राज्य सम्पोषित + 2 बालक उच्च विद्यालय, चतरा) चतरा |
| 2 | द्वितीय मतदान पदाधिकारी (P2) | 341407409 से 341408922 (651) | 16.11.2024 | | बिरसा मुण्डा भवन 3 से 5 गार्गी भवन 6 सं 9 सावित्रीबाई फुले भवन 10 से 13 टैगोर भवन 14 से 17 सी0वी0 रमन भवन 18 से 19 | |
| 3 | प्रथम मतदान पदाधिकारी (P1) | 341407421 से 341408886 (65) | 16.11.2024 | 02:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न | बिरसा मुण्डा भवन 1 एवं 2 | |
| 4 | तृतीय मतदान पदाधिकारी (P3) | 341407410 से 341408923 (673) | 16.11.2024 | | बिरसा मुण्डा भवन 1 एवं 2 | |

उपरोक्त सभी आवंटित पिन नम्बर से संबंधित मतदान पदाधिकारियों को निदेशित है कि निर्धारित समयानुसार **District CM SOE** (राज्य सम्पोषित + 2 बालक उच्च विद्यालय, चतरा) चतरा में उपस्थित होते हुए अपना–अपना प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें एवं निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में मोबाईल का प्रयोग निर्वाचन कार्य छोड़कर अन्य किसी भी कार्य में नहीं करेंगे । सभी मतदान पदाधिकारियों को निदेशित है कि पाकुड़ जिला जाने हेतु दिनांक 17.11.2024 के पूर्वाहन 05.00 बजे जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में उपस्थिति दर्ज कराते हुए वाहन कोषांग से विभिन्न आवंटित वाहनों द्वारा 07.00 बजे पूर्वाहन प्रस्थान करेंगे । उपरोक्त निर्धारित तिथि एवं समय में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, चतरा

**PR 340125 Chatra(24-25).D**

धीरज साहू ने आम मतदाताओ, पार्टी समर्थित कार्यकर्ताओ एवं मिडियाकर्मियो को दिया धन्यवाद

# शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सभी का आभार : धीरज प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

विधानसभा चुनाव के लिए 13 नवम्बर को मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। पूर्व रास सांसद धीरज प्रसाद साहू ने लोहरदगा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक सम्पन्न होने पर मतदाताओं को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। आभार संदेश में शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न होने पर समाज के हर वर्ग,पार्टी के सभी कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओ, गठबंधन के साथियों एवं सभी इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट, एवं वेव मीडिया प्रतिनिधियों सहित लोहरदगा विधान सभा के मतदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही आशा व्यक्त की है कि भविष्य में होने वाले राष्ट्रीय महत्व के चुनाव कार्यों में इसी प्रकार से सभी का सहयोग मिलता रहेगा। विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुवे कहा है कठिन परिस्थितियों में चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में अपने दायित्वों का निर्वहन कर अपना सराहनीय सहयोग दिया है। लोहरदगा की जनता ने रिकार्डतोड़ 73.2% मतदान कर जी भरोषा दिखाया है तथा जनता ने जो विश्वास दिखाया है उसपर मैं खरा उतरूंगा।

# लोहरदगा विधानसभा में अबतक का रिकार्डतोड़ 73.2 प्रतिशत मतदान के दिल आभार: डॉ रामेश्वर उरांव



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

गठबंधन के प्रत्यासी डॉ0 रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा की जनता का आभार व्यक्त करते हुवे कहा कि मैं हृदय से आप सभी के प्रति कृतज्ञ हूं कि विधानसभा के इस चुनाव में आप ने पिछले बार की तरह मुझमें अपना विश्वास एक बार फिर व्यक्त किया। कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता के अलावा गठबंधन के झामुमो व माले के साथियों ने भी जिस तरह मेरी जीत के लिए परिश्रम किया, उसके लिए मैं सच्चे मन से सबकी आभारी हूं। उन्होंने कहा कि मेरा जीवन आप सबके सामने एक खुली किताब की तरह रहा है। मैंने अपने इस वृहद परिवार का हर तरह से ख्याल रखने का हमेशा प्रयास किया हे। मैं जानता हूं कि आने वाले दिन और मुश्किल भरे तथा चुनौती पूर्ण रहने वाला हैं। लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि आपके समर्थन और विश्वास की शक्ति के सहारे कांग्रेस हर चुनौती को पार करेगी। आपसे मिले प्रेम, स्नेह और समर्थन के लिए मैं आपको दिल से धन्यवाद।

# झारखंड की माटी के लाल स्व.सधनु भगत को भाजपाइयों ने पार्टी कार्यालय में अश्रुपूर्ण नेत्रों से दी अंतिम विदाई

वरिष्ठ भाजपा नेता सधनु भगत के पार्थिव शरीर को पार्टी झंडे से ढक कर फूल माला से दिया सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा के पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री,प्रखर वक्ता ,झारखंड आंदोलन कारी ,झारखंड के माटी के लाल,भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व.सधनु भगत के पार्थिव को गुरुवार की सुबह ब्लॉक मोड़ स्थित उनके आवास से शव वाहन से बक्सी डीपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय लाया गया। जहाँ उनके पार्थिव शरीर को पार्टी झंडे में लपेटा गया इसके बाद जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के साथ सभी भाजपा कार्यकताओ द्वारा फूल माला से पुष्पार्चन कर अश्रुपूरित नेत्रो से उन्हें अंतिम विदाई दी गयी।

मौके पर दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति व परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई।जिला अध्यक्ष ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि हमारे पार्टी का एक अभिभावक,मार्गदर्शक हम सबों को छोड़ कर बहुत दूर चले गए।इसकी क्षती पूर्ति असम्भव है।विदित हो कि 78 वर्षीय भाजपा नेता सधनु भगत का निधन बुधवार को सुबह 9 बजे उनके लोहरदगा ब्लोकमोड स्थित आवास में हो गयी थी ।उन्हें कुछ दिनों से सांस की समस्या थी ,पार्टी कार्यालय से शव वाहन से उनके पार्थिव शरीर को कार्यकर्ताओ ने मोटरसाइकिल एवम चारपहिया वाहन में सवार हो कर जुलूस के शक्ल में अगुवाई करते हुए एवम सधनु भगत अमर रहे नारा लगाते हुए पैतृक मकान हेसल बसार डीह ले जाया गया।जहाँ उन्हें अपने सांस्कृतिक रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उराँव,पूर्व विधान सभा अध्यक्ष दिनेश उराँव, वनवासी कल्यान केन्द्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह,विशुनपुर विधानसभा प्रत्याशी समीर उराँव, सिसई एवम विशुनपुर विधानसभा चुनाव प्रभारी सह पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह, खूंटी विधानसभा चुनाव प्रभारी ओम सिंह, एस्टी मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उराँव, लोहरदगा विधानसभा एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत,युवा मोर्च प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद शत्रु,त्रिवेणी दास, अजय मित्तल चंद्र शेखर अग्रवाल ,ब्रजबिहारी प्रसाद,राजमोहन राम राकेश प्रसाद ,लालनवल नाथ साहदेव,राजकिशोर महतो मुरारी खत्री, विनोद राय, परमेश्वर साव महामंत्री अजय पंकज,हर्षनाथ महतो, नवीन कुमार टिंकू,जगनन्दन पौराणिक,सरिता देवी, पशुपति नाथ पारस ,संजय प्रसाद,मीना बाखला,बाल कृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, लक्ष्मी नारायण भगत,कलावती देवी,अशोक साहू ,बाल्मीकि कुमार,मिथुन तमेडा,विवेक चौहान,राजकुमार मुंडा,सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल थे।



### सधनु भगत ने अलग झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका निभाई थी

**लोहरदगा।** 19 जनवरी 1946 को लोहरदगा जिले के हेसल बसारडीह में किसान परिवार में जन्मे सधनु भगत स्नातक की शिक्षा प्राप्त कर बिरसा सेवा दल से जुड़कर सामाजिक जीवन की शुरूवात की।इसके बाद उन्होंने दिशुम गुरु शिबू सोरेन के संपर्क में आये और झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए। दिसुम गुरु ने उन्हें पार्टी का सचिव बनाया ,इसके बाद सधनु भगत शिबू सोरेन के साथ झारखंड आंदोलन में कूद पड़े। सधनु भगत 1994 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए, उस समय अलग वनांचल को लेकर पार्टी द्वारा भी जोरदार आंदोलन चलाया जा रहा था,संधनु भगत ने पार्टी में शामिल होने के बाद आंदोलन में जान फूंक दी।

### शराबबंदी को लेकर भी आंदोलनरत रहे सधनु भगत

**लोहरदगा।** आदिवासी नेता होने के कारण आदिवासियों के हक अधिकार ,शिक्षा ,शराबबंदी एवम संस्कृति की रक्षा को लेकर भी आंदोलनरत रहे।प्रखर वक्ता के रूप में जाने जाने वाले सधनु भगत राजनीति जीवन के साथ सामाजिक जीवन को साथ ले कर चलते रहे।उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रो में आदिवासी समाज के बीच बैठक कर उन्हें अपने सांस्कृतिक रक्षा, बच्चों को शिक्षा, शराब बंदी एवम सामाजिक कुरीतियों को लेकर आजीवन अलख जागते रहे। उन्होंने दूसरे समुदाय द्वारा हड़पी गयी आदिवासियों की हजारो एकड़ जमीन को मुक्त कराने में अहम भूमिका निभायी।

**लोहरदगा विधानसभा से जीत दर्ज कर पहली बार कमल खिलाया सधनु भगत ने**

# स्व सधनु भगत ने निधंन पर भाजपा कार्यकताओं ने किया दो मिनट का मौन धारण

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो/लोहरदगा**

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो की अगुवाई में प्रखंड भाजपा कार्यकताओं ने झारखंड सरकार के पुर्व मंत्री दिवंगत श्री सधनु भगत को श्रद्धांजलि देकर 2 मिनट का मौन धारण किया ,ईश्वर से पुण्य आत्मा को शांति प्रदान का किया कामना। इस अवसर पर उपस्थित सभी भाजपा कार्यकताओं ने बारी बारी से दिवंगत पुर्व मंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया।और कहा कि हमने लोहरदगा से एक ईमानदार,जुझारु,लोकप्रिय नेता खो दिया है,जिसकी भरपाई भविष्य में असम्भव है।पुर्व मंत्री ने अपने कार्यकाल मे प्रखंड क्षेत्र मे सड़क,पुल-पुलिया,भवन,लिफ्ट एरिगेशन जैसे कई अनेक विकास कार्य किया जिसे प्रखंड क्षेत्र की जनता सदैव ऋणी



रहेगी।इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो,जिला मंत्री कैलाश महतो,जनजाति मोर्चा प्रदेश सद्स्य बजरंग उराँव,निवर्तमान प्रखंड अध्यक्ष लखन उराँव,निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू,विशेश्वर प्रसाद दीन,विवेक प्रजापति,राजेन्द्र सोनी,चिखु पहान,मनबोध हजाम,राजेश सोनी,लाखो उराँव,पुनई उराँव,शिवनारायण सिंह,रविनन्द्न शुक्ला,वीरेंद्र साहू इत्यादि श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

## डिवाइन स्पार्क स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल प्रांगण में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। निदेशक बीके बालाजिनप्पा ने जवाहर लाल नेहरू के जीवनी पर प्रकाश डाला। बच्चों को शांतिदूत नेहरू का बच्चों के प्रति प्यार और देश के बारे में आजादी के लिए उनका परिपूर्ण योगदान के बारे में बताया। कहा कि आज के बच्चे कल का नागरिक होता है। इसीलिए अच्छा नागरिक बनने के लिए बचपन में ही अच्छा शिक्षा, अच्छा गुण, कड़ी मेहनत ,अच्छा अनुशासन होना चाहिए। यह सभी गुण अच्छा नागरिक बनाता है। बचपन से इसका अनुकरण करना चाहिए। मौके पर सामी




बालानजीनप्पा और निकेत कुमार ने भी अपना संदेश दियो बच्चों के लिए अच्छे-अच्छे संदेश दिया और भविष्य निर्माण करने के लिए सतत प्रयत्न करने का आग्रह किय। बच्चों ने श्री बालाजीनप्पा द्वारा रचित वीर चंद्रशेखर कृर्ति आजाद क्रांति के लघु नाटक को प्रस्तुत कियो इस कार्यक्रम में बच्चों के अलावा मौसमी भदौरी,नूरजहां,बूशरा नाज, निदा प्रवीण, संतोषी साहू, काजल साहू ? और रिंका कुमारी आदि उपस्थित थे।

## 73 प्रतिशत मतदान के लिए आजसू कार्यकताओं ने दी बधाई

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय ब्लॉक मोड लोहरदगा में मतदान के बाद समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भारती की अध्यक्षता में रखी गई ।एक एक बूथ की समीक्षा की गई। कई दौर की समीक्षा बैठक, अलग-अलग प्रखंड, पंचायत की समीक्षा करने के बाद इस नतीजे पर पहुंचे कि आजसू अच्छी जीत दर्ज करेगी। जिसमें जिला इकाई के सभी पदाधिकारी, संयोजक मंडलीके संयोजक, प्रखंड अध्यक्ष, सचिव, प्रखंड प्रभारी, नगर अध्यक्ष, सचिव आदि उपस्थित रहे। एक-एक बूथ की समीक्षा की गई। बुथ की समीक्षा के बाद यह निष्कर्ष निकला कि आजसू पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ लोहरदगा विधानसभा जीत रही है।

## धरती अब्बा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम के साथ मनायी गयी



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में पूर्व संध्या पर धरती अब्बा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। वही विद्यालय के प्रधानचार्य द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम प्रारम्भ द्वारा किया गया।प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का देश की आजादी के लिये दिया गया सर्वोच्च बलिदान को कभी भुलाया नही जा सकता है।भैया बहनों को बताते हुए उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को खूंटी जिला अन्तर्गत उलिहातु ग्राम में एक किसान परिवार में हुआ था।बचपन से अंग्रेजो का अत्याचार को देख भगवान बिरसा मुंडा के मन अंग्रेजो के प्रति विद्रोह की भावना जगी जिसे अंग्रेजों के विरुद्ध जनजातीय विद्रोह उलगुलान प्रारम्भ किया जिसका नेतृत्व स्वयं भगवान बिरसा मुंडा कर रहे थे।साथ ही कहा कि जंगल जमीन की लड़ाई लड़ने वाले महान आदिवासी जन चेतना के लोकनायक भगवान बिरसा मुंडा के शौर्य बलिदान को सच्चे मायने में कभी भुलाया नही जा सकता है।साथ ही उन्होंने समाज के अंदर की कई बुराइयों को दूर किया था।इस अवसर पर भैया बहनों के बीच विद्यालय में कई तरह का खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर प्रतिभा देवी,सुषमा देवी,मीना देवी,संध्या कुमारी,मालती कुमारी,रिंकी कुमारी,निधि कुमारी,जयप्रकाश सिंह सहित विद्यालय के भैया बहन उपस्थित थे।



# बाल दिवस पर याद किए गए नेहरू

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शहर के रियाडा के पीछे स्थित ब्लूमिंग बड्र्स पब्लिक स्कूल लोहरदगा में बाल दिवस बहुत ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित जवाहरलाल नेहरू की फोटो में माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके बाद विद्यालय के सभी बच्चों के द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर केक काटा गया। उसके बाद विद्यालय के संचालक मुकेश कुमार गुप्ता ने बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को शुभकामनाएं दी एवं बाल दिवस के बारे में बताया। वही बच्चों को दो कहानियां भी सुनाई जिसमें एक गुरु और तीन शिष्य की कहानी थी



कहानी में यह बताया की कार्य को लक्ष्य की प्राप्ति तक जारी रखना चाहिए तथा यह भी बताया कि प्रत्येक मनुष्य का मन दो घोड़े के समान होता हैं जिसमें एक सकारात्मक एवं एक नकारात्मक होता है विद्यालय के संचालक ने बच्चों को सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों घोड़े के बारे में बताया कि सकारात्मक घोड़ा हमेशा कार्य करने के लिए प्रेरित करता है एवं नकारात्मक घोड़ा कार्य से भागने की ओर प्रेरित करता है। प्रत्येक विद्यार्थी को ही निर्धारित करना होता है कि उसे किस घोड़े की सवारी करनी है । साथ ही साथ यह भी कहा के प्रत्येक विद्यार्थी को अपने माता-पिता का कहना आवश्यक मानना चाहिए एवं जो भी कार्य माता-पिता बोले कम से कम उसे करने का प्रयत्न करना चाहिए।

# समाजसेवी डॉ टी साहू ने मतदाताओं, जिला प्रशासन व मीडिया का जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



झारखंड प्रदेश तेली महासभा के मुख्य संरक्षक, निंगनी काली पूजा समिति के आजीवन संरक्षक, भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर सोसाइटी, विश्व हिंदू परिषद, जय श्री राम समिति के संरक्षक व सामाजिक कार्यकर्ता सह दंत चिकित्सक डॉ टी साहू ने लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए मतदाताओं का आभार प्रकट किया है। वही जिला प्रशासन की महती भूमिका के लिए उन्हें धन्यवाद दिया है। इसके अलावा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया जगत के साथियों को भी धन्यवाद दिया है। डॉ टी साहू ने कहा कि सभी की सहभागिता के कारण आज लोहरदगा विधानसभा चुनाव में 73 प्रतिशत से ज्यादा मतदान संपन्न हो सका। यह लोहरदगा विधानसभा चुनाव का अबतक का सबसे ज्यादा मतदान प्रतिशत है। इससे पहले इतनी ज्यादा प्रतिशत मतदान कभी नहीं हुआ है। यह सब जिला प्रशासन की सक्रियता, मीडिया के साथियों के न्यूज कवरेज और राजनीतिक दलों की सक्रियता से संभव हो सका है। कहा कि देश, राज्य व समाज के संपूर्ण विकास के लिए अपने बहुमूल्य वोट का प्रयोग कर आमजनता ने अपना लोकतांत्रिक कर्तव्य निभाया है। डॉ टी साहू ने सामाजिक संगठनों, धार्मिक संगठनों, राजनीतिक दलों और युवाओं महिलाओ वृद्धजनों का भी आभार जताया है।

## भंडरा प्रखंड में विस चुनाव का मतदान शांतिपूर्ण रूप से हुआ संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

भंडरा प्रखंड में बुधवार को विस चुनाव का मतदान शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। जिसमें भंडरा प्रखंड के 48794 मतदाताओं में 37253 मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 17820 पुरुष मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि 19433 महिला मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें लोहरदगा विधानसभा के 30 मतदान केंद्रों में 28835 मतदाता में 21932 मतदाताओं ने वोट डाला। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 10500 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 11432 रहा।

इसी तरह भंडरा प्रखंड अंतर्गत बिशुनपुर विधानसभा अंश के 24 मतदान केंद्रों में 19959 मतदाता में 15321 मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें पुरुष मतदाता 7320 तथा 8001 महिला मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया है। भंडरा प्रखंड में सर्वाधिक मतदान केंद्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुमारिया मतदान केंद्र संख्या 305 में 86.73 प्रतिशत रहा। बता दें कि प्रखंड में शांतिपूर्ण रूप से विस चुनाव संपन्न कराने को लेकर प्रखंड प्रशासन सजग दिखे।

## एसपी की सक्रियता से निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान हुआ संपन्न

**लोहरदगा।** जिले में विधानसभा चुनाव संपन्न हो गया है। इसको लेकर मतदाताओं मे गजब का जोश देखने को मिल रहा था। जिसका परिणाम रहा कि इस बार मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी दर्ज किया गया है। जिले के पुलिस कप्तान हारीश बिन जमाँ, अपने नेतृत्व और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के तहत मतदान प्रक्रिया को सुचारू और निष्पक्ष बनाया। उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ मिलकर मतदान बूथों का निरीक्षण कर रहे थे ताकि वोटर्स खुलकर मतदान करें। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा इंतजामों पर विशेष ध्यान दिया, ताकि मतदाता बिना किसी डर या भय के अपना वोट दे सकें। बूथों पर सुरक्षा इतनी सख्त रखी जा रही है कि एक परिंदा भी पर नहीं मार सके। वही सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी भी की जा रही थी। जिला कंट्रोल रूम में पूरे विधानसभा क्षेत्र की निगरानी की जा रही थी, ताकि किसी भी अनहोनी घटना पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। पुलिस कप्तान की देखरेख में यूनिक बूथों पर विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे कि हर मतदाता का विश्वास बना रहे।इस चुनाव के इस समय में पुलिस कप्तान की नेतृत्व क्षमता और उनकी दूरदर्शिता से मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष और भयमुक्त यह सुनिश्चित हो सका।

## जनजातीय गौरव दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय, लोहरदगा में जनजातीय गौरव दिवस (भगवान बिरसा मुंडा की जयंती) के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिरसा मुंडा के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन से किया गया। आचार्या रेणु दीदी ने बिरसा मुंडा के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के छात्रों ने भाषण प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली के रूप में आचार्या यशोदा कुमारी और ऋद्धि मिश्रा ने अपनी भूमिका निभाई। प्रथम स्थान



किरण कुमारी, द्वितीय स्थान उज्जवल देवघरिया और तृतीय स्थान कमला उराँव ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, कविता कुमारी, नीतू कुमारी, सनोज कुमार साहू, सत्यम सतलज, रितेश कुमार पाठक और आरती भगत सहित सभी आचार्य-दीदी और भैया - बहनों का योगदान रहा।

## कुड़ू में खड़े ट्रक में बाइक सवार ने मारी टक्कर, एक की मौत




**कुड़ू - लोहरदगा।** कुडू लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143 ए कुडू थाना अन्तर्गत जिमा पेट्रोल पंप के समीप खड़े बोरिंग करने वाले ट्रक में एक तेज रफ़्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कुडू सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया है। मृतक की पहचान बिहार के गया जिले के गुरुवा थाना क्षेत्र के नासेर गांव के रहने वाले आशुतोष रंजन 26 पिता संतोष प्रसाद के रूप में हुई है। मृतक कावेरी सीड्स लिमिटेड ग्रेन कंपनी में लोहरदगा टेरेटरी मैनेजर के रूप में कार्यरत था।

## कांग्रेस कार्यकत्ताओं की मेहनत 23 नवंबर को दिखाई देगी : धीरज प्रसाद साहू



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा के राजेंद्र भवन में पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज साहू की अध्यक्षता में बैठक हुआ जिसमे सभी कार्यकत्ताओं का उत्साह देखते बन रहा था और सबों ने कहा की लोहरदगा जिला की आपसी सौहार्द सद्भावना बनाये रखने का धीरज प्रसाद साहू के आह्वान पर लोहरदगा की जनता ने अपर स्नेह और आशीर्वाद कांग्रेस के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉ. रामेश्वर उरांव को दिया है जिससे आम कार्यकत्ताओं तथा अमन चैन पसंद लोगों की जीत मानी जाएगी ` इस अवसर पर पूर्व सांसद ने कहा की कार्यकत्ताओं का मनोबल और उत्साह से ऐसा लगता है की लोहरदगा ने अमन चैन आपसी सौहार्द सद्भावना और राहुल गाँधी की नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान को लोगों ने पसंद किया है और भारी मतों से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विजयी होंगे इस अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, संदीप गुप्ता जिला परिषद सदस्य, हाजी अफसर कुरैशी, हाजी सज्जाद खान, तनवीर गौहर, राजेश लाल, प्रोफेसर कुद्दूश कुरैशी, हाजी सफदर आलम, उदय गुप्ता, मोहम्मद दानिस अली, विशाल डूंग डूंग, नितीश जायसवाल विधायक प्रतिनिधि, नेहाल कुरैशी, एकरामूल अंसारी, अंसार अहमद, बबलू कुरैशी,हातिम अहमद समेत अन्य लोग उपस्थित थे ।

# कुड़ू में हथियार के साथ दो नाबालिग लड़के निरुद्ध, लूना जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। कुड़ू - लोहरदगा**

कुडू थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह हथियार के साथ दो नाबालिग लड़को को निरुद्ध किया है। थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो को सुचना मिली कि दो नाबालिग एक लुना बाइक से गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र से सप्लाई करने के लिए हथियार लेकर कुडू पहुंचने वाले हैं। सूचना पर विधि-व्यवस्था संधारण व सुरक्षा व्यवस्था और गिरोह को पकड़ने के लिए पुलिस ने जाल बिछाया। इसी बीच सुबह के करीब सात बजे एक लुना से दो नाबालिग कुडू इंदिरा गांधी चौक से रांची की तेज रफ्तार से पार हुए। पुलिस ने शक के आधार पर उनका पीछा किया तो पुलिस को देख लूना लेकर रुद शिवाजी चौक से माराडीह जाने वाले सड़क पर प्रवेश कर गए और लुना छोड़कर भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने खदेड़कर पकड़ा। पुलिस ने दोनों को संरक्षण में लेकर तलाशी ली तो एक लड़के के कमर से एक कट्टा बरामद किया गया। पुछताछ के क्रम में पुलिस को जानकारी दी है कि देशी कट्टा को चंदवा थाना क्षेत्र के एक हथियार सप्लायर को देना था लेकिन पुलिस को देख रास्ता भटक गए तथा पुलिस गिरफ्त में फंस गए। इधर चुनाव के दुसरे दिन हथियार के साथ अलग थाना क्षेत्र के लड़को के घुमने को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। गिरफ्तार लड़कों के पुराने इतिहास, आपराधिक सगठनो से संपर्क होने सहित विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। निरुद्ध कार्रवाई में कुडू थाना प्रभारी के अलावा एसआई कुंदन कुमार, लवकुश सिंह, प्रेम प्रकाश के साथ पुलिस बल के जवान शामिल थे।




### चोरी से लेकर गंभीर अपराधों तक में नाबालिगों की उपस्थिति समाज के लिए बनती जा रही नासूर

स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुरी तरह शराब, गांजा और भिन्न भिन्न प्रकार के नए नशे की चपेट में आकर कम उम्र के (नाबालिग) लड़के कुडू बाजार टांड़ सहित अन्य इलाके में दिन से लेकर देर रात तक दोपहिया वाहनों में विचरण करते देखे जा सकते हैं। जिन्हें अपने नशे की पूर्ति के लिए पैसों की जरूरत पड़ती है उसे पूरी करने के लिए चोरी सेंधमारी जैसी घटना को भी अंजाम देने से परहेज नही करते।

गुमला जिले में तीनों विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम मशीनें सुरक्षित

# ब्रजगृह सील, 23 नवंबर को खुलेगा उम्मीदवारों का भविष्य



## ईवीएम की सुरक्षा पर प्रशासन का विशेष ध्यान

प्रशासन ने ईवीएम की सुरक्षा के लिए पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की है। इसके लिए पुलिस के जवानों और अर्धसैनिक बलों की विशेष तैनाती की गई है। गुमला जिला प्रशासन ने स्ट्रॉन्ग रूम्स में लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य सुरक्षा उपकरणों की भी जांच कराई है, ताकि किसी भी प्रकार की असुरक्षा या गड़बड़ी की संभावना न रहे। ईवीएम के सुरक्षित रूप से स्ट्रॉन्ग रूम में जमा होने के साथ ही प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के बीच उत्सुकता बढ़ गई है। अब सभी की निगाहें 23 नवंबर की मतगणना पर टिकी हैं, जब यह पता चलेगा कि जनता ने किसके पक्ष में फैसला दिया है।

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** विधानसभा चुनाव के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद जिले के गुमला, सिसई, और बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्रों के कुल 995 मतदान केंद्रों से ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) को सुरक्षित रूप से जमा कर लिया गया है। इन सभी ईवीएम मशीनों को तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग ब्रजगृह (स्ट्रॉन्ग रूम) में रखा गया है, जहां उन्हें सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच सील कर दिया गया है। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। इसके बाद ईवीएम मशीनों को सिसई विधानसभा (67) के 332, गुमला विधानसभा (68) के 314, और बिशुनपुर विधानसभा (69) के 349 मतदान केंद्रों से एकत्रित किया गया। इन्हें प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुरक्षा केंद्रों तक लाया गया और वहां स्ट्रॉन्ग रूम में सील कर दिया गया। गुमला जिले के सभी स्ट्रॉन्ग रूम्स में ईवीएम को सुरक्षित रखने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इन केंद्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सके। सीलिंग प्रक्रिया के दौरान सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं चुनाव में भाग ले रहे प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। स्ट्रॉन्ग रूम्स में ताले लगाकर उन पर सरकारी मोहर लगाई गई और इसके बाद वहां पर सुरक्षा गार्डों की तैनाती की गई है। स्ट्रॉन्ग रूम्स में ईवीएम सील होने के साथ ही अब उम्मीदवारों का भाग्य भी सील हो गया है। 23 नवंबर को मतगणना के दिन ही यह तय होगा कि जनता ने किस उम्मीदवार को अपना प्रतिनिधि चुना है।

बाघिमा में पिकअप वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को मारी टक्कर

# एक की मौत, एक गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** गुमला-सिमडेगा नेशनल हाईवे पर बघिमा गांव के लिटिल गार्डन स्कूल के पास एक दर्दनाक हादसे में वोट देकर घर लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक, 22 वर्षीय रोहित गोप (पुत्र विनोद गोप) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे 30 वर्षीय जनक साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल जनक साहू को पहले गुमला सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर मारने के बाद पिकअप वाहन मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों ने पीछा कर वाहन को पकड़ लिया, हालांकि चालक फरार हो गया। पिकअप वाहन खाली था और गुमला से पालकोट की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि यह वाहन बसिया के एक व्यक्ति का है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और घायल युवकों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने रोहित गोप को मृत घोषित कर दिया। रोहित का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। इस घटना से रोहित के परिजन गहरे सदमे में हैं और अस्पताल में उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

## गुमला में 15 नवंबर को अगहन जतरा का आयोजन

**गुमला।** गुमला जिले में हर साल की तरह इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 15 नवंबर 2024 को अगहन जतरा का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन के प्रति लोगों में उत्साह देखते ही बन रहा है, और इसकी तैयारी जोरों पर है। आयोजन समिति द्वारा जतरा स्थल की साफ-सफाई, रंग-रोगन आदि का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस आयोजन में गुमला जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कई नृत्य समूह पारंपरिक आदिवासी नृत्यों का प्रदर्शन करेंगे, जो इस क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को संजोए हुए हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### ऑल्टो कार ने मोटरसाइकिल को मारी जोरदार टक्कर मोटरसाइकिल सवार समेत तीन लोग हुए घायल



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय बड़ा ट्रांसफार्मर के समीप अल्टो कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार तीन लोग घायल हो गए घायलों में गम्हरिया निवासी गोपाल यादव, सुरेश गोप,चाची निवासी अनिल यादव के नाम शामिल हैं। घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गोपाल गोप को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के मिली जानकारी के अनुसार गोपाल यादव सुरेश गोप और अनिल यादव मोटरसाइकिल से घाघरा से गम्हरिया अपने घर लौट रहे थे। वहीं विपरीत दिशा से आ रही अल्टो कार ने टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार तीनों घायल हो गए। वही मौके से अल्टो कार चालक ने कार को लेकर फरार हो गया। वही पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### 9 साल पुराने कुत्ते के काटने का असर : पनसो के 13 वर्षीय लड़के की हालत गंभीर, सदर अस्पताल में भर्ती



**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के पनसो निवासी 13 वर्षीय अंकित कुमार की हालत गुरुवार अपराह्न बिगड़ने के बाद उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, 9 वर्ष पूर्व 5 साल की उम्र में अंकित को एक कुत्ते ने गाल पर काटा था, जिसके बाद उसे हिमाचल प्रदेश के सरकारी अस्पताल में एंटी रेबीज का टीका लगाया गया था। हालांकि, पिछले 4 वर्षों में उसकी सेहत बिगड़ती चली गई—वह सुस्त हो गया, चलने-फिरने और बात करने में असमर्थ हो गया, हाथ मुड़ गए, और पेट फूलने लगा। हाल ही में उसकी हालत और भी बिगड़ गई, और उसमें हाइड्रोफोबिया (पानी से डर) के लक्षण दिखने लगे। परिजनों ने इलाज पर लाखों रुपये खर्च किए और रिम्स रांची में भी इलाज कराया, लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं हुआ। अंकित का फिलहाल सदर अस्पताल में इलाज जारी है।

### परिणाम से पहले उम्मीदवारों के हार जीत के कयासों का बाजार गर्म



**बसिया (गुमला)।** चुनाव का समापन हो चुका है। चुनावी अधिसूचना जारी होने से लेकर मतदान के समापन तक रोज नये नये समीकरण बनते रहे और क्षण प्रतिक्षण यहां कभी भारतीय जनता पार्टी का उम्मीदवार जीतता रहा तो कभी झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रत्याशी क्लीन स्वीप करता नजर आया। अब जबकि चौपालों की चुनावी गर्मा गर्मी का समापन हो गया है तो कयासों का बाजार भी सुस्ताने लगा है। अभी राज्य में चुनाव बाकी है और परिणाम आने के लिए कुछ दिन बाकी लेकिन चौक-चौराहों पर उम्मीदवारों के हार और जीत के क्यासों का बाजार गर्म हो गया है। लोग बस इसी की चर्चा कर रहे हैं। बताते चलें कि इन कयासों के विपरीत अब जमीनी हकीकत पर भी चचाएं होने लगी हैं। कल तक राष्ट्रीय मुद्दों के साथ साथ मुख्यमंत्री मैंया योजना से लेकर गोगो योजनाओं की चचाओं का बोलबाला था तो इन बातों को लेकर गरमागरम बहसों से चौपालें गुलजार रहा करती थी। आज सबकुछ एकबारगी बदला बदला नजर आया और चुनाव की समाप्ति के साथ यहां महंगाई व साग सब्जियों के भाव की बातें चर्चा के केन्द्र में नजर आने लगी। बदले हुए इस चौपाली तानेबाने की बात करें तो मतदान के समाप्त होते ही टमाटर के भाव में गिरावट का विषय यहाँ ट्रेंड करता नजर आया।

## एक नजर

### बरगांव मंदिर के पास सड़क हादसे में युवक गंभीर, सदर अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** गुमला-सिमडेगा नेशनल हाईवे पर बरगांव मंदिर के पास टैंसेरा निवासी छोटू गोप सड़क पर अनियंत्रित होकर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत ऑटो से गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, छोटू के सिर में गंभीर अंदरूनी चोटें आई हैं, और स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रांची रेफर किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि छोटू किसी काम से बरवाटोली की ओर गया था और लौटते समय अनियंत्रित होकर गिर गया, जिससे उसे सिर पर गंभीर चोटें लगीं।

### गुमला में लर्निंग आउटकम्स एंड पेडागोजिज पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**गुमला।** गरुवार को सीबीएसई के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल, गुमला में 'लर्निंग आउटकम्स एंड पेडागोजिज' विषय पर एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. रमाकान्त साहु ने स्टार इंटरनेशनल स्कूल रांची की समृद्धि सिंह और लेडी के.सी. राय मेमोरियल कॉलेज के सिराजुद्दीन पंडित का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निमार्ता हैं और टीचिंग-लर्निंग प्रक्रिया का संवर्धन आवश्यक है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और स्वागतगान से हुआ। इस दौरान, रिसोर्स पर्सन ने लर्निंग सायकल, लर्निंग ऑब्जेक्टिव्स और आउटकम्स, ब्लूम्स टैक्सोनॉमी, क्रिटिकल थिंकिंग और प्रॉब्लम सॉल्विंग, लैब-बेस्ड लर्निंग, और प्रॉब्लम-बेस्ड लर्निंग पर विस्तार से चर्चा की। शिक्षकों के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं, और लेशन प्लान भी तैयार किए गए।

### झारखंड नवनिर्माण दल आज घाघरा में मनाएगा बिरसा मुंडा की जयंती

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा 15 नवंबर 2024 को वीर बिरसा मुंडा की जयंती बड़े सम्मान और उल्लास के साथ घाघरा में मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में दल के प्रमुख नेता और विभिन्न वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य के प्रमुख मुद्दों जैसे भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, बढ़ते अपराध, पलायन और मानव तस्करी के खिलाफ आगामी वर्ष 2025 के लिए व्यापक आंदोलन की रणनीति तय करना है। इस अवसर पर सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी के नेता और झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। दल के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में राज्य के विकास और इन समस्याओं से निपटने के लिए भावी कार्य योजना पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# सिसई के स्कूल में बाल दिवस पर बच्चों ने विभिन्न खेलों में दिखाया उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** गुमला के सिसई स्थित माउंट ऑलिव्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में 14 नवंबर को पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मोत्सव के अवसर पर बाल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में बच्चों के मनोरंजन और खेल-कूद के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नन्हें-मुन्ने बच्चों के खेल प्रतियोगिताओं से हुआ। स्पून रेस, फायर इन द माउंटेन, कबड्डी, बैलून रेस, वॉलीबॉल और रस्सा कसी जैसे खेलों का आयोजन किया गया। स्पून रेस में यूकेजी की स्वाती उरांव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फायर इन द माउंटेन खेल में अंश राज, मनीषा मुंडा और आर्यन मिंज विजेता बने। कबड्डी में रेड ग्रुप ने जीत हासिल की, जबकि वॉलीबॉल और रस्सा कसी में ग्रीन ग्रुप ने विजयी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल की उप प्रधानाचार्या सोशन लकड़ा ने सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शिक्षक आकाश लाल, भरत प्रसाद, सुधीर किंडो, अमित कुमार, दीपशिखा किंडो, प्रियंका किंडो, सुनीता लकड़ा, सुदर्शन सिंह, सुनीता कुमारी, और आवंती उरांव भी उपस्थित रहे। बाल दिवस का यह आयोजन बच्चों के लिए मनोरंजन और सीखने का एक शानदार अनुभव बना, जिसमें बच्चों ने खेलों के माध्यम से आपसी सहयोग, खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का आनंद लिया।

### गुमला में बाल दिवस पर लायंस क्लब ने किया बच्चों के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**गुमला।** लायंस डिस्ट्रिक्ट 322अ के 'वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी' अभियान के अंतर्गत आज बाल दिवस के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ गुमला ने चंचल सिग्नेस स्कूल, अरमई में आयोजित कार्यक्रम में भागीदारी निभाई। इस अवसर पर स्कूल परिवार की ओर से बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रस्तुतियाँ दी गईं। स्कूल के शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, जिन्हें देख लायंस क्लब के सदस्य भी बच्चों के साथ सामूहिक नृत्य में शामिल हो गए। कार्यक्रम के दौरान, चंचल स्कूल के निदेशक सुबोध कुमार लाल ने अतिथियों, शिक्षकों, और बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चे देश और गुमला का भविष्य हैं। उन्होंने बच्चों के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षित जीवन पर विचार करने की आवश्यकता पर बल दिया। लायंस क्लब के सचिव अशोक कुमार जायसवाल ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महेश प्रसाद गुप्ता ने बच्चों को देखकर अपने बचपन की यादें ताजा कीं और पढ़ाई के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर लायंस क्लब के गुलाब चंद्र प्रसाद ने स्कूल की प्रगति के लिए शुभकामनाएँ दीं, वहीं योगेंद्र प्रसाद साहू ने स्कूल के अनुशासन और सफाई की सराहना करते हुए निदेशक सुबोध लाल की प्रशंसा की।

## पंखराज बाबा कार्तिक उरांव का 100वें जन्म दिवस 17 को

**गुमला।** पंखराज बाबा कार्तिक उरांव के 100वें जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित सरना धर्म महासम्मेलन की समीक्षा बैठक 17 नवंबर 2024, रविवार को सुबह 11 बजे सम्मेलन मैदान, पालकोट रोड, गुमला में होगी। इस बैठक की जानकारी प्रार्थना सभा संचालन समिति के अध्यक्ष सुशील केरकेट्टा ने दी। समीक्षा बैठक में जिला कमिटी, वर्तमान संचालन समिति, सरना समाज के सभी शुभचिंतकों, और गुमला जिले के सभी प्रखंडों के पदाधिकारियों व अगुवाओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

विधिक सेवा प्राधिकरण पर चला जागरूकता अभियान

## बच्चों को अधिकार और कर्तव्यों की दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** बाल दिवस के अवसर पर गुमला जिले में झालसा और जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार ध्रुव चंद्र मिश्र के निदेर्शानुसार और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के नेतृत्व में विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों में पीएलवी और एलएडीसी सदस्यों द्वारा बच्चों के अधिकार, कर्तव्य और कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुमला संप्रेषण गृह में भी इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला रामकुमार लाल गुप्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए बाल दिवस का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि हमारे प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से विशेष लगाव रखते थे और उन्हें देश का भविष्य मानते थे। इसी कारण उनकी जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान देने और एक अच्छे नागरिक बनने की सलाह दी। इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड की अध्यक्ष मिस रीमा कुमारी ने भी बच्चों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में बच्चों के बीच मिठाइयाँ भी बाँटी गईं। उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में एलएडीसी बुंदेश्वर गोप, अस्थाई लोक अदालत के पूर्व सदस्य शंभू सिंह, संप्रेषण गृह के अधीक्षक अविनाश कुमार गिरी, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, और डालसा के प्रकाश कुमार पांडे शामिल थे।

गुमला जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में सियासी संघर्ष के बाद सट्टा बाजार में बढ़ी हलचल

# झामुमो और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** झारखंड के गुमला जिले के तीन प्रमुख विधानसभा क्षेत्र–गुमला, बिशुनपुर, और सिसई में कल ही मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। मतदान के बाद अब इन क्षेत्रों में हार-जीत को लेकर माहौल में नई सरगर्मी देखने को मिल रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इन तीनों क्षेत्रों में हार-जीत का फैसला काफी करीबी हो सकता है। इस बार मतों का अंतर बेहद कम रहने का अनुमान है, जिससे सियासी हलकों और सट्टा बाजार दोनों में खासी हलचल मची हुई है। विश्लेषकों का कहना है कि इन विधानसभा क्षेत्रों में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच सीधी टक्कर है। दोनों पार्टियों के समर्थक पूरे जोश में हैं, लेकिन इस कड़े मुकाबले ने सट्टा बाजार को भी हवा दी है। स्थानीय चौक-चौराहों पर लोग चुनावी परिणामों पर चर्चा करते नजर आ रहे हैं। हार-जीत पर दांव लगाने वालों का उत्साह चरम पर है, और सट्टा बाजार में लाखों-करोड़ों का दांव लगने की खबरें आ रही हैं। सट्टा के माहौल में भी चर्चा है कि परिणाम बेहद मामूली अंतर से तय होंगे, जिससे सट्टा लगाने वालों की धड़कनें बढ़ गई हैं। इन विधानसभा क्षेत्रों में इस बार निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी मजबूती से अपनी दावेदारी पेश की है। कई निर्दलीय प्रत्याशियों ने क्षेत्रीय प्रभाव के चलते झामुमो और भाजपा के वोट बैंक में सेंधमारी की है। कुछ क्षेत्रों में इन निर्दलीय उम्मीदवारों ने पार्टी उम्मीदवारों के लिए चुनौती पेश की है, जिससे मुकाबला और रोमांचक बन गया है। खासकर ग्रामीण इलाकों में निर्दलीय प्रत्याशियों की पकड़ ने मुख्य दलों के उम्मीदवारों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। सट्टा बाजार में अनुमान लगाया जा रहा है कि गुमला, बिशुनपुर और सिसई की हार-जीत पर करोड़ों रुपये का दांव लग चुका है। सट्टा बाजार से जुड़े लोगों का कहना है कि ऐसा पहली बार हुआ है जब इन विधानसभा क्षेत्रों के परिणामों पर इतनी बड़ी रकम का दांव लगाया गया है।

### चेंबर ऑफ कॉमर्स ने मतदाताओं और व्यापारी बंधुओं का आभार व्यक्त किया

**गुमला।** गुमला विधानसभा में इस वर्ष मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लेकर लोकतंत्र को मजबूत किया। अनेकों सामाजिक संस्थाओं और गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा चलाए गए मतदाता जागरूकता अभियान का असर साफ दिखाई दिया, जिससे पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई। इस बार मतदान का प्रतिशत 65.46% दर्ज किया गया, जो कि पिछले चुनाव के 63.63% से अधिक है। गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया, विशेष रूप से उन व्यापारी बंधुओं का, जिन्होंने चेंबर के आह्वान पर अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और अपने कर्मचारियों को अवकाश देकर मतदान के लिए प्रेरित किया। चेंबर ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए गुमला पुलिस और जिला प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया। इसकी जानकारी चेंबर ऑफ कॉमर्स के मीडिया प्रभारी आनंद गुप्ता ने दी।

गुमला में गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व पर भव्य शोभा यात्रा

## नगर में जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुमला के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जशपुर रोड से भव्य शोभा यात्रा सह नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। बैंड बाजों के साथ निकली इस शोभा यात्रा में चार साहिबजादे और पंज प्यारे अगुवाई कर रहे थे, जबकि सजी हुई गाड़ी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब विराजमान थे। सिख समुदाय के श्रद्धालु भजन-कीर्तन और गुरु नानक की जयजयकार करते हुए नगर में शोभा यात्रा में शामिल हुए। शोभा यात्रा का स्वागत चैंबर ऑफ कॉमर्स, सद्भावना मंच और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा किया गया। जगह-जगह संगत द्वारा चाय-नाश्ते के लंगर का प्रबंध भी किया गया। गुरुद्वारा प्रबंध समिति ने बताया कि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के दिन विशेष दीवान सजाते हुए पाठ-कीर्तन एवं सभी के भले की अरदास के साथ विशाल लंगर का आयोजन किया जाएगा। शोभा यात्रा में गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी सेवा सरदार महेंद्र सिंह ने निभाई, जबकि निशान साहिब की सेवा में दिलदार सिंह रहे। शोभा यात्रा में सिख समाज के युवा, बच्चे, बुजुर्ग सभी मिलकर भाग ले रहे हैं।

# गुमला जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर भाजपा और जेएमएम ने जताया अपनी-अपनी जीत का दावा

J.M.M | BJP

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** गुमला जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर मतदान संपन्न होने के बाद राजनीतिक दलों के बीच जीत को लेकर तीखी बयानबाजी जारी है। भाजपा और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने अपने-अपने दावे पेश किए हैं, दोनों दलों ने जीत के लिए अपने-अपने कारण गिनाए हैं। भाजपा ने दावा किया कि हेमंत सरकार जनता के भरोसे पर खरा नहीं उतरी है और हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने वादों के विपरीत काम किया है और जनता इससे नाखुश है। भाजपा के अनुसार, लोगों ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनकी योजनाओं पर विश्वास जताते हुए भाजपा के पक्ष में भारी मतदान किया है। प्रवक्ता ने कहा कि जनता ने बड़ी संख्या में भाजपा के लिए वोट डालकर हेमंत सरकार को सबक सिखाने का काम किया है। वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भी अपनी जीत का दावा करते हुए कहा कि गुमला जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर झामुमो की विजय निश्चित है। झामुमो के प्रवक्ता ने राज्य सरकार की ओर से किए गए कार्यों को जनता के समर्थन का मुख्य कारण बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, जिनका लाभ इस चुनाव में स्पष्ट रूप से झामुमो को मिलेगा। प्रवक्ता ने विश्वास जताया कि भारी मतों से झामुमो तीनों सीटों पर जीत दर्ज करेगी। दोनों दलों के दावों के बीच जनता की उम्मीदें और चुनावी नतीजों पर नजरें टिकी हुई हैं। गुमला जिले में भाजपा और झामुमो के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है, जहां जनता ने अपने मताधिकार का उपयोग कर अपनी पसंद का नेतृत्व चुनने की ओर कदम बढ़ाया है। चुनाव परिणाम आने के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि जनता का भरोसा किस दल पर कायम है।

दक्षिणी कोयल नदी घाट पर आज होगा देव दीपावली का भव्य आयोजन

# 21 हजार दीपों से सजेगा घाट



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** बसिया प्रखंड के दक्षिणी कोयल नदी के घाट पर 15 नवंबर को देव दीपावली का भव्य आयोजन किया जाएगा। देव दीपावली पूजा समिति, कोनबीर के शरद कुमार होता ने जानकारी दी कि विधानसभा चुनाव से संबंधित व्यवधान के कारण आयोजन स्थगित करने का विचार था, लेकिन अब आयोजन की पुष्टि हो गई है। स्थानीय मान्यता के अनुसार देव दीपावली पर देवता धरती पर आते हैं, जिसके उपलक्ष्य में यहां दीपोत्सव का आयोजन होता है। इस दिन पूरे क्षेत्र में दीप जलाए जाते हैं, और बसिया से होकर बहने वाली दक्षिणी कोयल नदी के मनोरम घाट पर सामुदायिक दीपोत्सव का अद्भुत नजारा देखने दूर-दूर से लोग आते हैं।दक्षिणी कोयल नदी के घाट को 21 हजार दीयों से सजाकर देवताओं की पूजा की जाएगी, जो इस दिन दुल्हन की तरह सजा होगा। इस धार्मिक अनुष्ठान को पुरोहित कामेश्वर होता द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा।

## संपादकीय

# भगवान बिरसा मुंडा के बिरसाइत धर्म के विपरीत दुष्प्रचार

बिरसा मुंडा महान क्रांतिकारी थे, जनजातीय समाज की रक्षा,शोषण और ईसाई धर्मांतरण से बचाने, अंग्रेजों और उनके पिट्ठुओं के अत्याचारों से बचाने, समाज मे व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए बिरसाइत धर्म की भी स्थापना की । 'अबुआ दिशुम अबुआ राज' अर्थात अपनी धरती अपना राज का नारा दिया था । जर्मनी में जन्में किंतु संस्कृत के ज्ञान के कारण अंग्रेजों द्वारा भारत बुलाये गए मेक्समूलर ने आर्यन इन्वेजन थ्योरी का अविष्कार किया। मेक्समूलर ने लिखा कि आर्य एक सुसंस्कृत, शिक्षित, बड़े विस्तृत धर्म ग्रन्थों वाली, स्वयं की लिपि व भाषा वाली घुमंतू किंतु समृद्ध जाति थी। इस प्रकार मैक्समूलर ने आर्य इंवेजन थ्योरी के सफेद झूठ का पौधा भारत मे बोया जिसे बाद मे अंग्रेजी शिक्षा पद्धति ने एक बड़ा वृक्ष बना दिया। यद्दिप बाद मे 1921 मे हड़प्पा व मोहनजोदाड़ो सभ्यता मिलने के बाद आर्यन थ्योरी को बड़ा धक्का लगा किंतु अंग्रेजों ने अपनी शिक्षा पद्धति, झूठे इतिहास लेखन व षड्यन्त्र के बल पर इस थ्योरी को जीवित रखा। खेद की बात यह है कि अंग्रेजों के जाने के पश्चात भारत मे एक बड़ा वर्ग ऐसा बना जो कहने को तो भारतीय संतति ही है किंतु उसकी मानसिकता भारत विरोधी है। यह वर्ग सेकुलर, नक्सलवादी, माओवादी, बुद्धिजीवी, प्रगतिशील, जनवादी, आदि आदि नामों से आपको समाज सेवा के नाम पर समाज व देश को तोड़ते हुये बड़ी सहजता से मिल जाएगा। सिंधु घाटी सभ्यता की श्रेष्ठता को छुपाने व आर्य द्रविड़ के मध्य विभाजन रेखा खींचने की यह कथा बहुत विस्तृत चली व अब भी इस कथित विघ्नसंतोषी वर्ग द्वारा चलाई जा रही है किंतु इन्हे हमारा समाज अब भी चिन्हित नहीं कर पाया है। आज सबसे महती आवश्यकता इस बात की है कि वनवासी समाज मे घुसपैठ कर रहे इस कालनेमी वर्ग को पहचानना और उनके देशविरोधी, समाज विरोधी चरित्र पर ढके हुये छदम आवरण को हटाना। इस विघ्नसंतोषी वर्ग की बातों को अलग कर यदि हम भारत के जनजातीय समाज व अन्य समाजों मे परस्पर एकरूपता की बात करें तो कई कई अकाट्य तथ्य सामने आते हैं। कथित तौर पर जिन्हे आर्य व द्रविड़ अलग अलग बताया गया उन दोनों का डीएनए परस्पर समान पाया गया है। दोनों ही शिव के उपासक हैं। प्रसिद्ध एन्थ्रोपोलाजिस्ट वारियर एलविन, जो कि अंग्रेजों के एडवाइजर थे, ने जनजातीय समाज पर किए अध्ययन मे बताया था कि ये कथित आर्य और द्रविड़ शैविज्म के ही एक भाग है और गोंडवाना के आराध्य शंभूशेक भगवान शंकर का ही रूप हैं। माता शबरी, निषादराज, सुग्रीव, अंगद, सुमेधा, जांबवंत, जटायु आदि आदि सभी जनजातीय बंधु भारत के शेष समाज के संग वैसे ही समरस थे जैसे दूध मे शक्कर समरस होती है। प्रमुख जनजाति गोंड व कुड़ुख भाषा का शब्द जोहार रामचरितमानस के दोहा संख्या 320 में भी प्रयोग हुआ है। मेवाड़ में किया जाने वाला लोक नृत्य गवरी व वोरी भगवान शिव की देन है जो कि समूचे मेवाड़ी हिंदू समाज व जनजातीय समाज दोनों के द्वारा किया जाता है। बिरसा मुंडा, टंटया भील, रानी दुर्गावती, ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, अमर शहीद बुधू भगत, जतरा भगत, लाखो बोदरा, तेलंगा खड़िया, सरदार विष्णु गोंड आदि आदि कितने ही ऐसे वीर जनजातीय बंधुओं के नाम हैं जिनने अपना सर्वस्व भारत देश की संस्कृति व हिंदुत्व की रक्षा के लिये अर्पण कर दिया।जब गजनी से विदेशी आक्रांता हिंदू आराध्य सोमनाथ पर आक्रमण कर रहा था तब अजमेर, नाडोल, सिद्ध पुर पाटन, और सोमनाथ के समूचे प्रभास क्षेत्र में हिंदू धर्म रक्षार्थ जनजातीय समाज ने एक व्यापक संघर्ष खड़ा कर दिया था।

> आज सबसे महती आवश्यकता इस बात की है कि वनवासी समाज मे घुसपैठ कर रहे इस कालनेमी वर्ग को पहचानना और उनके देशविरोधी, समाज विरोधी चरित्र पर ढके हुये छदम आवरण को हटाना।

# गुरुनानक देव समाजक्रांति एवं धर्मक्रांति के पुरोधा



ललित गर्ग

> **1526** में जब बाबर द्वारा देश पर हमला करने के बाद गुरु नानकदेवजी ने कुछ शब्द कहे थे तो उन शब्दों में पहली बार हिंदुस्तान शब्द का उच्चारण हुआ था- खुरासान खसमाना कीआ हिंदुस्तान डराईआ।

भारतीय संस्कृति में गुरु नानकदेव एक महान पवित्र आत्मा थे, वे ईश्वर के सच्चे प्रतिनिधि थे। सिख धर्म के दस गुरुओं की कड़ी में प्रथम हैं गुरु नानक। अणु को विराट के साथ एवं आत्मा को परमात्मा के साथ एवं आत्मज्ञान को प्राप्त करने के एक नए मार्ग की परंपरा का सूत्रपात गुरुनानक ने किया है, यह किसी धर्म की स्थापना नहीं थी। उन्होंने परम सत्ता या संपूर्ण चेतन सत्ता के साथ तादात्म्य स्थापित करने का मार्ग बताया। यही वह सार्वभौम तत्व है, जो मानव समुदाय को ही नहीं, समस्त प्राणी जगत को एकता के सूत्र में बांधे हुए हैं। इसी सूत्र को अपने अनुयायियों में प्रभावी ढंग से सम्प्रेषित करते हुए 'सिख' समुदाय के प्रथम धर्मगुरु नानक देव ने मानवता एवं सर्वधर्म सद्भाव का पाठ पढ़ाया। उन्होंने समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने के लिए लंगर परंपरा की शुरूआत की थी, जहां गरीब-राजा, ऊंच-नीच सभी लंगर खाते थे। उन्होंने ह्यनिर्गुण उपासनाह्ण पर जोर दिया और उसका ही प्रचार-प्रसार किया। वे मूर्ति पूजा नहीं करते थे और न ही मानते थे। ईश्वर एक है, वह सर्वशक्तिमान है, वही सत्य है, इसमें ही नानक देव का पूरा विश्वास था। उनका धर्म और अध्यात्म लौकिक तथा पारलौकिक सुख-समृद्धि के लिए श्रम, शक्ति, भक्ति एवं मनोयोग के सम्यक नियोजन की प्रेरणा देता है।

गुरु नानक देव की शिक्षाएं आज अधिक प्रासंगिक हैं क्योंकि उन्होंने मानवता और सत्कर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया था। उन्होंने समाज में कई बदलाव लाने का काम किया, उन्होंने स्त्रियों को पुरुषों के साथ बराबरी का दर्जा दिया और वैवाहिक जीवन को पवित्र माना। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी धर्म, जाति, और सम्प्रदाय के लोगों को समान रूप से शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने आडंबर और अंधविश्वासों का खंडन किया और ईश्वर की प्रत्यक्ष भक्ति पर जोर दिया। उन्होंने अंतर-धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए संवादों का महत्व बताया और निस्वार्थ सेवा को बढ़ावा देते हुए करुणा, परोपकारिता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दिया।

गुरुनानक का जन्म 1469 में लाहौर के निकट तलवंडी में हुआ था। दीपावली के पन्द्रह दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा को जन्में गुरु नानक देव सर्वधर्म सद्भाव की प्रेरक मिसाल है। उनके जन्म दिन को हम प्रकाश पर्व, गुरु पर्व, गुरु पूरब भी कहते हैं। वे अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म-सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त एवं विश्वबंधु - सभी गुणों को समेटे हैं। उनमें प्रखर बुद्धि के लक्षण बचपन से ही दिखाई देने लगे थे। वे किशोरावस्था में ही सांसारिक विषयों के प्रति उदासीन हो गये थे। गुरुनानक देव एक महापुरुष व महान धर्म प्रवर्तक थे जिन्होंने विश्व से सांसारिक अज्ञानता को दूर कर आध्यात्मिक शक्ति को आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। उनका कथन है- रैन गवाई सोई कै, दिवसु गवाया खाय। हीरे जैसा जन्मु है, कौड़ी बदले जाय। उनकी दृष्टि में ईश्वर सर्वव्यापी है और यह मनुष्य जीवन उसकी अनमोल देन है, इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्हें हम धर्मक्रांति के साथ-साथ समाजक्रांति का प्रेरक कह सकते हैं। उन्होंने एक तरह से सनातन धर्म को ही अपने भीतरी अनुभवों से एक नये रूप में व्याख्यायित किया। गुरु नानकजी ने गुलामी, नस्लीय भेदभाव, और लिंगभेद की निंदा की। वे कहते थे कि पैसे हमेशा जेब में होने चाहिए, हृदय में नहीं। मनुष्य को लोभ का त्याग करना चाहिए और सदैव परिश्रम से धन कमाना चाहिए। वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। आपके स्वभाव में चिंतनशीलता थी तथा आप एकांतप्रिय थे। आपका मन स्कूली शिक्षा की अपेक्षा साधु-संतों व विद्वानों की संगति में अधिक रमता था। बालक नानक ने संस्कृत, अरबी व फारसी भाषा का ज्ञान घर पर रहकर ही अर्जित किया। इनके पिता ने जब पुत्र में सांसारिक विरक्ति का भाव देखा तो उन्हें पुनः भौतिकता की ओर आसक्त करने के उद्देश्य से पशुपालन का कार्य सौंपा। फिर भी नानकदेव का अधिकांश समय ईश्वर भक्ति और साधना में व्यतीत होता था।

नानक के बचपन में ही अनेक अद्भुत घटनाएँ घटित हुईं जिनसे लोगों ने समझ लिया कि नानक एक असाधरण बालक है। कहते हैं कि नानकदेवजी से ही हिंदुस्तान को पहली बार हिंदुस्तान नाम मिला। लगभग 1526 में जब बाबर द्वारा देश पर हमला करने के बाद गुरु नानकदेवजी ने कुछ शब्द कहे थे तो उन शब्दों में पहली बार हिंदुस्तान शब्द का उच्चारण हुआ था- खुरासान खसमाना कीआ हिंदुस्तान डराईआ। एक और घटना है- नानक ग्रीष्म ऋतु की चिलचिलाती धूप में किसी ग्राम में गए। वहाँ वे गर्मी से बेहाल विश्राम करने के लिए बैठ गए। उन्हें कब नींद आ गई पता ही नहीं चला क्योंकि एक बड़े सर्प ने अपना फन फैलाकर उन्हें छाया प्रदान कर दी थी। गाँववाले यह दृश्य देखकर स्तब्ध रह गए। गाँव के मुखिया ने उन्हें देवस्वरूप समझकर प्रणाम किया। तभी से नानक के नाम के आगे ह्यदेवह्ण शब्द जुड़ गया। वे कालांतर में ह्यगुरु नानकदेवह्ण के नाम से विख्यात हुए। उनका उद्देश्य भी भारतीय धर्म और संस्कृति की रक्षा करना ही था। गुरुनानक देव का जीवन सदैव समाज के उत्थान में बीता। गुरुनानक देव जी ने न केवल शिक्षाएं दीं, बल्कि स्वयं भी इसका पालन किया। उन्होंने करतारपुर साहिब में बिताए अपने जीवन के आखिरी 18 वर्षों में खेतों में हल चला कर यह बताया कि हर इंसान को अपने जीवन में मेहनत करनी चाहिए। एक अन्य रोचक घटना में उनके पिता ने उन्हें गृहस्थ आश्रम की ओर ध्यानाकर्षित करने के लिए तत्कालीन नबाव लोदी खाँ के यहाँ नौकरी दिलवा दी। वहाँ उन्हें भंडार निरीक्षक की नौकरी प्राप्त हुई। परंतु नानक वहाँ भी साधु-संतों पर बेहिसाब खर्च करते रहे। इसकी शिकायत नवाब तक पहुँची तब उसने नानक के खिलाफ जाँच के आदेश दे दिए। परंतु आश्चर्य की बात यह थी कि उस जाँच में कोई कमी नहीं पाई गई। एक बार नानकदेव भ्रमण के दौरान मक्का पहुँचे। वह थकान के कारण काबा की ओर पैर करके सो गए। जब वहाँ के मुसलमानों ने यह दृश्य देखा तो वे अत्यधिक क्रोधित हुए। चमत्कार उस समय घटित हुआ जब लोग उनका पैर जिस दिशा में करते उन्हें उसी दिशा में काबा के दर्शन होते। यह देखकर सभी ने उनसे श्रद्धापूर्वक क्षमा माँगी।



गुरु नानक देव ने 'गुरुग्रंथ साहब' नामक ग्रंथ की रचना की। यह ग्रंथ पंजाबी भाषा और गुरुमुखी लिपि में है । इसमें कबीर, रैदास व मलूकदास जैसे भक्त कवियों की वाणियाँ सम्मिलित हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

# मूडीज ने भी माना अमेरिकन कंपनियों की पहली पसंद बनेगा भारत



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की एतिहासिक जीत जहां दुनिया के कई देशों के लिए संकट बनकर उभरी है, वहीं भारत के लिए ट्रंप का सत?ता में आना हर तरह से लाभदायक रहने जा रहा है। वैसे, इस वक्त भारत की अर्थव्यवस्था का वर्तमान मूल्य 3.5 ट्रिलियन डॉलर है और वैश्विक स्तर पर पाँचवीं सबसे बड़ी जीडीपी बना हुआ है। देश में पिछले दशक की तुलना में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश दोगुना हुआ है। आगे भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। लेकिन उसे विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए अभी अनेक कार्य सफलता के साथ करने हैं। जिसमें एक बड़ा फैक्टर अंतरराष?ट्रीय राजनीति एवं अर्थ०?व्था का है। भारत को सभी ओर से पूरी तरह यदि यह साथ मिलता है, तो हो सकता है कि वह दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था अपने तय समय 2030 से पहले ही बन जाए। इस नजरिए से अमेरिकन राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत भारत की सफलता में नया इतिहास लिखती दिख रही है। दरअसल, पहले आर्थकि रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि वर्तमान में 3,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। भारत फिलहाल दुनिया की सबसे तेज विकास दर से आगे बढ़ रहा है। लेकिन अब अर्थव्यवस्था की मुख?य रेटिंग देने वाली एजेंसी मूडीज ने भी मान लिया है कि अमेरिका की सत्ता में हुए बदलाव का लाभ विश्व के कई देशों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था को होने जा रहा है। मूडीज के अनुसार ट्रंप के शासनकाल में अमेरिका की वैश्विक नीतियों में जो बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे उनमें राजकोषीय, व्यापार, जलवायु और प्रवासी मुद्दे शामिल हैं।

मूडीज की रेटिंग्स के विश?लेषण से यह भी सामने आया है कि भारत को मुख्य फायदा अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर के कारण होने जा रहा है, क्योंकि एशियाई क्षेत्र में काम करने के लिए चीन में बैठी कई अमेरिकी कंपनियां भारत में भी चाइना प्लस वन नीति के तहत बड़ा निवेश कर सकती हैं। ट्रंप का चीन के विषय पर व्यापक टैरिफ भी भारत की अर्थव्यवस्था को एक बड़ी गति देने का काम करेगा, क्योंकि ट्रंप चीनी आयात पर भारी टैक्स लगाने के संकेत दे चुके हैं। इसके साथ ही एशिया-प्रशांत रणनीतिक क्षेत्र में अमेरिकी दखल बढ़ने से चीन की मुश्किलें बढ़ सकती है। यह बदलाव संभवतः चीन की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा और क्षेत्रीय विकास को प्रभावित करेगा। इसके विपरीत, भारत और आसियान जैसे देशों को इस बदलते परिदृश्य में नए अवसर मिल सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## देश की बात

# देश में बढ़ रही कुतर्क की राजनीति



सुरेश हिन्दुस्तानी

राजनीति में सकारात्मक दिशा के अभाव में देश को जो नुकसान उठाना पड़ता है, वह भले ही प्रत्यक्ष रूप में दिखाई नहीं दे, लेकिन उससे समाज पर प्रभाव अवश्य ही होता है. अगर यह प्रभाव नकारात्मक चिंतन की धारा के प्रवाह को गति देने वाला होगा तो देश को भी अपने अस्तित्व के लिए जूझना पड़ता है। वर्तमान में जिस प्रकार की राजनीति की जा रही है, उसे भटकाव पैदा करने वाली राजनीति कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। इतना ही नहीं, जो विषय राजनीति के नहीं होने चाहिए, उनको भी राजनीतिक दल राजनीति के दल दल में ले जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार के किसी भी निर्णय का अपने हिसाब से परिभाषित करना राजनीति का प्रिय विषय बनता जा रहा है। इससे प्रायः मूल विषय बहुत पीछे छूट जाता है और बहस कहीं और चली जाती है। आज के राजनीतिक वातावरण का अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता है कि सभी राजनीतिक दलों के अपने अपने एजेंडे हैं। कोई भी किसी दूसरे की बात को ऐसे तर्क देकर उसका प्रक्षालन करते हैं, जैसे केवल उनकी ही बात सही है और बाकी सब गलत बयानी कर रहे हैं। हालांकि यह बात सही है कि कमी सभी जगह होती है, लेकिन कुछ अच्छे काम भी होते हैं, आज इन अच्छे कामों की चर्चा कहीं भी नहीं हो रही है। सब एक दूसरे की गलतियां निकालने में ही राजनीति का मुख्य उद्देश्य बनता जा रहा है। यह राजनीति की सकारात्मक दिशा तो कतई नहीं मानी जा सकती। हाँह्ल इसे नकारात्मक राजनीति अवश्य कहा जा सकता है। ऐसी राजनीति आम जनता में भटकाव पैदा करती है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है, क्योंकि जो जनता सरकार के विरोध का विचार रखती है, वह विपक्ष की हर बात को सही मानकर ही व्यवहार करेगी और जो विपक्ष की बातों पर भरोसा नहीं करती, उसे सत्ता पक्ष की बात मानने के लिए मजबूर होना पड़ता है। वास्तव में ऐसी राजनीति के बजाय देश हित की राजनीति करने की ओर सभी दलों को आगे आना चाहिए। लेकिन आज के वातावरण में ऐसा होना संभव नहीं लगता। क्या यह सही नहीं है कि देश में भाजपा के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनी है, लेकिन विपक्ष इस बहुमत वाली सरकार को पराजित सरकार कहकर लोकतंत्र का मजाक उड़ा रहा है। हालांकि यह मानने में कोई अतिरेक नहीं है कि विपक्ष पहले से मजबूत हुआ है, लेकिन वह विपक्ष में ही है। इसको भी खुले मन से स्वीकार करने की मानसिकता बनानी होगी, तभी हम कह सकते हैं कि राजनीति देश को सही दिशा में ले जाने की हो रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

> जब कभी भी हमारे मित्रों तथा प्रियजनों के साथ कोई मनमुटाव हो जाए तो उस अप्रिय घटना में उलझने के लिए हमें आन्तरिक रूप से स्वयं को दोषी ठहराना चाहिए और फिर उस स्थिति से जितना शीघ्र तथा शालीनतापूर्वक सम्भव हो सके, निकल जाना चाहिए।

# दूसरों के साथ मिलजुल कर रहना



श्री श्री परमहंस योगानंद

सभी सुखों में महानतम सुख, दिव्य सुख के बाद दूसरे स्थान पर अपने निकटतम सम्बन्धियों, जिनके साथ हमें वर्ष में प्रत्येक दिन रहना पड़ता है. से शान्ति बनाए रखना है। जब लोग मानवीय सिवनाओं की अत्यन्त जटिल मशीनरी को, किसी भी प्रकार के प्रशिक्षण के बिना, संचालित करने का प्रयास करते हैं, तब उसके अनुगामी परिणाम प्रायः अनर्थकारी होते हैं। बहुत कम लोगों को यह बोध है कि हमारा अधिकांश सुख मानव व्यवहार के सिद्धान्त को समझने की कला में निहित है। यही कारण है कि अधिकांश लोग प्रायः अपने मित्रों के साथ झंझट मोल ले लेते हैं, और इससे भी बुरी बात यह है कि वे घर में, अपने अति प्रियजनों के साथ निरन्तर झगड़ा करते रहते हैं।

**बेमेल सम्बन्धों के साथ व्यवहारः** मनुष्य के उचित व्यवहार का आधारभूत नियम है आत्म-सुधार।... जब कभी भी हमारे मित्रों तथा प्रियजनों के साथ कोई मनमुटाव हो जाए तो उस अप्रिय घटना में उलझने के लिए हमें आन्तरिक रूप से स्वयं को दोषी ठहराना चाहिए और फिर उस स्थिति से जितना शीघ्र तथा शालीनतापूर्वक सम्भव हो सके, निकल जाना चाहिए। चिल्लाकर, निर्दयतापूर्वक, अभद्ररूप से दूसरों को दोषी ठहराकर, झंझट को बढ़ावा देना निरर्थक है, चाहे हमें पता भी हो कि वे ही दोषी हैं।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**पद है, कुछ सम्मान, पर, मान बहुत है सा'ब।**
**भले किनारे पर खडी, अभी ज्ञान की नाव॥**

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

## अलग बात

# किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता सोशल मीडिया



डॉ सत्यवान सौरभ

किशोरों पर सोशल मीडिया के प्रभाव ने वैश्विक स्तर पर गंभीर चिंताएँ पैदा की हैं, इस बात पर बहस चल रही है कि क्या आयु प्रतिबंध इसके संभावित नुकसानों को प्रभावी ढंग से दूर कर सकते हैं या अनपेक्षित परिणामों को जन्म दे सकते हैं। साथियों के साथ बातचीत और समुदाय निर्माण की सुविधा देता है, सामाजिक कौशल विकास में सहायता करता है। प्यू रिसर्च (2023) ने पाया कि 71% किशोर सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक जुड़ाव महसूस करते हैं। युवाओं को पहचान तलाशने और खुद को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सोशल मीडिया इंटरनेट साइट्स और ऐप्स के लिए एक शब्द है जिसका उपयोग आप अपने द्वारा बनाई गई सामग्री को साझा करने के लिए कर सकते हैं। सोशल मीडिया आपको दूसरों द्वारा पोस्ट की गई सामग्री पर प्रतिक्रिया देने की सुविधा भी देता है। इसमें दूसरों द्वारा पोस्ट की गई तस्वीरें, टेक्स्ट, प्रतिक्रियाएँ या टिप्पणियाँ और जानकारी के लिंक शामिल हो सकते हैं।

सोशल मीडिया साइट्स के भीतर ऑनलाइन शेयरिंग कई लोगों को दोस्तों के संपर्क में रहने या नए लोगों से जुड़ने में मदद करती है और यह अन्य आयु समूहों की तुलना में किशोरों के लिए अधिक महत्त्वपूर्ण हो सकता है। दोस्ती किशोरों को उनकी पहचान बनाने में भूमिका निभाती है। इसलिए, यह सोचना स्वाभाविक है कि सोशल मीडिया का उपयोग किशोरों को कैसे प्रभावित कर सकता है। सोशल मीडिया बहुत से किशोरों के दैनिक जीवन का एक बड़ा हिस्सा है। कितना बड़ा? 13 से 17 साल के बच्चों पर 2024 में किए गए एक सर्वेक्षण से इसका संकेत मिलता है। लगभग 1, 300 प्रतिक्रियाओं के आधार पर, सर्वेक्षण में पाया गया कि 35% किशोर दिन में कई बार से ज्यादा पाँच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में से कम से कम एक का इस्तेमाल करते हैं। पाँच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हैंः यूट्यूब, टिकटॉक, फेसबुक, इंस्टाग्राम और स्नैपचैट। सोशल मीडिया सभी किशोरों को एक जैसा प्रभावित नहीं करता है। सोशल मीडिया का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर स्वस्थ और अस्वस्थ प्रभावों से जुड़ा हुआ है। ये प्रभाव एक किशोर से दूसरे किशोर में अलग-अलग होते हैं। मानसिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया का प्रभाव चीजों पर निर्भर करता है। यूनिसेफ की रिपोर्ट (2022) से पता चलता है कि सोशल मीडिया 62% किशोरों में आत्म-पहचान को बढ़ावा देता है। विशाल शैक्षिक संसाधनों तक पहुँच सक्षम करता है, डिजिटल साक्षरता और कौशल को बढ़ाता है। लिंक्डइन और फेसबुक युवाओं के लिए डिजिटल कौशल पर कार्यशालाएँ प्रदान करते हैं। हाशिए के समूहों के लिए समर्थन और समझ पाने के लिए सुरक्षित स्थान बनाता है हल्ड (2022) ने सीमित सोशल मीडिया एक्सपोजर वाले युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य जोखिमों में 20% की कमी की रिपोर्ट की है। अनुचित या खतरनाक सामग्री के संपर्क को सीमित करता है, जिससे नकारात्मक प्रभावों के जोखिम कम होते हैं। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन (2023) ने पाया कि सोशल मीडिया का उपयोग साइबर बुलिंग के जोखिम को 30% तक बढ़ाता है। युवा उपयोगकताओं को लक्षित करने वाले शिकारी व्यवहार और शोषण के जोखिमों को कम करने में मदद करता है। नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन की 2023 की रिपोर्ट में युवाओं से जुड़े ऑनलाइन शोषण के मामलों में 15% की वृद्धि पर प्रकाश डाला गया है। अत्यधिक स्क्रीन समय को नियंत्रित करता है, बेहतर स्वास्थ्य और ऑफलाइन जुड़ाव का समर्थन करता है। डिजिटल मीडिया पर दक्षिण कोरिया के नियम (2021) नाबालिगों में स्क्रीन की लत को सीमित करते हैं।

आयु सत्यापन प्रणाली जैसे आयु प्रतिबंधों के अनपेक्षित परिणाम अक्सर दरकिनार कर दिए जाते हैं, जिससे प्रतिबंधों को लागू करना मुश्किल हो जाता है। यू.के. के अध्ययन (2022) से पता चलता है कि 30% किशोर न्यूनतम प्रयास से आयु जाँच को दरकिनार कर देते हैं। आयु प्रतिबंध डिजिटल शिक्षा को सीमित कर सकते हैं, जिससे युवा ज़िम्मेदार ऑनलाइन बातचीत के लिए तैयार नहीं हो पाते। पहुँच को प्रतिबंधित करने से किशोर अलग-थलग पड़ सकते हैं, जिससे वे महत्त्वपूर्ण सामाजिक संवादों में शामिल नहीं हो पाते। यूनिसेफ (2023) ने पाया कि सोशल मीडिया समावेशिता में मदद करता है, खासकर हाशिए पर पड़े समूहों के लिए। प्रमुख प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध युवाओं को कम विनियमित, संभावित रूप से अधिक हानिकारक साइटों की ओर धकेल सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सीएम योगी के निर्देश पर 48 घंटे के भीतर हो रहा किसानों का भुगतान



**अब तक 543 करोड़ का हुआ भुगतान**

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में खरीफ क्रय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत एजेंसियों द्वारा अब तक 2.86 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीद हो चुकी है। वर्ष 2023-24 में 13 नवंबर तक एजेंसियों द्वारा 2.20 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी, यानी इस वर्ष 65,820 मीट्रिक टन अधिक धान की खरीद हो चुकी है। किसानों को अब तक 543 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। यह दावे बताते हैं कि विपक्ष हकीकत से दूर है और उसके दावे हवा-हवाई हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जनपदों व खाद्य-रसद विभाग के आलाधिकारी क्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण भी कर रहे हैं। सीएम के निर्देश पर किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान भी किया जा रहा है। इस समय तेजी से धान खरीद हो रही है। खाद्य विभाग, पीसीएफ, यूपीएसएस, यूपीपीसीयू, मंडी परिषद और केंद्रीय एजेंसी भारतीय खाद्य निगम एजेंसियों द्वारा पिछले वर्ष 2023-24 तक 13 नवंबर की अवधि में 2.20 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी, जो इस वर्ष 65,820 मीट्रिक टन बढ़कर 2.86 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो चुकी है। इस वर्ष 42,845 किसानों से खरीद हुई है, जबकि पिछले वर्ष तक 35,863 किसानों से खरीद हुई थी। विगत सप्ताह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर धान खरीद को लेकर समीक्षा बैठक की थी। उन्होंने धान खरीद में तत्परता व पारदर्शिता बरतने का निर्देश देते हुए कहा था कि किसानों को हर हाल में 48 घंटे के भीतर भुगतान किया जाए। इसकी नियमित समीक्षा भी की जाए। इस वर्ष किसानों को अब तक 543 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। सीएम ने अफसरों को निर्देश दिया था कि किसानों के बैठने, छाया, पेयजल आदि की बुनियादी सुविधा भी क्रय केंद्रों पर होनी चाहिए।

## मुख्यालय से इसकी मॉनिटरिंग भी की जा रही है

सीएम के निर्देश के उपरांत स्थानीय प्रशासन व खाद्य-रसद विभाग की तरफ से क्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। मुख्यालय से इसकी मॉनिटरिंग भी की जा रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहली अक्टूबर से धान खरीद शुरू हुई थी, जो 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। इस अवधि में बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़, मेरठ, झांसी और लखनऊ संभाग के हरदोई, सीतापुर व लखीमपुर खीरी में भी धान खरीद की जा रही है। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश में पहली नवंबर से धान खरीद प्रारंभ हुई थी, जो 28 फरवरी तक चलेगी। इस अवधि में अयोध्या, गोरखपुर, बस्ती, देवीपाटन, आज़मगढ़, वाराणसी, विंध्याचल, प्रयागराज, कानपुर, चित्रकूट और लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव जनपद में खरीद सुचारू रूप से चल रही है। सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 2,300 रुपये व ग्रेड ए का 2,320 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। किसानों को धान की उतराई, छनाई और सफाई की मद में 20 रुपये प्रति कुंतल की दर से प्रतिपूर्ति भी की जा रही है। उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में किसानों द्वारा धान बिक्री के लिए खाद्य-रसद विभाग व अन्य क्रय एजेंसियों के कुल 4,160 क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं। क्रय केंद्र सुबह 9 से शाम 5 बजे तक संचालित हो रहे हैं। इस वर्ष बंटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण-नवीनीकरण कराते हुए धान की बिक्री जा रही है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए टोल फ्री नंबर 18001800150 जारी किया गया है।

# योगी सरकार सभी मोर्चे पर फेल छात्रों को मेरा पूर्ण समर्थन : अखिलेश



एजेंसी। प्रयागराज

उत्तर प्रदेश में प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी ने पूरी ताकत झोंक रखी है। फूलपुर में गुरुवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रैली में आए लोगों से कहा, "जिस समय हम और आप इस मैदान में एक-दूसरे के सामने हैं, प्रयागराज में बड़ी संख्या में नौजवान आंदोलन कर रहे हैं। यह आंदोलन पढ़े लिखे नौजवान कर रहे हैं। वे नौजवान है जो कल अधिकारी बनेंगे, आज इस सरकार ने उन युवकों को भी आंदोलन में झोंक दिया है। मैं तमाम युवक और युवतियों को बधाई देना चाहता हूं कि अपनी आवाज को बुलंद करने के लिए वे पीछे न हटें। सरकार तमाम तरीके अपनाकर नौजवानों के आंदोलन को दबाना चाहती है। इसके बावजूद नौजवान अपनी मांगों को लेकर सरकार को जगाना चाहते हैं। उन्होंने छात्रों के आंदोलन को "पूर्ण समर्थन" देने की घोषणा की और कहा, "जो लोग 'एक देश, एक चुनाव' की बात कर रहे हैं, वे एक परीक्षा नहीं करवा पा रहे हैं।

# आदिवासी ही भारत के मूल मालिक लेकिन नहीं मिल रही भागीदारी : राहुल गांधी



एजेंसी। मुंबई

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को नंदूरबार की चुनावी सभा में कहा कि आदिवासी ही भारत के मूल मालिक हैं लेकिन उन्हें सरकार में उनके हिस्से की भागीदारी नहीं मिल रही है। उन्हें यह भागीदारी सिर्फ संविधान से ही मिलेगी। राहुल गांधी नंदूरबार में महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में आदिवासी आबादी 8 प्रतिशत है तो भागीदारी भी 8 प्रतिशत होनी चाहिए। केंद्र सरकार जब 100 रुपये खर्च करती है, तो आदिवासी के लिए केवल 10 पैसे तय किए जाते हैं। राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार के लोग सभी आदिवासियों को वनवासी कहते हैं, वे आपके अधिकार छीन रहे हैं। आपकी जमीन, जल, जंगल छीनकर अरबपतियों को दिया जा रहा है। आदिवासी ही भारत के मूल मालिक हैं। इसे बदलने का एक मात्र तरीका जातिगत जनगणना है। इसी से पता चलेगा कि किसकी कितनी आबादी और उसे सरकार में कितनी भागीदारी मिल रही है। राहुल गांधी ने कहा कि जैसे ही उनकी सरकार आएगी, जातिगत जनगणना शुरू की जाएगी। इसके साथ ही आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से बढ़ा दी जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र के बहुत से उद्योग पड़ोसी राज्यों में भेज दिया गया है, जिससे राज्य में बेरोजगारी बढ़ी है। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी सरकार आने पर किसी अन्य राज्य के उद्योग धंधे किसी अन्य राज्य में नहीं भेजे जाएंगे। राहुल गांधी ने प्रचार सभा में महाविकास आघाड़ी के वादों को फिर से दोहराया है।

## संविधान खोखला नहीं इसमें हिन्दुस्तान की आत्मा है : राहुल

**नंदुरबार**। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी गुरुवार को महाराष्ट्र के नंदुरबार में थे। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा। यहां उन्होंने चुनावी सभा को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा है कि दो विचारधाराओं और दो सोच की टक्कर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि मैं जनता के बीच जो संविधान दिखाता हूं वह खाली है। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि संविधान उनके लिए खाली है क्योंकि उन्हें पता नहीं है कि संविधान के अंदर क्या लिखा है। राहुल गांधी ने कहा, मुझे लाल रंग से फर्क नहीं पड़ता है। संविधान के अंदर जो लिखा है इसके लिए मैं जान देने के लिए तैयार हैं। इंडी एलायंस संविधान की रक्षा कर रही है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहना चाहता हूं कि संविधान खोखला नहीं है। इसमें बिरसा मुंडा, भगवान बुद्ध, गांधी, फुले की सोच है। इस संविधान में हिंदुस्तान का ज्ञान है, देश की आत्मा है। जब पीएम नरेंद्र मोदी संविधान को खोखला कहते हैं, तो वे बिरसा मुंडा जी, भगवान बुद्ध, गांधी जी, फुले जी, अंबेडकर जी का अपमान करते हैं। संविधान में आपको 'आदिवासी' नाम दिया गया है। लेकिन भाजपा-आरएसएस के लोग आपको 'वनवासी' कहते हैं। आदिवासी और वनवासी में बहुत बड़ा फर्क है। आदिवासी का मतलब- हिंदुस्तान के पहले मालिक। वनवासी का मतलब- जल, जंगल, जमीन पर आपका कोई अधिकार नहीं है। आपके इसी अधिकार को बचाने के लिए बिरसा मुंडा जी अंग्रेजों से लड़े थे। आज यही सोच लेकर नरेंद्र मोदी और भाजपा के लोग घूम रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा है कि महाराष्ट्र की सरकार यहां के प्रोजेक्ट्स को दूसरे प्रदेश में भेजती है, इस कारण यहां के लोगों को नौकरी करने दूसरे राज्य में जाना पड़ता है। महाराष्ट्र सरकार ने करीब 5 लाख रोजगार छीन लिए। यही कारण है कि यहां के युवा बेरोजगार हैं। लेकिन हमारी सरकार ऐसा नहीं होने देगी। जो प्रोजेक्ट गुजरात का है, वो उनका रहेगा और जो महाराष्ट्र का है, वो यहां से कहीं और नहीं जाएगा।

# राजस्थान के टोंक में एसडीएम को थप्पड़ मारने वाला निर्दलीय उम्मीदवार गिरफ्तार

एजेंसी। टोंक/जयपुर

देवली-उनियारा (टोंक) में वोटिंग के दौरान एसडीएम को थप्पड़ मारने वाले निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विधानसभा के समरावता गांव में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे गिरफ्तारी हुई। इससे पहले बुधवार रात देवली गांव में हुए बवाल में 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इनमें 10 पुलिसवाले भी शामिल हैं। पूरे क्षेत्र में 60 से ज्यादा गाड़ियों को भी उपद्रवियों ने फूंक दिया। दरअसल, समरावता (टोंक) गांव ने उपचुनाव में वोटिंग का बहिष्कार किया था। निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा भी ग्रामीणों के साथ धरने पर थे। इसी दौरान नरेश मीणा ने अधिकारियों पर जबरन मतदान करवाने का आरोप लगाया। एसडीएम अमित चौधरी ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उन्हें



**बवाल के बाद 60 लोग गिरफ्तार, 50 से ज्यादा लोग घायल, 60 से ज्यादा गाड़ियों को फूंका गया**

थप्पड़ मार दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने वोटिंग का टाइम खत्म होने के बाद पोलिंग पार्टियों को भी रोकने की कोशिश की। गुस्साए लोगों ने एसपी विकास सांगवान की गाड़ी भी तोड़ दी। इस बीच पुलिस ने रात करीब 9.30 बजे नरेश मीणा को हिरासत में ले लिया। मीणा के समर्थकों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली तो वे और भड़क गए। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने पुलिस जवानों को घेर लिया और मीणा को छुड़ाकर ले गए। बवाल के बाद पुलिस ने बुधवार रात भर समरावता गांव और आसपास के इलाके में दबिश देकर 60 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस घटनाक्रम में 50 से ज्यादा ग्रामीण और पुलिसवाले घायल हुए हैं। गुरुवार सुबह भी पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। गुरुवार सुबह करीब 9.30 बजे नरेश मीणा अचानक समरावता गांव पहुंचे और पुलिस पर मारपीट आरोप लगाए। इसके बाद आज दोपहर में पुलिस ने एसडीएम को थप्पड़ मारने वाले नरेश मीणा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नरेश मीणा की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे उनके समर्थकों को खदेड़ कर जाम की गई सड़क को खुलवाया।

## कोलकाता जा रही इंडिगो फ्लाइट में बम की सूचना देने वाला यात्री गिरफ्तार

**रायपुर**। इंडिगो फ्लाइट संख्या 6ए812 में में बम होने की सूचना पर गुरुवार सुबह छत्तीसगढ़ के रायपुर में उसकी इमरजेंसी लैंडिग करायी गई। इस मामले को लेकर क्राइम ब्रांच पुलिस ने सूचना देने वाले यात्री अनिमेष मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। माना थाना के प्रभारी भावेश गौतम ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि यात्री अनिमेष मंडल को पूछताछ के लिए ले जाया गया है। पूछताछ के बाद ही पूरे मामले की जानकारी सामने आएगी। बताया गया कि नागपुर से कोलकाता जा रही इस इंडिगो विमान में 150 यात्री सवार थे और यात्री अनिमेष मंडल कोलकाता जाने के लिए फ्लाइट में सवार हुआ था।

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

एजेंसी। इंफाल

मणिपुर के जिरीबाम तथा चुराचांदपुर जिले से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए हैं। मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को बताया कि मणिपुर पुलिस तथा अन्य सुरक्षा बलों ने मणिपुर पुलिस के एक आईजीपी की देखरेख में बड़ाबेकरा थाना अंतर्गत थांगबोइपुंजी, नारायणपुर गांव और जिरीबाम थाना के चंपानगर में घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान जिरीबाम जिले के चंपानगर क्षेत्र से दो डबल बैरल 12 बोर, एक 2 इंच मोर्टार, 36 जिंदा बैरल कारतूस और पांच खाली बैरल कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा चुराचांदपुर जिले के एच कोटलियान गांव से एक .303 राइफल, एक 9 मिमी पिस्तौल, दो शॉर्ट आरजी मॉडिफाइड पंपी, दो लॉन्ग आरजी मॉडिफाइड पंपी, पांच एके 47 जिंदा राउंड, दो 9 मिमी जिंदा राउंड, चार 12 बोर कार्ट केस, 18 नग .303 राइफल संशोधित जिंदा राउंड, 16 कंबल, दो टोपियां और एक स्कार्फ बरामद किये गये।

# यूपीएससी ने संयुक्त चिकित्सा सेवा परीक्षा-2024 का परिणाम घोषित किया

एजेंसी। नई दिल्ली

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने गुरुवार को संयुक्त चिकित्सा सेवा (सीएमएस)-2024 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। यूपीएससी ने एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2024 की लिखित परीक्षा (भाग-क) तथा उसके बाद सितम्बर से नवम्बर, 2024 तक आयोजित व्यक्तित्व परीक्षण (भाग-कक) के परिणाम के आधार पर अंतिम परिणाम तैयार किए गए हैं। श्रेणी-1 के लिए कुल 165 उम्मीदवारों को तथा श्रेणी-कक के लिए 600 उम्मीदवारों को अनुशंसित किया गया है। इसके अलावा 304 अनुशंसित उम्मीदवारों की उम्मीदवारी प्रोविजनल है। संयुक्त चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2024 का अंतिम परिणाम यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। उपर्युक्त पदों पर नियुक्तियां उपलब्ध रिक्तियों की संख्या के अनुसार की जाएंगी तथा उम्मीदवारों द्वारा सभी निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने तथा सभी पूर्व-नियुक्ति औपचारिकताओं और सत्यापनों को संतोषजनक ढंग से पूरा करने के बाद होंगी।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# जमुई में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सफाई कर्मियों के धुले पैर

एजेंसी। जमुई



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने गुरुवार को जमुई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सफाई कर्मचारियों के पैर धुल कर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने जमुई में स्वच्छता अभियान के तहत बुजुर्ग सफाई कर्मियों के पैर धोकर उनको सम्मान दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जमुई आगमन से पहले शहर स्थित श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम में स्वच्छता अभियान का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके उपरांत दोनों ने कचहरी चौक स्थित अंबेडकर प्रतिमा को भी जल से धोकर फूल-माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। समृद्ध होते हैं और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता के संकल्प को साकार करते हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पत्रकारों से कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन की वो अमूल्य धरोहर है, जिससे हम स्वच्छ रहते हैं, समृद्ध होते हैं और पीएम मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का काम करते हैं।

## नासिक से 1333 टन प्याज लेकर कांदा एक्सप्रेस ट्रेन दिल्ली पहुंची

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्याज की खपत के लिए नासिक से 1333 टन प्याज लेकर कांदा एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार को दिल्ली के किशनगंज स्टेशन पहुंची। विभिन्न क्षेत्रों में समय-समय पर प्याज की कम खर्च पर आपूर्ति के लिए रेल रेक द्वारा प्याज का बड़े पैमाने पर परिवहन किया जाता है। उत्तर रेलवे की तरफ से गुरुवार को दी गई जानकारी के मुताबिक इस पहल से नासिक क्षेत्र के प्याज किसानों को थोक परिवहन के माध्यम से अतिरिक्त राजस्व का जरिया मिला है। रेल परिवहन में यह रणनीतिक बदलाव न केवल प्याज की कीमतों को स्थिर करके उपभोक्ताओं का राहत देता है।

# बिहार में कर्मचारियों को सरकार का बड़ा तोहफा, महंगाई भत्ता तीन प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी। पटना



बिहार सरकार ने गुरुवार को सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बिहार कैबिनेट की हुई बैठक में सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ता में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। एक अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि बैठक में कुल 38 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि बैठक में राज्य सरकार के सरकारी सेवकों, पेंशनभोगियों, पारिवारिक पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ता में तीन प्रतिशत के बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। पहले महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत था जिसे बढ़ाकर अब 53 प्रतिशत कर दिया गया है। यह इस साल एक जुलाई से ही प्रभावी माना जाएगा। बैठक में बिहार सोशल मीडिया और ऑनलाइन मीडिया नियमावली 2024 को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा बैठक में सीतामढ़ी के पुनौराधाम मंदिर के आसपास पर्यटकीय विकास के लिए आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए 50.50 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए 120 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि पटना में शहरी क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत करने की मकसद से डीएसपी के तीन, पुलिस इंस्पेक्टर के तीन, दरोगा के नौ, पुलिस अवर निरीक्षक के 18 और सिपाही के 120 समेत 153 पदों के सृजन की भी स्वीकृति इस बैठक में प्रदान की गई है। बैठक में बिहार के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव के लिए सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन को मनोनयन के आधार पर कार्य आवंटन करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई है।

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में दिखी छत्तीसगढ़ की झलक , कलाकारों ने करमा नृत्य से जीता दिल

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली में 43वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का गुरुवार को आगाज हो गया। इसमें 11 देश हिस्सा ले रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में विकसित छत्तीसगढ़ की झलक भी देखने को मिल रही है। छत्तीसगढ़ पवेलियन में राज्य के विकास और विकसित भारत की परिकल्पना में उसकी भूमिका को प्रदर्शित किया गया है। गुरुवार को छत्तीसगढ़ भवन की आवासीय आयुक्त श्रुति सिंह ने राज्य के पवेलियन का उद्घाटन किया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ से आए कलाकारों ने करमा नृत्य की प्रस्तुति दी। बता दें कि इस साल हॉल नंबर 5 के फर्स्ट फ्लोर पर छत्तीसगढ़ का पवेलियन बनाया गया है। 500 वर्ग फुट के क्षेत्र में प्रदर्शन के लिए कुल 11 स्टॉल लगाए गए हैं। 'विकसित छत्तीसगढ़@2047' की अवधारणा पर छत्तीसगढ़ के ग्रामोद्योग, स्वयं सहायता समूह, हैंडलूम, हस्तशिल्प, हर्बल, कृषि विभाग आदि के स्टॉल लगाए गए हैं। वहीं, 20 नवंबर को राज्य सांस्कृतिक दिवस मनाया जाएगा, जहां राज्य की समृद्ध लोक कला और संस्कृति का लोक कलाकार प्रदर्शन करेंगे।

छत्तीसगढ़ का स्टॉल इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र है। यहां ढोकरा कला, कोसा सिल्क, बस्तर के बांस शिल्प और अन्य पारंपरिक



**अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का उद्घाटन केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने किया है। आजादी के 77वें वर्ष में आयोजित इस मेले में विकसित भारत की झलक भी देखने को मिलेगी। इस बार करीब 1.02 लाख वर्ग मीटर क्षेत्रफल में लगने वाले अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में 12 देशों के प्रतिनिधियों के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों के 3,500 से ज्यादा वितरक शामिल होंगे। पार्टनर स्टेट बिहार और उत्तर प्रदेश हैं। फोकस स्टेट में झारखंड है। व्यापार मेला 27 नवंबर तक चलेगा। पहले पांच दिन सिर्फ व्यापारियों के लिए होंगे जबकि बाकी के नौ दिन आम जनता के लिए रहेंगे।**

शिल्पों की झलक देखने को मिलती है। इसके साथ ही, राज्य ने अपने औद्योगिक उत्पादों, विशेष आर्थिक क्षेत्रों और हर्बल उत्पादों को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया है। इस वर्ष की थीम "विकसित भारत@2047" को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ ने अपना स्टॉल तैयार किया है। राज्य ने हाल के वर्षों में अपने आदिवासी क्षेत्रों के विकास, रोजगार सृजन, और औद्योगिक निवेश में उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य ने एक मजबूत औद्योगिक और सामाजिक आधार तैयार किया है, जिसने देश-विदेश के निवेशकों को आकर्षित किया है।

# गुजरात : अहमदाबाद की 13 व सूरत की 2 जगहों पर ईडी की छापेमारी

एजेंसी। अहमदाबाद

फर्जी आईडी से बैंक खाता खोलकर आर्थिक भ्रष्टाचार मामले में एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) ने महाराष्ट्र और गुजरात में कार्रवाई शुरू की है। गुजरात के अहमदाबाद के 13 और सूरत के 3 स्थानों पर ईडी की छापेमारी शुरू की गई है। इसके अलावा महाराष्ट्र के मालेगांव में 2, नासिक में एक और मुंबई के 5 स्थानों पर जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान वोट जिहाद का मामला जमकर उछला था। इसमें बड़े पैमाने पर रुपये के अवैध लेनदेन का आरोप है। इसके लिए फर्जी आईडी के आधार पर बैंक खाते खोले गए। नकली केवाईसी के जरिए बैंक खाते खोलकर आर्थिक लेनदेन की गई। बैंकिंग सिस्टम के दुरुपयोग, जनप्रतिनिधित्व और लोकतंत्र की प्रक्रिया को प्रभावित करने का षड्यंत्र रचा गया। ईडी सूत्रों के अनुसार महाराष्ट्र और गुजरात में




**फर्जी आईडी से बैंक खाता खोलने का मामला**

फर्जी आईडी के आधार पर बैंक खाते खोलकर उसके जरिये बड़ी रकम की लेनदेन की गई है। इसकी पड़ताल के तहत अहमदाबाद के 13 स्थानों और सूरत के 3 जगहों पर छापेमारी की गई। इसके अलावा महाराष्ट्र के मालेगांव में 2 स्थान, नासिक में एक और मुंबई में 5 जगहों पर ईडी टीम की छापेमारी चल रही है। इन छापेमारी के दौरान बड़े पैमाने पर कागजात जब्त किए जाने की भी जानकारी मिली है। ईडी सूत्रों के अनुसार बैंकिंग सिस्टम को झांसा देकर गंभीर रूप से आर्थिक गड़बड़ी की गई है।

## युवाओं के दमदार प्रदर्शन पर कैफ ने कहा

# 'रोहित-विराट ने भारतीय क्रिकेट को सुरक्षित हाथों में छोड़ा है'

**56** गेंदों पर तिलक ने नाबाद 107 रन बनाए

**25** गेंदों पर अभिषेक ने अर्धशतक जड़ा

**2-1** की बढ़त

**8:30** बजे से मैच शुरू आज


तिलक वर्मा

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज मोहम्मद कैफ का मानना है कि सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली टी20 फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद युवाओं को अच्छा प्रदर्शन करते देखकर खुश होंगे। रोहित शर्मा ने इस साल जून में भारत को टी20 विश्व कप का खिताब दिलाया और कोहली के साथ इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा की। इन दोनों के संन्यास के बाद अभिषेक वर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा जैसे युवा खिलाड़ियों ने जिम्मेदारी संभाली और नए कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में अच्छा प्रदर्शन किया। कैफ की यह टिप्पणी तिलक के बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने के बाद आई है, जबकि अभिषेक ने 25 गेंदों में अर्धशतक जड़कर भारत को 219/6 के स्कोर तक पहुंचाया और सेंचुरियन में मैच 11 रन से जीत लिया।

## टी20 सीरीज में टीम इंडिया का दमदार प्रदर्शन जारी


मोहम्मद कैफ

**सेंचुरियन (आईएएनएस)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम इंडिया का दमदार प्रदर्शन जारी है। भारत ने सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में इस सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। इस बीच तीसरे मैच के हीरो रहे युवा भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा ने अपने कप्तान की तारीफ करते हुए उनके मार्गदर्शन और समर्थन की सराहना की। तिलक ने 56 गेंदों पर 7 छक्कों और 8 चौकों की मदद से नाबाद 107 रन बनाए और भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए 219/6 का स्कोर बनाने में मदद की। जवाब में मेजबान टीम 208 रन ही बना पाई। भारत ने टी20 सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। अंतिम मैच शुक्रवार को जोहान्सबर्ग में खेला जाएगा। शतक पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए तिलक ने बताया कि उनके नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने के पीछे क्या रहस्य है। मैच के बाद प्रेजेंटेशन में तिलक ने कहा, ₹मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता। देश के लिए खेलना मेरा सपना था और शतक ऐसे समय पर आया जब टीम को इसकी जरूरत थी। इसका पूरा श्रेय हमारे कप्तान सूर्यकुमार यादव को जाता है। उन्होंने मुझे नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने का मौका दिया। एक बार फिर उनका शुक्रिया। उन्होंने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (जिन्होंने 25 गेंदों पर अर्धशतक बनाया) के साथ 107 रनों की साझेदारी पर कहा, मैंने बस अपने बेसिक्स पर ध्यान दिया। पिच पर शुरूआत से ही वेरिएशन थी और जब अभिषेक आउट हुए तो नए बल्लेबाजों के लिए यह आसान नहीं था। मैं लंबे समय तक बल्लेबाजी करने के लिए तैयार था और एक साझेदारी का इंतजार कर रहा था। सूर्यकुमार ने भी तिलक के नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने के बारे में बात की।

# मोहम्मद शमी का हुआ शानदार कमबैक

**इंदौर,(आईएएनएस)।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने करीब एक साल बाद क्रिकेट के मैदान पर दमदार वापसी की है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में यादगार वापसी करते हुए होलकर स्टेडियम में चार विकेट चटकाए जिससे बंगाल ने मध्य प्रदेश पर पहली पारी में बढ़त हासिल की। गुरुवार को 2018 के बाद से अपना पहला रणजी ट्रॉफी मैच खेल रहे 34 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अपनी क्लास, अनुभव और भरपूर आत्मविश्वास का नजारा दिखाया। उन्होंने 19 ओवर में (4-54) के शानदार स्पैल के साथ बंगाल के लिए अपनी छाप छोड़ी। पहले दिन एक भी विकेट नहीं चटकाने के बाद शमी ने दूसरे दिन जोरदार वापसी की। उन्होंने शुरूआत में ही मध्य प्रदेश के कप्तान शुभम शर्मा को महज आठ रन पर आउट कर दिया।

शमी की पार्टनरशिप तोड़ने और लोअर ऑर्डर को ध्वस्त करने की क्षमता पूरी तरह से देखने को मिली। एक खतरनाक स्पैल में उन्होंने सारांश जैन को बोल्ड किया और इसके बाद कुमार कार्तिकेय और कुलवंत खेजरोलिया को भी पवेलियन का रास्ता दिखाया जिससे मेजबान टीम लड़खड़ा गई।अनुभवी तेज गेंदबाज के प्रदर्शन ने बंगाल को पहली पारी के बाद 61 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने में मदद की।

**05** साल के अंतराल के बाद खेल रहे है शमी

**22** नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के लिए भारतीय टीम में वापसी का रास्ता साफ कर सकता है।

## रणजी ट्रॉफी में बिखेरा जादू


मोहम्मद शमी

### लंका टी-10 सुपर लीग 2024 की शुरूआत 11 दिसंबर को होगी

**कोलंबो (हि.स.)।** लंका टी-10 सुपर लीग के पहले संस्करण की शुरूआत 11 दिसंबर को कैंडी में होगी। पहला मैच जाफना टाइटन्स और हंबनटोटा बांग्ला टाइगर्स के बीच होगा। प्रतियोगिता में छह फ्रेंचाइजी जाफना टाइटन्स, हंबनटोटा बांग्ला टाइगर्स, कोलंबो जगुआर, नुवारा एलिया किंग्स, कैंडी बोल्ट्स और टीम गाले मार्वल्स राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। क्वालीफायर और एलिमिनेटर मैच 18 दिसंबर को खेले जाएंगे। टीम 1 क्वालीफायर 1 में टीम 2 से भिड़ेगी, टीम 3 एलिमिनेटर मैच में टीम 4 का सामना करेगी, जबकि क्वालीफायर 2 में क्वालीफायर 1 की उपविजेता टीम एलिमिनेटर के विजेता से भिड़ेगी।

## विश्व कप के कारण खो-खो और मशहूर होगा : एमएस त्यागी

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत अगले साल जनवरी में पहली बार खो-खो विश्व कप की मेजबानी के लिए तैयार है। जमीनी स्तर पर काम कर चुके केकेएफआई के महासचिव एमएस त्यागी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि यह वैश्विक आयोजन खेल को और अधिक लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

एमएस त्यागी ने कहा, विश्व कप किसी भी महासंघ के लिए बहुत बड़ी बात है। यह टूनामेंट देश में खेल को और अधिक लोकप्रिय बनाने में बड़ी भूमिका निभाएगा। युवा पीढ़ी प्रेरित और प्रोत्साहित



होगी। मुझे पूरा विश्वास है कि भारत में होने वाले विश्व कप की वजह से खो-खो और अधिक मशहूर होगा। त्यागी 1964 से इस खेल से जुड़े हुए हैं और उन्होंने आठ राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं खेली हैं। इसके अलावा, उन्होंने एनआईएस कोर्स में टॉप किया और उन्हें युवा मामले और खेल मंत्रालय में कोच के रूप में नियुक्त किया गया। उन्होंनै लिफोर्निया विश्वविद्यालय के सहयोग से प्रशिक्षण विधि पाठ्यक्रम (फिटनेस) जीटीएमटी और खेल प्रबंधन पाठ्यक्रम पूरा किया और खो-खो के भविष्य के सितारों का मार्गदर्शन करने में इन कौशल और अनुभव का उपयोग करते हैं। पूर्व खिलाड़ी का कोच के रूप में शानदार करियर रहा है क्योंकि उन्होंने कबड्डी और खो-खो दोनों के लिए बहुमूल्य योगदान दिया है।

### पेरू के खिलाफ नई शुरूआत की कोशिश में रिकार्डो गारेका

**सैंटियागो (आईएएनएस)।** चिली के मैनेजर रिकार्डो गारेका का मानना है कि शुक्रवार को पेरू के खिलाफ होने वाला फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैच उनकी टीम के लिए एक नई शुरूआत होगी। चिली वर्तमान में 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में अंतिम स्थान पर है और उसे यूएसए, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले विश्व कप 2026 में स्थान पाने की अपनी उम्मीदों को कायम रखने के लिए आगामी मुकाबले में हर हाल में जीतना होगा। गारेका ने बुधवार को पत्रकारों से कहा, यह एक महत्वपूर्ण समय है और हमें जीतने पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

## कुमामोटो मास्टर्स जापान में पीवी सिंधु की हार के साथ भारत का अभियान समाप्त



**कुमामोटो (जापान), (आईएएनएस)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के लिए गुरुवार का दिन अच्छा नहीं रहा। कुमामोटो मास्टर्स जापान 2024 में एक बड़ी हार के साथ उनका सफर खत्म हो गया है। उन्हें दूसरे दौर के मुकाबले में कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ 21-17, 16-21, 17-21 से हार झेलनी पड़ी। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज सिंधु कनाडा की खिलाड़ी के खिलाफ पहला गेम जीतने के बाद मैच में अपनी लय कायम नहीं रख पाईं और विरोधी खिलाड़ी ने कमबैक करते हुए लगातार अगले दो गेम जीते। पहला गेम हारने के बाद मिशेल ने अंतिम दो गेम में जोरदार वापसी की और यह रोमांचक मुकाबला एक घंटे 15 मिनट तक चला। सिंधु ने दमदार शुरूआत की और पहला गेम 21-17 से अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों ने शानदार नियंत्रण और सटीकता दिखाई, लेकिन सिंधु ने अपने आक्रामक खेल का इस्तेमाल करते हुए पहले बढ़त बनाई। ब्रेक के बाद, उन्होंने दबाव बनाना जारी रखा और आखिरकार अपने चौथे गेम-पॉइंट पर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में मिशेल ने वापसी करते हुए तेज शॉट चयन के साथ जवाब दिया और मैच पर नियंत्रण रखते हुए 21-16 से बराबरी की।



# भारत में थोक महंगाई दर अक्टूबर में बढ़कर 2.36 प्रतिशत रही

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में थोक महंगाई दर अक्टूबर में बढ़कर 2.36 प्रतिशत हो गई है। थोक महंगाई में बढ़त की वजह खाद्य वस्तुओं की कीमतें उच्च स्तर पर रहना है। सितंबर में यह 1.84 प्रतिशत थी। यह जानकारी गुरुवार को सरकार द्वारा जारी आंकड़ों से मिली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, बीते महीने खाद्य उत्पादों की कीमतों में 13.57 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसकी वजह मानसून की देरी से वापसी के कारण फसलों को हुए



नुकसान के बाद आलू और प्याज जैसी सब्जियां का महंगा होना है। विनिर्मित वस्तुओं में थोक महंगाई दर, जिसका थोक मूल्य सूचकांक में भार 64 प्रतिशत से अधिक है, बीते महीने 1.5 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, ईंधन और बिजली की में कीमतों में गिरावट आई और महंगाई दर नकारात्मक (-) 5.79 प्रतिशत रही। सरकार द्वारा मंगलवार को खुदरा महंगाई दर के आंकड़े जारी किए गए थे। अक्टूबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) बढ़कर 6.21 प्रतिशत हो गया है। यह अक्टूबर में 5.49 प्रतिशत था।

## एक दशक में 50 लाख से अधिक कमाने वालों के आयकर रिटर्न की संख्या 5 गुणा बढ़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में 50 लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आय वाले लोगों की संख्या में बीते कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, भारत में 50 लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आय वाले व्यक्तियों की संख्या 2023-24 में बढ़कर 9.39 लाख से अधिक हो गई है, जो 2013-14 में 1.85 लाख से पांच गुणा अधिक है। 50 लाख रुपये से अधिक आय वाले व्यक्तियों की आयकर देनदारी भी 2014 में 2.52 लाख करोड़ रुपये से तीन गुणा बढ़कर 2024 में 9.62 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि 50 लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आय वाले आईटीआर दाखिल करने वालों की संख्या में वृद्धि मोदी सरकार द्वारा कर चोरी विरोधी के कड़े उपाय की वजह से दर्ज हुई। व्यक्तियों द्वारा दाखिल आयकर रिटर्न की संख्या में वृद्धि हुई है, जो 2013-14 में लगभग 3.60 करोड़ से बढ़कर 2023-24 में 7.97 करोड़ हो गई है। यह दशक भर में 121 प्रतिशत की शानदार वृद्धि और मजबूत राजकोषीय स्थिति को दशार्ती है।

### भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2026-27 तक 6.5-7 फीसदी की दर से बढ़ेगी : एसएंडपी



**नई दिल्ली (हि.स.)।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को देश की आर्थिक वृद्धि दर पर जारी अपने अनुमान में कहा कि भारत 31 मार्च, 2027 तक तीन वित्तीय वर्षों में सालाना 6.5-7 फीसदी की विकास दर से आगे बढ़ेगा। रेटिंग एजेंसी ने जारी अपनी वैश्विक बैंक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा है कि बुनियादी ढांचे पर खर्च और निजी खपत से वृद्धि को गति मिलने से भारतीय अर्थव्यवस्था के 31 मार्च 2027 तक तीन वित्त वर्षों (2024-25, 2025-26 और 2026-27) में सालाना 6.5-7 फीसदी के बीच बढ़ने का अनुमान है।

## स्विगी का शेयर लिस्टिंग के दूसरे दिन धड़ाम, 7.50 प्रतिशत की हुई गिरावट




**एजेंसी। मुंबई**

फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी के शेयर में लिस्टिंग के दूसरे दिन गुरुवार को भारी गिरावट देखने को मिली। कंपनी का शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 7.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 421.60 रुपये पर बंद हुआ। दिन के दौरान, स्विगी के शेयर में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। शेयर 473 रुपये पर खुला। सत्र में 489 रुपये प्रति शेयर का उच्चतम स्तर और 418 रुपये का न्यूनतम स्तर छुआ। कारोबार सत्र में ट्रेडिंग वॉल्यूम और वैल्यू क्रमशः 5.61 करोड़ और 2,522 करोड़ रुपये रही। स्विगी का शेयर बुधवार को शेयर बाजार में 7.69 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ 420 रुपये के भाव पर लिस्ट हुआ था। लिस्टिंग के बाद शेयर में खरीदारी देखी गई और कारोबार के अंत में यह 18.97 प्रतिशत बढ़कर 464 रुपये पर बंद हुआ था।

# भारत में बने एप्पल आईफोन की देश से बाहर धड़ाधड़ हो रही बिक्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2025) के पहले सात महीनों में एप्पल ने भारत से आईफोन निर्यात में लगभग 60,000 करोड़ रुपये का नया रिकॉर्ड बना लिया है। आंकड़ों के अनुसार, इस साल अप्रैल-अक्टूबर की अवधि में, क्यूपर्टिनो स्थित टेक दिग्गज ने लगभग 60,000 करोड़ रुपये (7 बिलियन डॉलर से अधिक) मूल्य के आईफोन निर्यात किए, जो चालू वित्त वर्ष में हर महीने लगभग 8,450 करोड़ रुपये (लगभग 1 बिलियन डॉलर) मूल्य के निर्यात बराबर है। इस बार, कंपनी भारत से अपनी 14 और 15 सीरीज के दूसरे लोकप्रिय मॉडलों के अलावा हाल ही में लॉन्च किए गए आईफोन 16 मॉडल का निर्यात कर रही है। वित्त वर्ष 2024 में एप्पल ने 10 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के आईफोन निर्यात किए।

इस वित्त वर्ष में, टेक दिग्गज ने पांच महीने पहले ही 10 बिलियन डॉलर का 70 प्रतिशत हासिल कर लिया है। सरकार की 'मेक इन इंडिया' और पीएलआई योजनाओं के साथ कंपनी एक नया निर्यात रिकॉर्ड बनाने के लिए तैयार है। एप्पल ने पिछले वित्त वर्ष में भारत में 14 बिलियन डॉलर के आईफोन को मैन्युफैक्चर और असेंबल किया और 10 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के डिवाइस का निर्यात किया। भारत से आईफोन निर्यात 2022-23 में 6.27 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 10 बिलियन डॉलर को पार कर गया।

# हुंडई उभरते हुए बाजारों के लिए भारत को बनाएगी प्रोडक्शन हब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की दूसरी सबसे बड़ी कार कंपनी हुंडई मोटर इंडिया (एचएमआई) ने उभरते हुए बाजारों में उनकी कारों की मांग को पूरा करने के लिए भारत को प्रोडक्शन हब बनाने की योजना बनाई है। एचएमआई के प्रबंध निदेशक, अनसू किम ने एक कॉन्फ्रेंस कॉल में कहा कि कंपनी घरेलू बाजार के साथ-साथ अफ्रीका, मध्य पूर्व, लैटिन अमेरिका और दक्षिण एशिया में निर्यात बाजार में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन का विस्तार करेगा। किम ने आगे कहा कि घरेलू के साथ-साथ निर्यात बाजार की वॉल्यूम में भी इजाफा देखा जा रहा है। हमारे पास उभरते हुए बाजारों




के लिए एक अच्छी प्रोडक्ट लाइनअप है। किम के मुताबिक, घरेलू और निर्यात बाजार का अच्छा प्रोडक्ट मिक्स होने के कारण मुनाफा भी बढ़ेगा।

साथ ही बाजार के उतार-चढ़ाव की स्थिति में यह एक नेचुरल हेज का काम करेगा। हुंडई मोटर इंडिया ने बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए हाल ही में पुणे में एक नया संयंत्र हासिल करके अपनी उत्पादन क्षमता का विस्तार किया है। इसके साथ ही भारत में हुंडई की कुल विनिर्माण क्षमता 1.1 मिलियन यूनिट हो गई है। किम ने कहा कि हम भारत में अपना इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) इकोसिस्टम विकसित कर रहे हैं। हम क्रेटा ईवी सहित चार ईवी मॉडल लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं। और हम बैटरी पैक, ड्राइवर ट्रेन और बैटरी शेल जैसी ईवी आपूर्ति श्रृंखलाओं का भी स्थानीयकरण कर रहे हैं।

# पहले चरण में भाजपा दो तिहाई सीट जीत रही बनने जा रही एनडीए सरकार : शिवराज सिंह

**▸ भाजपा की सरकार बनते ही नागरिकता का रजिस्टर बनाया जाएगा और एक-एक घुसपैठिए को चिन्हित कर बाहर निकाला जाएगा**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को झारखंड की बगोदर विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी नागेन्द्र महतो के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। साथ ही चौहान ने देवघर विधानसभा में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में भी शिरकत की।

इस दौरान शिवराज सिंह ने कहा कि, जेएमएम-कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने पूरे प्रदेश को लूटकर तबाह कर दिया है। जनता को लूट रहे हैं, इतना भ्रष्टाचार किया कि एक-एक नेता के घर में 350 करोड़ रुपये निकल रहे हैं। जनता इस सरकार से परेशान है। इसलिए अब जनता ने जेएमएम की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है।



शिवराज सिंह ने कहा कि भाजपा पहले चरण में दो तिहाई सीट जीत रही, झारखंड में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। झारखंड में जेएमएम के कुशासन का अंत होगा और भाजपा के सुशासन का सूर्योदय होगा।

चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस अब झारखंड में विदेशी घुसपैठियों को भी रसोई गैस सिलेंडर देगी। कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने एलान किया है कि, कांग्रेस झारखंड में विदेशी घुसपैठियों को केवल 450 रुपए में सिलेंडर देगी।

शिवराज सिंह ने कहा कि, ये जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी और माले वाले देश भक्त नहीं है। वोटों की लालच में ये घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हैं। विदेशी घुसपैठियों के वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाए जा रहे हैं, उनके आधार कार्ड और राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं। ये घुसपैठिए हमारी बेटियों को भ्रम के जाल में फंसाकर उनसे शादी कर रहे हैं, जमीनों और पंचायतों पर कब्जा कर रहे हैं। रूबीका और अंकिता जैसी बेटियों की निर्मम हत्याएं की जा रही है। घुसपैठिए लगातार आ रहे हैं, हालात ये है कि, संथाल परगना में आदिवासी आबादी 44 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत ही रह गई है। अगर यही स्थिति रही तो झारखंड के निवासी कम हो जाएंगे और घुसपैठिए ज्यादा हो जाएंगे।

शिवराज सिंह ने कहा कि, यहां भाजपा की सरकार बनते ही नागरिकता का रजिस्टर बनाया जाएगा और एक-एक घुसपैठिए को चिन्हित कर बाहर निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि जेएमएम सरकार में अन्याय की अति और जुल्म की पराकाष्ठा है। चारों तरह केवल अत्याचार और लूट मची है। कांग्रेस, जेएमएम, आरजेडी और माले के ये जितने भी नेता हैं, ये जनता को लूट रहे हैं, इतना भ्रष्टाचार किया कि किसी के घर से 350 करोड़ तो किसी के घर से 35 करोड़ रुपए निकल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड में युवाओं को एक नौकरी नहीं मिल रही है, लेकिन इनके नेताओं के घरों से नोटों के पहाड़ बरामद हो रहे हैं। कानून व्यवस्था बद से बदतर है। झारखंड में 7,400 से ज्यादा बलात्कार हुए हैं। हेमंत सोरेन सरकार में हर चीज के रेट तय है। यहां सरकारी दफ्तरों में बिना लेन-देन के कोई काम नहीं होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल जीवन मिशन के लिए हजारों करोड़ रूपए भेजे थे।

## झामुमो नेता दिनेश विलियम मरांडी को कारण बताओ नोटिस जारी

**रांची।** झामुमो के नेता दिनेश विलियम मराण्डी को पार्टी की ओर से गुरुवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय ने कारण बताओ नोटिस जारी कर पार्टी के केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिनेश विलियम मराण्डी से पूछा है कि विभिन्न जनसंवाद माध्यमों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपके वक्तव्य से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पार्टी एवं गठबंधन के निर्णय के विरूद्ध आपके ओर से मुखरता से सार्वजनिक मंचों पर बोला जा रहा है। अपनी असहमती को पार्टी के उचित मंच पर न रखकर सार्वजनिक मंचों पर रखना गभीर अनुशासनहिनता की श्रेणी में आता है। उन्होंने पूछा कि किन परिस्थितियों में आपने पार्टी एवं गठबंधन के निर्णय के विरूद्ध सार्वजनिक मंचों पर वक्तव्य दिया। यदि आपके पक्ष में कोई उत्तर है तो पत्र प्राप्ती के समय से 24 घंटे के अन्दर अपना पक्ष लिखित रूप से केन्द्रीय कार्यालय को प्रेषित करें। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो आप पर अनुसाशनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

## भाजपा सहारा पीड़ितों के जले पर नमक-मिर्च छिड़क रही : झामुमो

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा गया है कि सहारा इंडिया के पीड़ितों के जले पर नमक-मिर्च छिड़कने का काम भाजपा ने किया है। झारखंड के डेढ़ करोड़ सहारा पीड़ित भाजपा की जुमलेबाजी से तंग आ चुके हैं। झारखंड जुमला नहीं, भाजपा से जवाब मांग रहा है। इस पर जवाब देना चाहिए। झामुमो की ओर से कहा गया है कि सहारा इंडिया से झारखंड के पीड़ित निवेशकों की लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय से लेकर राज्य के हर न्यायालय और सड़क से लेकर संसद तक झामुमो पूरी मजबूती से तब तक लड़ेगी, जब तक राज्य के एक-एक निवेशक का भुगतान न हो जाए। झामुमो हमेशा सहारा पीड़ितों के साथ रहेगा। झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि झारखंड में सहारा पीड़ितों की हर लड़ाई में हर कदम झामुमो साथ खड़ा रहेगा।

झा. मु. मो.

## झारखंड में लव और लैंड जिहाद चल रहा है : अनुराग ठाकुर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा नेता अनुराग ठाकुर और कर्नाटक के नेता प्रतिपक्ष स्वामी नारायण ने संयुक्त प्रेस वार्ता किया। मौके पर कहा कि झारखंड को भाजपा ने ही बनाया और भाजपा ही सवारेगी। वर्तमान सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड में लव और लैंड जिहाद चल रहा है। उन्होंने कहा कि जनकल्याण के बजाय जिहाद-कल्याण यहां पर चल रहा है। आदिवासी बहनों को बहला-फुसलाकर उनके अधिकार मारे जा रहे हैं। झारखंड की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस करती है। यहां जल, जंगल और जमीन का घोर भ्रष्टाचार हुआ है लेकिन सरकार इसे रोकने में नाकाम साबित हुई। झारखंड के युवाओं ने मन बना लिया है कि अब वे भाजपा के साथ चलेंगे। बीजेपी ने आगे सवाल किया कि हेमंत सोरेन ने कितनी नौकरियां दीं? रिकॉर्ड पेपर लीक का काम हुआ और स्वयं सरकार ने माना है कि 5 साल में मात्र 11,400 लोगों को ही नौकरी मिल पाई। कहा कि बेरोजगारी भत्ता भी नहीं दिया गया। महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50% आरक्षण देने की बात कही गई थी लेकिन 5% भी नहीं मिल पाया है। कांग्रेस की गारंटियां जिस तरह से फेल हुई है, उसी तरह से कांग्रेस झारखंड में फेल हुई। लव जिहाद से लेकर लैंड जिहाद यहां पर हुआ है। जनसंघ और जमीन के संतुलन को बिगाड़े का काम हुआ है। जनता इन्हें माफ नहीं करेगी। स्वामी नारायण ने बताया कि झारखंड में जनता को ठगी गयी है। उन्होंने कर्नाटक के कांग्रेस सरकार और कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जून खड़गे पर कई भ्रष्टाचार के आरोप लगाए।

## राहुल गांधी एक दिवसीय चुनावी दौरे पर आज आयेंगे झारखंड



**रांची।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एक दिवसीय चुनावी दौरे पर शुक्रवार को झारखंड आएंगे। इस संबंध में गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि अपने दौरे के दौरान राहुल गांधी दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इस क्रम में कांग्रेस की महगामा उम्मीदवार दीपिका पांडे सिंह के समर्थन में महगामा विधानसभा के बलवड्डा उच्च विद्यालय मेहरमा में 12:30 बजे पहली जनसभा तथा बेरमो उम्मीदवार कुमार जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के समर्थन में बेरमो विधानसभा के बेरमो प्रखंड के भंडारडीह मैदान में अपराह्न 3:15 से दूसरी जनसभा को संबोधित करेंगे।

# डबल इंजन की सरकार में भूख से मौत होती थी : कल्पना सोरेन

## हमने कोविड में भी किसी को भूख से मरने नहीं दिया

**▸ दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने हमारे इस झारखंड को बनाने में अपना पूरा जीवन व्यतीत कर दिया।**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गांडेय विधायक कल्पना सोरेन चंदनक्यारी में जेएमएम प्रत्याशी उमाशंकर रजक के पक्ष में वोट अपील करने पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस तरह दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने हमारे इस झारखंड को बनाने में अपना पूरा जीवन व्यतित कर दिया। हम झारखंडी अपने आपको कहते हैं। उस वक्त दादा भी (उमाकांत रजक) जेल में गये थे ये आपको भी पता होगा। हमारी महागठबंधन की सरकार अपने गरीबों का, गुरबा का, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, मजदूर की सरकार है। कोविड के समय हेमंत सोरेन ने अपने जान



की परवाह नहीं की थी। उस मुश्किल दौर में हमारे मजदूर भाईयों की को दूसरे शहरों से हेमंत सोरेन जी ही लाए थे। जो पहली ट्रेन और बस चली थी वह हमारे झारखंड वासियों के लिए चली थी। डबल इंजन की सरकार में जनता की भूख से मौत होती थी लेकिन कोरोना के समय आपके दादा ने किसी को भूख से मरने नहीं दिया था।

हेमंत सोरेन जी आपके लिए केंद्र सरकार से 1 लाख 36 हजार करोड़ मांग रहे हैं। वो पैसा आपका है। 18 से 20 वर्ष बीजेपी सत्ता में रही उस वक्त इनका कोई नेता नहीं था जो ये पैसा केंद्र से मांग सके। लेकिन ये आपका हक हेमंत सोरेन जी लेकर आएंगे और झारखंड को अव्वल बनाने का काम करेंगे। 5 साल में 2 साल कोविड में गया। 3 साल में 5 महीना जेल में हेमंत सोरेन जी को भेजा गया बिना किसी गलती का। 2 साल में हमने इतनी योजनाओं को चलाया जो अभी चल रहा है। आज चंदनक्यारी में बताईए कितनों का बिजली बिल माफ हुआ है। आज इस महंगाई के जमाने के जमाने में भी आपका बिजली बिल माफ हुआ है तो वो हेमंत सोरेन ने कराया है।

महागठबंधन की सरकार निडर होकर आपके साथ खड़े हैं। लेकिन ये जो बीजेपी के लोग हैं उनके साथ में कौन हैं।

## कांग्रेस प्रत्याशी का लगा था मतदान केंद्र के पास पोस्टर, केस दर्ज



**रांची।** हटिया विधानसभा क्षेत्र के डीएवी कपिलदेव स्कूल स्थित मतदान केंद्र के पास कांग्रेस प्रत्याशी अजयनाथ शाहदेव का पोस्टर लगा हुआ था। इसको लेकर दंडाधिकारी हेरेंज कुंदन ने कांग्रेस प्रत्याशी अजयनाथ शाहदेव के खिलाफ अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दंडाधिकारी की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि बुधवार को मतदान के दिन अजयनाथ शाहदेव का पोस्टर केंद्र के पास लगा हुआ था। यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

## डिस्पैच में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों को शो-कॉज

**▸ 113 संस्थानों के 273 पीठासीन पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों ने अपना योगदान नहीं दिया, जिन्हें शो-कॉज जारी किया गया है।**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में डिस्पैच के दिन बिना अनुमति अनुपस्थित रहने वाले 113 संस्थानों के 273 पीठासीन पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने शो-कॉज जारी किया गया है। 12 नवम्बर को 273 पीठासीन पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों की बिना अनुमति अनुपस्थिति को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पोलिंग पार्टियों के डिस्पैच के दिन अनुपस्थित रहने वाले पीठासीन पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों द्वारा स्वीकार्य योग्य स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में इनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। अपने कर्तव्य से अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित रहने वाले पीठासीन पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों को शुक्रवार के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक स्पष्टीकरण समर्पित करने का आदेश दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरूण रंजन ने बताया कि विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण को सम्पन्न कराने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न संस्थान में सेवारत पदाधिकारी व कर्मचारी की नियुक्ति पीठासीन व मतदान पदाधिकारी के रुप में दायित्व निर्वहन के लिए की गयी थी। निर्गत नियुक्ति पत्र पर सभी पीठासीन पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों को स्पष्ट निदेश दिया गया था कि वे 12 नवम्बर को प्रातः 06:00 बजे अपना योगदान बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में आवंटित विधानसभा में देना सुनिश्चित करेंगे, लेकिन 113 संस्थानों के 273 पीठासीन पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों ने अपना योगदान नहीं दिया, जिन्हें शो-कॉज जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि रोहिणी प्रोजेक्ट रोहिणी कोलियरी एनके एरिया से अनुपस्थित-16, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जोनल ऑफिस से अनुपस्थित-09, बैंक ऑफ इंडिया जोनल ऑफिस से अनुपस्थित-11, सीसीएल एनके एरिया, डकरा खलारी रांची से अनुपस्थित- 17 तथा एग्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर सेल से अनुपस्थित-10 पीठासीन पदाधिकारी व मतदान कर्मी अनुपस्थित रहे।

## रक्षा राज्य मंत्री, भाजपा प्रत्याशी समेत 50 पर आदर्श आचार संहिता का केस दर्ज



संजय सेठ सीपी सिंह

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह समेत 50 नेताओं पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगा है। इस संबंध में दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त ग्रामीण विकास विभाग के सहायक अभियंता जय प्रकाश सिंह ने चुटिया थाने में रक्षा राज्य मंत्री, भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह समेत 50 नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। सहायक अभियंता दिए गए आवेदन में कहा गया है कि 11 नवंबर को चुटिया के गोसाई टोली और कृष्णापुरी रोड नंबर-10 में प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद भाजपा प्रत्याशी के द्वारा बैठक की गई थी। इसमें रांची विधानसभा सीट के प्रत्याशी सीपी सिंह के पक्ष में लोगों से वोट अपील की गई थी। इसका वीडियो प्राप्त होने के बाद जांच की गई। जांच में आरोप सही पाया गया। इसके बाद सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

## रांची जिले की विस सीटों की मतगणना सात हॉल में 138 टेबल पर होगी

**रांची।** रांची जिले की विधानसभा सीटों के चुनाव की मतगणना की व्यवस्था अंतिम चरण में है। जिन सीटों पर मत पड़े चुके हैं, वहां की ईवीएम कृषि बाजार समिति परिसर पंडरा के वज्रगृह में पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखी गई हैं। मतों की गिनती सात हॉल में कुल 138 टेबल पर की जाएगी। इसके लिए विधानसभावार अलग-अलग हॉल की गई व्यवस्था है। अधिकतम 23 और न्यूनतम 18 राउंड में वोटों की गिनती की जाएगी। सभी विधानसभा सीटों के मतों की अलग-अलग गिनती होगी। जिस विधानसभा का राउंड सबसे कम होगा, वहां का परिणाम पहले आएगा। इसके अनुसार सिल्ली विधानसभा का परिणाम सबसे पहले आएगा। सिल्ली में 279 मतदान केंद्रों के वोटों की गिनती 16 टेबलों पर 18 राउंड में पूरी कर ली जाएगी। यहां आखिरी राउंड में सिर्फ सात टेबलों पर ही गिनती होगी। हटिया विधानसभा का परिणाम आने में सबसे अधिक समय लगेगा। यहां 496 बूथों पर पड़े वोटों की गिनती के लिए 22 टेबल लगाए जाएंगे। इसकी 23 राउंड में गिनती पूरी होगी।

## झारखंड की स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण : डॉ. सूरज मंडल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व सांसद डॉ. सूरज मंडल ने कहा है कि झारखंड की वर्तमान सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति बहुत अधिक दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के जो भी सपने देखे गये थे वे सभी कहीं बिखर चुके हैं। लेकिन इस प्रदेश की युवावस्था में आज नये संकल्प के साथ आगे बढ़ने और अपने पांव के नीचे की जमीन को मजबूत करने की जरूरत है। डॉ मंडल ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा और एनई होरो जैसे झारखण्ड के सपूतों के प्रयासों के बाद भी जब झारखण्ड राज्य नहीं बना तो इस प्रदेश के मूलवासी और अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी समुदाय) के लोग इस आंदोलन में बहुत सक्रियता के साथ जुड़े। उन्होंने कहा कि मंडल, मांझी और कुर्मी



समुदाय सहित सभी ओबीसी वर्ग ने अलग झारखण्ड की लड़ाई लड़ी तब जाकर अलग प्रदेश का गठन किया गया। डॉ मंडल ने कहा कि 24 साल गुजर गये और आज बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और निराशाजनक स्थिति है क्योंकि अच्छे-से-अच्छे निराशावादी ने यह कल्पना नहीं की होगी कि 24 साल के बाद झारखण्ड की जमीनी स्थिति ऐसी होगी और लोग खुशी के बजाय आंसू में डूबे होंगे।

## रांची विस सीट में कम वोटिंग के लोगों ने बताये तीन कारण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की राजधानी रांची में बीते बुधवार को हुए वोटिंग में मतदान का प्रतिशत कम रहा। इससे राजधानी वासियों ने ये साबित कर दिया कि रांची भी मेट्रो सिटी की राह पर है। चुनाव प्रचार के लिए निर्वाचन आयोग ने करोड़ो रुपए खर्च किए, लेकिन इससे कोई फायदा नहीं हुआ। 13 नवंबर को झारखंड विधानसभा के पहले फेज की वोटिंग हुई। 43 सीटों पर हुई वोटिंग में रांची विधानसभा सीट सब में सबसे कम 51 प्रतिशत वोट पड़े। वोट प्रतिशत कम होने के बारे में जब राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने पड़ताल किया तो जनता का ओपिनियन तीन तरह का आया। पहला ओपिनिय न था कि



वोटिंग कुछ दिन पहले छठ था, जो लोग बिहार के रहने वाले थे वे छठ में घर गए हुए थे। वोटिंग के दिन लौट नहीं पाए। दूसरा कारण यह बताया कि प्राइवेट सेक्टर में नौकरी करने वाले लोगों को छुट्टी मिली तो वे अपने अपने परिवार के साथ धूमने चले गए। तीसरा कारण जो लोगों ने बताया कि लाइन में खड़ा होकर वोट देने से अच्छा है कि घर पर ही आराम करें। इसके अलावे अन्य लोगो के अलग-अलग ओपिनियन थे।

# झारखंड से लाल सलाम वालों को धक्का देकर बाहर करना है : सीएम योगी

**▸ झारखंड को लव और लैंड जिहाद का अड्डा बना दिया है।**

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद/बोकारो**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को झारखंड में तीसरे दिन चुनावी रण में पहुंचे। उन्होंने 15 नवंबर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन जयंती और झारखंड के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। सत्तारुढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के साथ ही कांग्रेस, राजद और वामपंथी उनके निशाने पर रहे। सीएम योगी ने कहा कि पहले चरण के मतदान का रुझान बता रहा कि झारखंड को लूटने वाले झामुमो, कांग्रेस और राजद सत्ता से बेदखल होने जा रहे हैं और भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। कांग्रेस, कम्युनिस्ट, झामुमो व राजद वाले यहां दिखावा करते हैं और रांची में एक ही थाली में खाकर लूट-खसोट करते हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को निरसा विधानसभा से प्रत्याशी अपर्णा सेनगुप्ता, सिंदरी से तारा देवी,



बोकारो से बिरंची नारायण, चंदनक्यारी से अमर कुमार बाउरी और बेरमो से रविंद्र कुमार पांडेय, गोमिया से लंबोदर महतो के लिए जनसभा कर जिताने की अपील की। सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने 15 नवंबर 2000 को झारखंड का निर्माण किया था। उनका सपना था कि झारखंड विकास करेगा तो भारत भी विकास करेगा, लेकिन झारखंड को और भी बदतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जब झारखंड का निर्माण हो रहा था, तब कांग्रेस और राजद विरोध कर रही थी। झामुमो की गोद में बैठकर दोनों पार्टियां झारखंड को गुमराह कर रही हैं। एक तरफ यह लूट रहे हैं तो दूसरी तरफ लुटेरों के सरदार वामपंथियों को सिर पर उठाकर झारखंड को नक्सलवाद का गढ़ बनाने की तरफ उतारू हैं। इन्हें पनपने नहीं देना है। उन्होंने कहा कि धनबाद कोयले की राजधानी भी कही जाती है। यहां का कोयला मजदूर वामपंथियों की ब्लैकमेलिंग का शिकार हो रहा है। वामपंथी संघर्ष का नारा लगवाएंगे, हड़ताल करवाते हैं, फिर ब्लैकमेल करके माल कमाते हैं। मजदूर वहीं का वहीं रह जाता है और लाल सलाम वाले मालामाल बन जाते हैं। कोई बैरियर बनता है तो यह लोग उसकी निर्मम हत्या भी करते हैं। सभी जानते हैं कि भाजपा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के पति के साथ क्या हुआ था। लाल सलाम वालों को धक्का देकर बाहर करना है। सीएम योगी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राशन भेजते हैं, लेकिन यहां झामुमो, कांग्रेसी, राजद और कम्युनिस्ट खा जाते हैं। जब केंद्र में कांग्रेस सरकार थी तो झारखंड का जवान रोज शहीद होता था। यह लोग जवानों से कहते थे कि जब दुश्मन गोली चलाएगा, तब गोली चलाना। लेकिन, नया भारत घुसपैठ करने वाले आतंकियों का काम तमाम कर उसकी जहन्नुम की यात्रा निकाल देता है। आतंकियों का हाल देख आका पाकिस्तान भी कांप जाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड को लव और लैंड जिहाद का अड्डा बना दिया है। दूसरी, तीसरी, चौथी शादी कराकर जनजाति बेटियों को बहकाकर जमीन पर कब्जा कर लिया जाता है। झामुमो, राजद और कांग्रेस वाले रोटी, माटी व बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने आए हैं। लव जिहाद व लैंड जिहाद के माध्यम से बांग्लादेशी घुसपैठियों व रोहिंग्या मुसलमानों को घुसाकर यहां के अस्तित्व से खिलवाड़ करना चाहते हैं। यह बेटी की इज्जत से खिलवाड़ करेंगे, रोजगार पर डाका डालकर रोटी की समस्या खड़ी करेंगे। इसे केवल भाजपा ही रोकेगी।

# पृष्ठ एक के शेष

**दूसरे चरण में...**

नारा है, 'बंटोगे तो कटोगे।' जबकि, हमारा नारा है, 'लोगों को जोड़ना है।' कांग्रेस और हमारे गठबंधन के नेता हमेशा लोगों को जोड़ने में विश्वास रखते हैं।

"कांग्रेस झारखंड के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर कह रहे हैं कि हम घुसपैठियों को 450 रुपए में सिलेंडर देंगे। जेएमएम, कांग्रेस वाले असल में घुसपैठियों के संरक्षक हैं। ये लोग घुसपैठियों के अवैध कागजात बनाते हैं। सोचिए, ये लोग झारखंड को कहां ले जाना चाहते हैं?" हम अगर अभी सावधान नहीं हुए तो ये लोग पूरे झारखंड में संताल माडल लागू करें देंगे।

**शिवराज सिंह चौहान, चुनाव प्रभारी भाजपा झारखंड**

**भाजपा आदिवासी मूलवासी को...**

बिजली का बिल भरना हो, यहां के लोगों को उधारी लेने की नौबत पड़ जाती है। समय पर बिजली बिल जमा नहीं करने पर केस दर्ज हो जाता है, फिर कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाना मजबूरी बन जाती है। बच्चों का फीस जमा नहीं करने पर नाम कट जाता है, असाध्य रोग होने पर मरने के सिवाय कुछ उपाय नहीं रह जाता है। हमारी सरकार ने सारा बिजली माफ करा दिया ऐसा उपाय कर दिया कि अब महीने का बिल ही नहीं आने वाला है। बच्चों की शिक्षा के लिए सीएम उत्कृष्ट विद्यालय बनवाया गया। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की व्यवस्था कराई गई है। जिससे गरीबों की स्थिति में सुधार हो सके। झारखंड की जनता को आज हम यह आश्वासन देते हैं कि 24 घंटे बिजली आप जलाएं। लेकिन आपके घर का बिजली बिल ही नहीं आएगा। यह बात आप पूछना भारतीय जनता पार्टी के लोगों से कि बीस साल तक राज किया तुमने, लेकिन इस राज्य के गरीब जनता के लिए एक भी ऐसा काम क्यों नहीं किया।

**हेमंत सरकार का ध्यान...**

जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास व्यक्त करते हुए भाजपा के पक्ष में भारी मतदान किया है। जिससे तय हो गया कि झारखंड में अगली सरकार एनडीए की ही बनने जा रही है। झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठाते हुए शाह ने कहा कि हेमंत सरकार का ध्यान यहां घुसपैठियों को बसाने पर है। ये घुसपैठियां झारखंड में आते हैं और झारखंडी बेटियों से शादी करके उनकी जमीन हड़प लेते हैं। आप बीजेपी की सरकार बनाइए, यहां सिर्फ घुसपैठिए ही नहीं बल्कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। मैं घुसपैठियों से कहना चाहता हूं कि हेमंत सरकार का समय खत्म हो गया है और आपका भी। हम एक-एक करके सभी घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे। उन्होंने जनता से इस बार झारखंड में भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए की सरकार बनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे झारखंड का चौतरफा विकास होगा और लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी गठबंधन झारखंड को एटीएम का जरिया मानते हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन और साथी दल झारखंड को समृद्ध प्रदेश बनाना चाहते हैं।

**घुसपैठियों और रोहिंग्या के...**

सरकार को बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या का संरक्षक करार दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड की बेटी, रोटी और माटी की सुरक्षा में सेंध लगाने के लिए ये लोग रोहिंग्या मुसलमानों को घुसाने में लगे हैं। हमें घुसपैठ नहीं होने देनी है। ये बेटियों के साथ खिलवाड़ करेंगे, आपकी रोटी पर कब्जा करेंगे। यह कतई नहीं होने देना है। इसे भाजपा ही रोकेगी। झारखंड में बुधवार को पहले चरण का मतदान हुआ और रुझान बताता है कि पूर्ण बहुमत से भाजपा सरकार आएगी। झारखंड ने तय कर लिया है कि राज्य को लूटने वाले कांग्रेस-झामुमो और राजद को सत्ता से बेदखल करके रहना है। उन्होंने कहा कि जब झारखंड का निर्माण हो रहा था तो मैं गोरखपुर से सांसद था। संसद में चर्चा के दौरान कांग्रेस और राजद झारखंड बनाने का विरोध कर रहे थे। आज कांग्रेस और राजद दोनों झामुमो की गोद में बैठकर झारखंड को गुमराह करने का काम कर रहे हैं।

**अंधविश्वास के कारण मां ने...**

रोगंटे खड़े हो गए हैं।

**बच्ची का कलेजा निकाला हुआ था :** इस मामले को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर विनेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने जब बच्ची का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा तब उसका कलेजा निकाला हुआ था। पोस्टमार्टम के बाद जब्त विसरा को सुरक्षित रख लिया गया है। लोगों में चर्चा है कि डायन मां ने अपने ही बच्ची कि हत्या कर उसके कलेजा को खा लिया, ताकि उसका तांत्रिक सिद्धि प्राप्त हो सकें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करेगा डोमिनिका



**नई दिल्ली।** डोमिनिका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करेगा। कोविड-19 महामारी के दौरान कैरेबियाई द्वीप राष्ट्र की मदद और दोनों देशों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के प्रति समर्पण के लिए पीएम मोदी को यह सम्मान दिया जाएगा। डोमिनिका के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन भारत-कैरिबियन समुदाय (कैरिकॉम) शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी को डोमिनिका सम्मान से सम्मानित करेंगी। डोमिनिका के पीएम ऑफिस के आधिकारिक बयान में कहा गया, फरवरी 2021 में, प्रधानमंत्री मोदी ने डोमिनिका को एस्ट्राजेनेका कोविड-19 वैक्सीन की 70,000 खुराकें उपलब्ध कराईं। एक उदार उपहार जिसने डोमिनिका को अपने कैरेबियाई पड़ोसियों को सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाया।

## रूस में उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती पर अपनी चिंता जिनपिंग से साझा करेंगे बाइडेन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन इस सप्ताह पेरू में एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ होने वाली वार्ता में रूस में उत्तर कोरिया की सेना की तैनाती पर चिंता व्यक्त कर सकते हैं। यह जानकारी अमेरिकी प्रशासन के अधिकारी ने दी। बाइडेन और शी शनिवार को लीमा में मुलाकात करने वाले हैं। यह जो बाइडेन की राष्ट्रपति के रूप में अंतिम इन-पर्सन समिट हो सकती है। बता दें कि यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब सियोल और वाशिंगटन दोनों ने इस बात का दावा कर रहे हैं कि रूस के पश्चिमी सीमावर्ती कुर्स्क क्षेत्र में तैनात उत्तर कोरियाई सैनिकों ने यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ाई शुरू कर दी है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, उन्हें रूसी वर्दी और उपकरण प्रदान किए गए हैं क्योंकि रूस ने उन्हें तोपखाने, मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) और बुनियादी पैदल सेना संचालन में प्रशिक्षित किया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने उत्तर कोरियाई सैनिकों के समक्ष चुनौतियों की भी जिक्र किया। इसमें उन्होंने आपसी संचालन, भाषा संबंधी दिक्कतें, तथा कमान एवं नियंत्रण और संचार जैसे मुद्दों को बताया।

# 10 वर्षों से ओबीसी समाज का प्रधानमंत्री इन्हें बर्दाश्त ही नहीं हो रहा है : पीएम मोदी

## इंडी गठबंधन एससी-एसटी-ओबीसी को तोड़ने में जुटा है

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र व झारखंड विधान सभा चुनाव के मद्देनजर पीएम नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इन दिनों इंटरनेट पर पुराने अखबारों की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। आरक्षण को लेकर कांग्रेस की असली सोच क्या है, वो उन विज्ञापनों में साफ दिख रहा है। कांग्रेस, आरक्षण को देश के खिलाफ और मेरिट के खिलाफ बताती थी। कांग्रेस की मानसिकता और कांग्रेस का एजेंडा अभी भी वही है। इसलिए पिछले 10 वर्षों से ओबीसी समाज का प्रधानमंत्री इन्हें बर्दाश्त ही नहीं हो रहा है। लेकिन मोदी के इस कहे की काट में कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों के नेताओं का कहना है कि ओबीसी में सबसे ज्यादा जनसंख्या यादवों की हैं। वैश्य जाति तो कई राज्यों में अगड़ी जाति में है। और यदि ओबीसी में भी जिस जाति घांची तेली वैश्य से पीएम मोदी हैं , उनकी जनसंख्या अन्य वैश्य जाति से कम है। ऐसे में क्यों एक जाति विशेष वर्ग का ही कोई पीएम बने रहना चाहिए। किसी और जाति का क्यों नहीं होना चाहिए? यदि भाजपा की जननी को लगता है कि केंद्र में भाजपा सरकार में पीएम के पद लायक और कोई है ही नहीं, तो यह संघ की सोच हो सकती है। इससे इतर कई सामाजिक संगठनों के लोग व आम लोग भी अब खुल कर कहने लगे हैं कि यदि भाजपा नीत सरकार में और विपक्ष में भी बातचीत करके पता किया जाए तो इस पद के लिए सबसे स्वीकार्य कोई व्यक्ति है तो वह हैं नितिन गडकरी। वह ना तो घमंडी हैं, ना इवेंट मैनेजर हैं, नाही पंप व शो तथा फू - फा वाले नेता हैं। वह सबसे बेहतर व सुलझे हुए प्रधानमंत्री साबित हो सकते हैं।



लोग कहते हैं कि मोदी अपने भाषण में कहते हैं- कांग्रेस के शहजादे विदेश में जाकर खुलेआम बयान देते हैं कि वो आरक्षण को खत्म कर देंगे। अब अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए कांग्रेस और अघाड़ी वाले,एस,एसटी व ओबीसी समाज को छोटी छोटी जातियों में बांटने का षड्यंत्र रच रहे हैं। मोदी के इस कहे के जवाब में कई कांग्रेस नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी यह कत्तई नहीं कह रहे हैं कि आरक्षण ख़त्म कर देंगे। वह तो यह कह रहे हैं कि जिसने भी आरक्षण का लाभ लेकर कई पीढ़ी से मालामाल हो गये हैं, हर तरह से संपन्न हो गए हैं, आर्थिक आधार पर अब उनको आरक्षण का लाभ नहीं दे , उन्हीं की जाति में जो गरीब हैं उनको आरक्षण दिया जाए। इसे कोटा के अंदर सब कोटा बनाकर लाभ दिया जाए। जो कि सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है। ताकि ज्यादा लाभ उस जाति के ही गरीब लोगों को मिले। ऐसे में आरक्षण कहाँ ख़त्म हो रहा है? लेकिन पीएम यह नहीं कह इससे अलग कुछ और ही बता रहे हैं , अपने भाषण में कह रहे हैं कि यदि कांग्रेस को सरकार में आने का मौका मिला, तो वो एससी,एसटी,ओबीसी का आरक्षण रोक देंगे। इसलिए एससी,एसटी, ओबीसी को इन साजिशों का शिकार रहना है। मोदी कह रहे हैं - हमें जागरूक रहकर एकता को बल देना है, एकता की ताकत को बढ़ाता है। इसलिए हमें याद रखना है। हम एक हैं तो सेफ हैं।

# जामिया मिलिया इस्लामिया में हिन्दू हो रहे उत्पीड़न के शिकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कॉल फॉर जस्टिस की ओर से जामिया मिलिया इस्लामिया में कथित धर्म परिवर्तन के मामलों पर बनी तथ्यान्वेषण समिति ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट सार्वजनिक की। रिपोर्ट में जामिया मिलिया इस्लामिया में हिंदू और खासकर एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों और फैकल्टी मेंबर के साथ दुर्व्यवहार, धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने और ऐसा न करने पर उत्पीड़न का सामना करने की बात कही गई है। रिपोर्ट को आगे गृह मंत्रालय को भेजा जाएगा । गुरुवार को एक पत्रकार वार्ता में समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एसएन ढींगरा (सेवानिवृत्त) ने 100 पेजों की रिपोर्ट सार्वजनिक की और इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि धर्म विशेष को बढ़ावा देने और जबरन धर्म परिवर्तन कराने की शिकायतों पर 6 सदस्यों की समिति बनाई गई थी। समिति ने पिछले दो दशक के दौरान हुए भेदभाव और उत्पीड़न के शिकार बने 23 लोगों से बातचीत और उनकी ओर से पेश सबूतों के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। उन्होंने कहा है कि पिछले दो दशक के दौरान जामिया में हिंदू छात्रों, फैकल्टी मेंबर और अन्य स्टाफ के उत्पीड़न के चलते इनकी संख्या में काफी कमी आई है।



### कम्युनिटी रेडियो प्रोग्राम में वंदे मातरम प्ले करने पर उत्पीड़न

दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त एसएन श्रीवास्तव भी समिति के सदस्य हैं। उनका कहना है कि जांच के दौरान बहुत से लोगों ने अपनी पहचान छिपाने का आग्रह किया है। उनकी पहचान को रिपोर्ट में उजागर नहीं किया गया। उन्हें डर था कि नाम उजागर होने पर उनके साथ भी उत्पीड़नात्मक कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि एक फैकल्टी मेंबर को इसलिए उत्पीड़न का शिकार होना पड़ा कि उन्होंने कम्युनिटी रेडियो प्रोग्राम में वंदे मातरम प्ले किया था।

## वक्फ संपत्तियों का उपयोग शिक्षा स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के लिए किया जाएगा : किरेन रिजिजू



एजेंसी

**नई दिल्ली।** 'वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024' को लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों के विरोध के बीच केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक बार फिर से सरकार के सकारात्मक एजेंडे को सामने रखते हुए दावा किया है कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के लिए किया जाएगा, जो मुस्लिम समुदाय को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किरेन रिजिजू ने दिल्ली स्थित अपने आवास पर 'वक्फ बिल 2024 : रिस्पेक्ट टू इस्लाम एंड गिफ्ट फॉर मुस्लिम्स' नामक किताब का विमोचन करने के बाद मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की भी जमकर तारीफ की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह संगठन मुस्लिम समुदाय को समाज में न्याय, समानता और विकास के साथ जोड़े रखने और वक्फ मुद्दों पर जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मंच का यह प्रयास अल्पसंख्यक कल्याण का नया अध्याय शुरू करेगा।

किताब के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह किताब वक्फ प्रणाली के सुधार और मुस्लिम समाज के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह किताब न केवल वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन के लिए एक मार्गदर्शक साबित होगी, बल्कि यह मुस्लिम समाज के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए एक उपहार के रूप में कार्य करेगी। इससे वक्फ को लेकर जागरूकता बढ़ेगी और वक्फ प्रणाली में सुधार के लिए आवश्यक कदम भी उठाए जाएंगे। बता दें कि वक्फ बोर्ड की वर्तमान व्यवस्था में बदलाव के लिए मुस्लिम समाज के बीच जागरूकता फैलाने के मकसद से मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने मिलकर यह किताब लिखी है, जिसमें महिला मुस्लिम बुद्धिजीवी, मुस्लिम एडवोकेट, वक्फ मामलों के जानकार और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच से जुड़े अहम नेता शामिल हैं।

## हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में डोनाल्ड ट्रंप को बहुमत

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** रिपब्लिकन पार्टी ने प्रतिनिधि सभा में 218 का आंकड़ा पार कर लिया है, जिसके बाद उसका अमेरिकी संसद के दोनों सदनों - कांग्रेस और व्हाइट हाउस- पर नियंत्रण हो गया है। 5 नवंबर को हुए चुनाव में वोटों की गिनती जारी है और सभी सीटों के लिए नतीजों की आधिकारिक घोषणा में कुछ सप्ताह बाकी हैं, लेकिन तीन टीवी चैनलों ने अपने विश्लेषण के आधार पर घोषणा की है कि पार्टी ने 435 सदस्यीय सदन में आधे से अधिक सीटें जीत ली हैं। छह नतीजे लंबित हैं और सीबीएस ने कहा कि पार्टी कम से कम तीन और सीटें जीत सकती है, जिससे मौजूदा आंकड़ा 221 तक पहुंच जाएगा। इससे पहले, मीडिया ने घोषणा की थी कि रिपब्लिकन ने डेमोक्रेट्स भी सीनेट छीन लिया। फिलहाल सीनेट में रिपब्लिकन की 53 सीटें जो कि बहुमत से अधिक हैं। वहीं डोनाल्ड ट्रंप ने 538 इलेक्टोरल कॉलेज वोटों में से 312 के साथ-साथ अधिकांश लोकप्रिय वोटों के साथ राष्ट्रपति चुनाव जीता। कांग्रेस के दोनों सदनों पर नियंत्रण होने से ट्रंप को कानून और बजट के माध्यम से आगे बढ़ने में बढ़त मिलेगी, हालांकि सदन में मामूली बढ़त कभी-कभी उन्हें रोक सकती है।



## बाढ़ प्रभावित नाइजीरिया की मदद के लिए आगे आया भारत, 15 टन सहायता भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को नाइजीरिया को 15 टन मानवीय सहायता भेजी। पश्चिमी अफ्रीकी देश में विनाशकारी बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। बाढ़ की वजह से सैकड़ों लोगों की मौत हो गई है। नई दिल्ली ने इसके अलावा अफ्रीकी राष्ट्र को 60 टन अतिरिक्त सहायता देने की भी घोषणा की। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक्स पर एक पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है।



## एजुकेशन/करियर

फोरेंसिक साइंस विज्ञान का एक इंटरडिसिप्लिनरी क्षेत्र है, जो सभी विज्ञान विषयों यानी रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिकी और गणित से मिलकर बना है। फॉरेंसिक साइंस की सहायता से वैज्ञानिक सिद्धांतों को उपयोग करके अपराधों में मिले सबूतों की जांच-पड़ताल करते हैं।

फोरेंसिक साइंटिस्ट को कानून और अपराध-निवारक के संयोजक डोमेन में काम करते हैं। मॉडर्न न्यायपालिका सिस्टम, फॉरेंसिक साइंटिस्ट की विशेषज्ञता और क्षमताओं पर काफी हद तक निर्भर करता है। इस काम में आपका कुशल, निष्पक्ष और सटीक होना सबसे महत्वपूर्ण है।

# 12वीं के बाद फोरेंसिक साइंस की पढ़ाई देता है करियर का ऑप्शन

### फोरेंसिक साइंस विषय

*फोरेंसिक साइंसेस के विषयों में फोरेंसिक पैथोलॉजी, साइकियाट्री, साइकॉलॉजी, पैथोलॉजी, ओडोन्टोलॉजी, फोरेंसिक मेडिसीन आदि शामिल हैं। नीचे फोरेंसिक साइंस विषयों की पूर्ण लिस्ट दी गई है-*

- अपराध और इन्वेस्टिगेशन तकनीक
- डीएनए आइसोलेशन
- फोरेंसिक बॉलिस्टिक्स
- संदिग्ध दस्तावेज
- डीएनए प्रोफाइलिंग
- फोरेंसिक बॉयोलॉजी
- फोरेंसिक फोटोग्राफी
- फोरेंसिक मनोविज्ञान
- फोरेंसिक विष विज्ञान
- फोरेंसिक भौतिकी
- साइबर फोरेंसिक एंड लॉ
- एनालिटिकल केमिस्ट्री



### करियर स्कोप

*12वीं के बाद फॉरेंसिक साइंस कोर्स करने पर आप विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद आपके लिए पुलिस और इन्वेस्टिगेशन विभागों में काम के द्वार खुल जाते हैं या फिर आप रिसर्च में अपना करियर बना सकते हैं। यहां फॉरेंसिक साइंस स्नातकों के लिए कुछ टॉप करियर की सूची दी गई है:*

- फोरेंसिक साइंटिस्ट
- फोरेंसिक इंजीनियर
- क्राइम रिपोर्टर
- लिखावट विशेषज्ञ
- फोरेंसिक एक्सपर्ट
- कानूनी काउंसलर
- जांच अधिकारी
- रिसर्चर
- अपराध दृश्य इन्वेस्टिगेटर
- कानूनी सलाहकार

### स्पेशलाइजेशन

- फोरेंसिक सीरोलॉजी
- फोरेंसिक रसायन
- फोरेंसिक बॉयोलॉजी
- फोरेंसिक बैलिस्टिक
- फोरेंसिक वनस्पति विज्ञान
- फोरेंसिक एंटोमोलॉजी
- फोरेंसिक विष विज्ञान

